फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 182 प्रभात जयपुर, मंगलवार 1 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT TODAY

**'The Mentor of Change'** Maharao Brijraj Singhji's sagacity combined with his experience, provided him the ability to take objective long-term views & build institutions.

**Exciting Polo Season In Pink City**



**Delete Yourself from the Internet**



*एक शोध में सामने आया है कि पृथ्वी पर मौजूद ''अंतिम'' जंगली घोड़े विशुद्ध जंगली नहीं हैं। मंगोलिया में मिलने वाले शिवाल्स्की घोड़े, जिन्हें अब तक जंगली घोड़ों की आखिरी बची हुई प्रजाति माना जाता था, असल में जंगली नहीं हैं बल्कि भाग कर जंगल में आए पालतू घोड़ों के वंशज हैं। इसका अर्थ है कि जंगली घोड़े पूरी तरह से लुप्त हो चुके हैं। इस रिसर्च ने पालतू घोड़ों के उद्गम के रहस्य को उलट कर रख दिया है। वर्तमान में मंगोलिया में 2000 शिवाल्स्की घोड़े हैं। फ्रैंच नैशनल सैंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के मॉलिक्यूलर आर्कियोलॉजिस्ट, प्रोफेसर लुडोविक ऑरलैण्डो ने कहा कि ''हमारे नतीजों ने घोड़ों के उद्गम में वर्तमान सिद्धांतों को पलट दिया है। नए शोध का दावा है कि शिवाल्स्की घोड़े, जिन्हें 20 वीं सदी में लुप्त होने से बचाया गया था, असल में उन घोड़ों के वंशज हैं जिन्हें साढ़े पांच हजार साल पहले उत्तरी कज़ाकस्तान में रहने वाले बोताई संस्कृति के लोगों ने पालतू बना लिया था। रिसर्च में सामने आया कि बोताई संस्कृति में घोड़ों को पालतू बनाने के सबसे पुराने प्रमाण मिलते हैं। युनिवर्सिटी ऑफ कैन्सस की सैन्ड्रा ओल्सन, जो इस शोध में शामिल हैं, ने कहा कि ''वास्तविक जंगली घोड़े हजारों साल पहले तो नहीं, लेकिन कुछ साल पहले अवश्य ही लुप्त हो गए थे। पर हमें यह सत्य अभी पता चला है।'' शोधकताओं ने बताया कि बोताई आदिवासियों द्वारा पालतू बनाए गए कुछ घोड़े जंगल में भाग गए थे और यही शिवाल्स्की घोड़े थे। इंसान और घोड़ों का संबंध सैकड़ों साल पुराना है और घोड़ों को पालतू बनाना एक महत्वपूर्ण खोज थी। पांच सौ साल पुराने ताम्र युग से लेकर स्टीम इंजन की शुरुआत तक घुड़सवारी ही यातायात का सबसे तेज रफ्तार जरिया थी। मोटर कार आने के बाद यातायात के लिए घोड़ों का इस्तेमाल कम हुआ। इंसान की गतिशीलता, व्यापार और युद्ध कौशल में घोड़े से ही नई क्रांति आई थी।*

# इकोनॉमिक सर्वे इस बार रहस्यमय उलझन है, जो पहेली के लिहाफ में लिपटी है

## केन्द्रीय सरकार की रैवेन्यु (आमदनी) में, उदाहरण के लिये, अप्रेल-नवम्बर में 67.2 प्रतिशत ग्रोथ हुई, जबकि 2020-21 के बजट में केवल 9.6 प्रतिशत ग्रोथ की आशा की गयी थी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। संसद में आज पेश किए गए आर्थिक सर्वे के बारे में कहा जा रहा है कि, यह रहस्य में लिपटी एक पहेली है।

सर्वे, अर्थव्यवस्था की एक उत्साहित तस्वीर पेश करता है और अच्छे टैक्स कलैक्शन की शोखी बघारता है, लेकिन जिन सैक्टर्स से टैक्स का अधिकांश कलैक्शन हुआ है, उनमें बस महामारी पूर्व के स्तर की ही रिकवरी बनी हुई है।

इण्डस्ट्रियल सैक्टर में गत वर्ष अप्रैल और नवम्बर माह के दौरान 17 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान किया गया है, लेकिन इसमें उसके पहले वाले साल में रहे 15 प्रतिशत से अधिक के संकुचलन की ही भरपायी हुई।

- **दूसरी ओर टैक्स कलैक्शन में जिनका अधिकांश योगदान होता है, वो सैक्टर अभी तो केवल प्री-पैन्डैमिक स्टेज (महामारी से पहले की स्थिति) तक पहुंचे ही हैं।**
- **अतः अहम् सवाल है, इकॉनमी में यह ग्रोथ कहां से आयी?**
- **सरकार की ओर से मुख्य इकोनॉमिक सलाहकार, संदीप सन्याल ने इस सवाल के जवाब में कहा, ''भारत की इकॉनमी पर ''रिकवरी'' (उछाल) का कारण है, जिस रचनात्मक व तत्परता से सराकर ने महामारी पर नियंत्रण पाने के लिये कदम उठाये।**
- **पर जानकार लोगों का कहना है, देश के उद्यमी, उद्योगपतियों की बेसिक ''एनिमल स्पिरिट'' है, जिसने इकॉनमी को खड्डे में धंसने से रोका, अतः आगामी बजट में ऐसे निर्णय और प्रयास दिखने चाहिये कि, सरकार इस ''एनिमल स्पिरिट'' को मजबूती प्रदान करे, कमजोर न करे।**
- **इस ''एनिमल स्पिरिट'' का प्रतीक हैं ''स्टार्टअप''। भारत अभी ''स्टार्टअप्स'' की दृष्टि से दुनिया में तीसरे नम्बर पर है, चीन व अमेरिका के बाद।**

इण्डस्ट्रियल सैक्टर जी.डी.पी. का 28 प्रतिशत और सर्विस सैक्टर का 53 प्रतिशत है, अतः इनका संयुक्त प्रभाव काफी महत्वपूर्ण है। सर्विस सैक्टर वैश्विक महामारी से सर्वाधिक जो प्रभावित हुआ है, खासतौर पर वो खण्ड जो मानव सम्पर्क पर निर्भर हैं।

इस सैक्टर में पिछले वर्ष रहे 8.4 प्रतिशत के संकुचलन की तुलना में इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बघेल को अखिलेश यादव के खिलाफ खड़ा करेगी भाजपा

## बघेल, कभी सपा में होते थे पर, फिर भाजपा में आ गये और अखिलेश की पत्नी को चुनाव में हराया था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। भाजपा ने सन्निकट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिये केन्द्रीय विधि राज्यमंत्री एस.पी.सिंह बघेल को मैदान में उतारा है।

पिछड़े वर्ग के बघेल, जो आगरा से लोकसभा सांसद हैं, जाति के गड़रिया हैं। वे कभी समाजवादी पार्टी में थे, और बाद में उन्होंने अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल को पराजित किया था।

मेहनतकश नेता बघेल की छवि ईमानदार एवं प्रतिबद्ध नेता की है। वे योगी सरकार में मंत्री थे लेकिन बाद में उनका चयन आगरा से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये किया गया, जहाँ से वे चुनाव जीत गए। मंत्रिमण्डल के पिछले फेरबदल में, उत्तर प्रदेश चुनावों को मद्देनजर रखते हुये, वे मंत्री बना दिये गये थे। उस समय उत्तर प्रदेश के कई सांसद मंत्री बनाये गये थे।

- **बघेल बैकवर्ड समाज के हैं और परिश्रमी व ईमानदार होने की प्रतिष्ठा है।**
- **वे योगी सरकार में मंत्री थे, पर फिर आगरा से उन्हें सांसद का चुनाव लड़ाया गया और फिर जीतने के बाद केन्द्रीय मंत्री बनाया, यू.पी. में आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए।**
- **भाजपा की मंशा है कि, बघेल की सशक्त उम्मीदवारी से अखिलेश अपने चुनाव क्षेत्र में बंध कर रह जायेंगे।**
- **अखिलेश फिलहाल सबसे सक्रिय नेता हैं सपा में, जिन्होंने कई छोटी-छोटी पार्टियों से हाल ही में गठबंधन किया है। जयंत चौधरी से गठबंधन कर, जाटों को सपा के नजदीक लाये हैं। पर, अगर वे इन गठबंधनों को क्रियान्वित करने के लिये उपलब्ध नहीं हुए तो, सपा काफी दिक्कत में आ सकती है।**

बघेल को अखिलेश के खिलाफ खड़ा करने का मुख्य उद्देश्य, समाजवादी नेता को उनके चुनाव क्षेत्र में ही उलझाये रखने का है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के संभवतः ऐसे इकलौते स्टार प्रचारक हैं, जो भारी भीड़ खींच रहे हैं तथा बहुत चुस्त प्रचार अभियान चला रहे हैं।

जाट वोट बैंक को गठबंधन में वापस लाने के लिये, उन्होंने जयन्त चौधरी के साथ चुनावी गठबन्धन किया है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में यू.पी. के जातीय नेताओं के साथ गठबन्धन भी किया है, जिससे उन्हें मदद मिलेगी।

पिछड़े वर्ग के कई वरिष्ठ नेतागण भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो ही गये हैं।

याद रखने योग्य बात यह है कि, पिछले चुनावों में पिछड़ा वर्ग एकजुट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आम सभाओं पर लगे प्रतिबंध कुछ ढीले हुए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। चुनाव आयोग ने सोमवार को राजनैतिक दलों या चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की खुले स्थानों पर होने वाली जन सभाओं में लोगों की अधिकतम संख्या को 500 से बढ़ाकर 1000, अथवा मैदान की क्षमता का 50 प्रतिशत, या स्टेट डिज़ास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एस.डी.एम.ए.) द्वारा निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, की अनुमति प्रदान कर दी है। एक फरवरी से लागू होने वाली यह वृद्धि मतदान के सभी चरणों के लिये है।

- **चुनाव आयोग के नये आदेशों के अनुसार अब आमसभाओं में एक हजार व्यक्ति भाग ले सकेंगे, एक फरवरी से।**
- **डोर-टू-डोर प्रचार में 10 व्यक्तियों की सीमा को बढ़ा कर 20 की।**

आयोग ने घर-घर प्रचार में शामिल लोगों की संख्या भी बढ़ाकर 10

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस-आर.जे.डी. गठबंधन टूटने के कगार पर

## तेजस्वी यादव ने संकेत दिये कि, आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों में सीटों के बंटवारों पर कोई समझौता नहीं होगा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। जहाँ उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने ''एकला चलो'' की नीति अपना रखी है, वहीं पड़ोसी राज्य बिहार में भी, पार्टी इसी प्रकार की प्रवृत्ति एवं स्थिति को विकसित करती प्रतीत हो रही है।

लालू यादव-सोनिया गांधी की नजदीकी में आई कमी के चलते, कांग्रेस और आर.जे.डी. का लम्बे समय से चला आ रहा गठबंधन निष्फल एवं समाप्त हो रहा है। हाल ही में तेजस्वी यादव ने, राज्य की 24 विधान परिषद सीटों के आगामी चुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी के साथ सीटों की साझेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है।

दोनों ही पार्टियों के संबंध, पिछले अक्टूबर से ही डांवाडोल हैं, जब आर.जे.डी. ने उन दोनों विधानसभा सीटों, जहाँ उप चुनाव हुये थे, के लिये उम्मीदवार खड़े करने का निर्णय एकतरफा तथा अपने ही स्तर पर ले लिया था। अब तेजस्वी यादव ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी विधान परिषद सीटों पर चुनाव अपने ही बलबूते पर लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि, आर.जे.डी. यह स्पष्ट कर चुकी है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। उन्होंने पूछा, ''इससे ज्यादा और क्या हो सकता है।''

- **हालांकि, यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि, राष्ट्रीय स्तर पर लालू यादव की पार्टी, आर.एल.डी. कांग्रेस के साथ रहेगी।**

कांग्रेस को इस तथ्य से सांत्वना मिल सकती है कि, सत्तारूढ़ पार्टी गठबंधन में भी गड़बड़ी है। एन.डी.ए. पार्टनर तथा विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख, मुकेश साहनी उस फॉर्मूले से नाखुश बताये जाते हैं, जो भाजपा और जे.डी.यू. के बीच तैयार हुआ है। फॉर्मूले के अनुसार यह निर्णय लिया गया है कि, भाजपा तथा जे.डी.यू. क्रमशः 12 एवं 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा 1 सीट पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले एल.जे.पी. खेमे के लिये छोड़ दी जायेगी। साहनी ने अभी हाल में ही घोषणा की है, कि ''विकासशील इंसान पार्टी (वी.आई.पी.) विधान परिषद की सभी 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मैं (एन.डी.ए.) दिखा दूंगा कि निषाद समुदाय क्या कर सकता है।'' उन्होंने आरोप लगाया है कि एन.डी.ए. नेतृत्व ने उनके प्रति निरादर दिखाया है। उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी वाड्रा के उत्साही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मैंने गांधी को क्यों मारा'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया, जिसमें फिल्म ''वाय आई किल्ड गांधी'' (मैंने गांधी को क्यों मारा) या उसके

- **सुप्रीम कोर्ट ने, महात्मा गांधी की हत्या के बाद चले मुकदमे की थीम पर बनायी गयी फिल्म पर रोक लगाने से इंकार किया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भण्डारी मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। सर्वोच्च न्यायालय कोलिजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मुनीश्वरनाथ भण्डारी, जिन्होंने अपनी न्यायिक सेवा राजस्थान से ही शुरु की थी, को मुख्य न्यायाधीश बनाये जाने, तथा 17 अन्य लोगों को

- **मुनीश्वर नाथ भण्डारी राजस्थान के निवासी हैं, यहां ही ज्यूडिशरी से जुड़े थे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'एयर इण्डिया को टाटाज़ को बेचने से पैसा तो मिला ही, सरकार की ''प्राइवटाइज़ेशन'' की मुहिम को बहुत मजबूती मिली'

## निर्मला सीतारमन, वित्त मंत्री ने संसद में यह दलील देते हुए कहा, ''महामारी में सबसे बड़ा झटका ''सर्विस सैक्टर'' को लगा, जहां ''मानव से मानव का स्पर्श'' नियमित तौर पर होता है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सोमवार को लोक सभा के पटल पर रखा गया आर्थिक सर्वे यह रेखांकित करता है कि टाटा को किया गया एयर इण्डिया का विनिवेश ना केवल विनिवेश प्राप्तियां संचित करने में बल्कि निजीकरण अभियान में तेजी लाने के संदर्भ में भी विशेष महत्वपूर्ण रहा है।

इसमें कहा गया है कि वैश्विक महामारी से सर्विस सैक्टर सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ, खासतौर पर इसके वे भाग जिनमें मानव सम्पर्क जरूरी होता है। पिछले वर्ष हुए 8.4 प्रतिशत के संकुचन (कॉन्ट्रैक्शन) के बाद अब इस वित्त वर्ष में इसमें 8.2 प्रतिशत की वृद्धि करने का अनुमान है।

आर्थिक सर्वे कहता है कि घर खरीदने के लिए यह सबसे अच्छा समय है। इसको लेकर उसके तर्क यह हैं:

-आवासों की बिक्री बढ़ाने के लिए दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसी कई राज्य सरकारों ने सर्किल रेट्स और स्टाम्प शुल्कों में कमी की हुई है।

-कोविड-19 की पहली लहर के दौरान आवास बिक्री के लेन-देनों में करीब-करीब सभी शहरों में कमी आयी थी। तथापि, कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान मुम्बई, थाणे, पुणे, नोएडा, हैदराबाद और बैंगलुरू जैसे कई शहरों में आवासन लेन-देनों में, महामारी के पूर्व के स्तर की तुलना में इजाफा हुआ था।

-गांधी नगर, अहमदाबाद, चेन्नई, रांची, दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों में महामारी पूर्व के स्तरों की तुलना में कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान आवासन लेन-देनों में कमी देखी गई। हालांकि यह कमी कोविड-19 की पहली लहर के दौरान रही कमी से काफी कम रही।

- **निर्मला सीतारमन ने यह भी कहा कि, घर खरीदने का यह सबसे अच्छा समय है, जायदाद की खरीद-फरोख्त एकदम बंद सी हो गई थी, महामारी की प्रथम वेव में, पर अब यह गतिविधि पुनः शुरू हो गयी है।**
- **द्वितीय वेव में खरीद-फरोख्त कुछ कम हुई थी, पर उतनी नहीं जो प्रथम वेव के दौरान हुई थी।**
- **वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि, भारत में महामारी के दौरान ''रिफॉर्म्स'' हुए, जिससे स्टार्टअप खूब पनपे। ये रिफॉर्म ''डिमाण्ड'' को घटाने बढ़ाने के लिये नहीं थे, बल्कि ''सप्लाई साइड'' के रास्ते में अवरोधकों को कम करने के लिये थे।**

आर्थिक सर्वेक्षण में जिस महत्वपूर्ण थीम पर चर्चा की गई वह है ''प्रोसैस रिफॉर्म्स''। विनियमन और सुधारों की प्रक्रिया के बीच अन्तर आना महत्वपूर्ण है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि विनियमन का संबंध एक गतिविधि विशेष से सहकार के संचालन को क्रय करना अथवा हटाना है, जबकि सुधारों की प्रक्रिया का संबंध उन गतिविधियों की क्रियाविधि को सरल और सुकर बनाना है, जहां एक व्यवस्थापक अथवा नियामक के रूप में सरकार की उपलब्धि अनिवार्य होती है। सर्वे में इस पर जोर दिया गया है कि, भारत में अमेरिका और चीन के बाद स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा ईको सिस्टम है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि, वर्ष 2016-17 में जहां 733 स्टार्ट अप्स थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में 14 हजार नए स्टार्ट अप्स और जुड़े। वर्ष 2021 में भारतीय स्टार्ट अप्स की 44 रेकॉर्ड संख्या ने यूनिकॉर्न दर्जा प्राप्त किया, जिससे भारत में यूनिकॉर्न्स की कुल संख्या 83 हो गई। इनमें से अधिकांश स्टार्ट-अप्स सर्विस सैक्टर से हैं।

सर्वे में कहा गया है कि सारी दुनिया में ओमक्रॉन वैरिएन्ट के रूप में नई लहर फैल रही थी, अधिकांश देशों में महंगाई बहुत बढ़ गई थी तथा प्रमुख केन्द्रीय बैंक नकदी की वापसी के चक्र को शुरू कर रहे थे।

सर्वे इस बात को रेखांकित करता है कि यही कारण है कि भारत की मैक्रो इकोनॉमिक स्थिरता संकेतकों तथा उपरोक्त तनावों के खिलाफ प्रतिरोध उपलब्ध कराने की उनकी क्षमता पर नजर डालना खासतौर से महत्वपूर्ण है।

इकोनॉमिक सर्वे कहता है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 की चुनौतियों का सामना करने के लिये अच्छी तरह तैयार है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था विलक्षण जवाब देने की रणनीति के कारण, बहुत अच्च्छी स्थिति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'हम जहां दो साल पहले थे, अब वहीं पहुंचे हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जनवरी। पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री, पी. चिदम्बरम ने इकॉनॉमिक सर्वे में बार-बार दोहराई जा रही बात, कि 2021-22 के अन्त में, अर्थव्यवस्था सुधर कर, महामारी के पूर्व की स्थिति (2019-20) में पहुँच जायेगी, का विश्लेषण किया है।

- **पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने इकोनॉमिक सर्वे का तीखा विश्लेषण किया।**

उन्होंने कहा कि, सीधी भाषा में इसका अर्थ यह है कि 31.3.2022 को जी.डी.पी. उसी स्तर पर होगी, जिस पर 31.3.2020 को थी। इसका अर्थ यह है कि 31.3.2020 को हम जहाँ थे, वहाँ लौटने में हमको दो साल लग गये हैं।

चिदम्बरम ने आगे जोर देते हुये कहा कि, इन दो सालों ने लोगों को कंगाल कर दिया है;

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

नम्रता तन की शक्ति, जीतने की कला और शौर्य की पराकाष्ठा है। –विनोबा

# युवाओं के साथ खिलवाड़ बंद कीजिए

भारत विश्व का सबसे युवा देश है और यहां पर युवाओं की संख्या विश्व में सर्वाधिक है। इसी युवा शक्ति का गुणगान करते हुए देश के सभी नेता गण सदैव यह कहते रहे हैं कि इसी के बल पर देश तेजी से प्रगति करेगा और विश्व गुरु का अपना पुराना स्थान प्राप्त करेगा। यह बात सही भी है कि युवाओं के पास अथाह ऊर्जा होती है और यदि उन्हें सही दिशा में लगाया जाए तो वे देश को तीव्र गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं।

देश में सरकारें, केंद्र सरकार हो अथवा राज्य सरकार, उनके साथ जैसा बर्ताव कर रही हैं, वह शनैः शनैः युवाओं को देश के लिए उपयोगी ताकत के स्थान पर ऐसे आक्रोशित समूह के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं जो दिशाहीन है।

आइए, समझने का प्रयास करें कि युवाओं में आक्रोश बढ़ने का कारण क्या है?

सबसे पहले तो युवाओं को अच्छी पढ़ाई की आवश्यकता होती है। एक मध्यम वर्गीय परिवार का युवा, आसानी से तकनीकी क्षेत्र में अथवा अन्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। अपने घर के युवाओं को उच्च शिक्षण संस्थान में भेजने के लिए कई बार माता पिता को अपनी खेती की भूमि गिरवी रखनी पड़ती है, अथवा संपत्ति बेचने होती है। इतना खर्चा करने के पश्चात जब युवा शिक्षण संस्थानों से निकलता है तो उसकी आशा होती है कि वह अच्छी कमाई करे ताकि वह गरिमामय जीवनयापन करने योग्य बन सके।

वह एवं उसके माता-पिता आशा करते हैं कि वह अब व्यवस्थित रूप से अपना जीवन व्यतीत कर पाएगा। तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं में गत वर्षों में निजीकरण को बढ़ावा देने के कारण, फीस में अत्यधिक वृद्धि हुई है। कई बार उसे इस राशि की व्यवस्था कर्जा लेकर करनी होती है। वह यह सोच कर ऐसा करता है कि सम्भवतः अच्छा रोजगार प्राप्त होने पर वह इसे चुका पाएगा।

सरकारी नौकरी के लिए देश भर में करोड़ों आवेदन प्राप्त होते हैं। सरकारी नौकरी की तलाश में युवा अपने जीवन के कई बहुमूल्य वर्ष बिता देते हैं, क्योंकि अधिकांश भर्ती प्रक्रियाएं पेपर लीक होने या अन्य कारणों से न्यायिक प्रक्रिया में उलझने के कारण पांच से सात वर्षों तक अटकी रहती हैं।

सरकार हालांकि बार-बार यह कहती रही है युवाओं को नौकरी देने वाला बनना चाहिए ना कि नौकरी की तलाश करने वाला। यह सीख सही भी है, किंतु जिस प्रकार की शिक्षण व्यवस्था देश में है, उसे पूरी करने के बाद यदि वह कोई अच्छा व्यवसाय प्रारंभ करने लायक नहीं बन सकता है या उसमें कोई हुनर विकसित नहीं होता है, तो इसकी जिम्मेदारी युवाओं पर डालना उचित नहीं होगा। यदि सरकार शिक्षा व्यवस्था में उपयुक्त परिवर्तन करने में सफल नहीं हुई, तो इसमें युवाओं का क्या दोष है?

राजस्थान की शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) में लगभग 16 लाख परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के समाचार परीक्षा के दिन ही प्राप्त होने लगे थे। पुलिस द्वारा गठित विशेष ऑपरेशन ग्रुप कई दिनों की जांच के पश्चात इस नतीजे पर पहुंचा है कि प्रश्न पत्र लीक हुआ था। अर्थात परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र बाहर आ चुका था। शायद यही कारण था कि कुछ विद्यार्थियों को 150 में से 146 अंक तक प्राप्त हुए। किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में इतने अधिक अंक प्राप्त होना लगभग असंभव है। स्पष्ट है, जब प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले पता हो, तब ही, इतने अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। बेरोजगार शिक्षित युवा वर्षों तक इन परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, कोचिंग में हजारों रुपए खर्च करते हैं और उसके बाद अपनी योग्यता अनुसार परीक्षा में अंक प्राप्त नहीं कर पाए, तो उनका ठगे हुए महसूस करना स्वाभाविक है।

जब पेपर लीक होने का संदेह उत्पन्न हो गया तो तत्काल ही इस परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा करानी चाहिए थी ।ऐसा ना करके, उसने योग्य विद्यार्थियों के साथ घोर अन्याय किया है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि लाखों-करोड़ों रुपए के लेनदेन से प्रश्न पत्र लीक कराया गया एवं उसे हजारों व्यक्तियों तक परीक्षा से पूर्व ही पहुंचा दिया गया ।यह संभव नहीं है कि उच्च स्तर पर संरक्षण के बिना इस प्रकार प्रश्न पत्र लीक हो जाए। दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक किसी भी उच्च स्तर के अधिकारी को इस प्रकरण में गिरफ्तार नहीं किया गया है। सरकार को यह चाहिए कि वह परीक्षा निरस्त करके पूरा प्रकरण सी बी आई को सौंप दे।

**अब भी सरकार के पास समय है कि वह युवाओं से सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करे। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को निष्पक्ष रूप से संवेदनशीलता अपनाते हुए दिखलाये। सरकारें भर्ती, केवल और केवल योग्यता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। परीक्षा संचालन का काम ऐसे लोगों को सौंपा जाए जिनकी ईमानदारी संदेह से परे हो।**

भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया में आमूल चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है ताकि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पवित्रता बनी रहे। प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्रश्नों का क्रम अलग हो सकता है जिससे सामुहिक नकल नहीं हो सके। इसी प्रकार, प्रश्न ऐसे बनाए जा सकते हैं जिनका उत्तर किताब देखकर भी आसानी से देना सम्भव न हो। प्रश्न पत्र एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्र पर भेजा जाय तो लीक होने की संभावना समाप्त हो जाएगी। इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऐसा किया भी था।

तकनीकी विकास के कारण ऐसा करना सम्भव हुआ है। उत्तर प्रदेश में भी इसी प्रकार के परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने का मामला सामने आया था। वहां की सरकार ने परीक्षा को निरस्त किया, कई लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल में डाला एवं उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर उन्हें नष्ट भी किया।

इस लीक हुए प्रश्न पत्र के प्राप्तांक के आधार पर परीक्षार्थियों को नियुक्ति देने की प्रक्रिया भी शिक्षा विभाग ने प्रारंभ कर दी है। विवाद में आए बोर्ड अध्यक्ष को विलंब से ही सही, सरकार ने बर्खास्त कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष की कार्य प्रणाली प्रारंभ से ही संदेह के घेरे में रही है। उन्होंने एक निजी महाविद्यालय के कर्मचारी को परीक्षा के प्रश्न पत्र से संबंधित गोपनीय कार्य में क्यों लगाया? लाखों परीक्षार्थियों के, जो दो-तीन साल व्यर्थ हुए, उसकी भरपाई कोई भी किस प्रकार कर सकेगा?

इसी प्रकार की स्थिति हाल ही में रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी) द्वारा विभिन्न पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षाओं के संबंध में उत्पन्न हुई है। लगभग डेढ़ करोड़ परीक्षार्थियों ने आवेदन किया। आश्चर्य की बात तो यह है कि इस परीक्षा के लिए जो विज्ञापन निकाला उसके साथ जो नोटिस जारी हुआ वह 70 से भी अधिक पृष्ठों का था ।इतना विस्तृत और जटिल दस्तावेज किसी भी व्यक्ति के लिए समझना संभव नहीं है। क्या रेलवे बेरोजगारों के लिए कोई सरल भाषा में संक्षिप्त विज्ञप्ति नहीं जारी कर सकती थी? न केवल यह, विज्ञापन जारी होने के पश्चात, परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता में भी बदलाव किया। परिणाम घोषित करने के बाद यह आरोप भी लग रहा है कि जितने लोगों को सफल घोषित किया जाना चाहिए था उनमें से 50 प्रतिशत को भी नहीं किया गया। इसी प्रकार पहले एक ही स्तर की परीक्षा होनी थी जिसे दो स्तर की परीक्षा बना दिया गया। क्या यह बेरोजगार छात्रों के साथ मजाक नहीं है कि वह जिस परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी शर्तों में समय-समय पर इस प्रकार के बदलाव किए जाएं कि अनिश्चितता और बढ़ जाए?

इसी प्रकार के कुछ अन्य विवादों के फल स्वरुप रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की परीक्षा संदेह के घेरे में आ गई है। जो बेरोजगार ,वर्षों से तैयारी कर रहे थे, अब निराश एवं असंतुष्ट होकर सड़कों पर उतर आए हैं और आंदोलन कर रहे हैं। इस संबंध में कुछ कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। यदि कोचिंग संस्थान के संचालकों में से किसी ने रेलवे के निर्णय मे हुई अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कोई ट्वीट किया और उसे लगभग 80 लाख परीक्षार्थियों ने पुनः ट्वीट किया तो इसे एफ.आई.आर. का आधार क्यों माना जा रहा है? गांधी के देश में, जहां अन्याय के विरुद्ध सत्याठाह को अत्यावश्यक अंग माना गया, वहीं ऐसा करने वाले के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए, उसे किसी भी रूप में उपयुक्त नहीं कहा जा सकता है।

जिन व्यक्तियों द्वारा समस्या उत्पन्न की गई उनके विरुद्ध कार्रवाई ना करके जो पीड़ित बेरोजगार युवा हैं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। खान सर जैसे प्रसिद्ध शिक्षक जो इन परीक्षार्थियों के साथ खड़े हैं, उन्हीं के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। आंदोलनरत बेरोजगार युवाओं को पुलिस ने हॉस्टल में घुसकर बुरी तरह पीटा। बेरोजगार युवकों ने भी आक्रोश में भरकर रेलवे ट्रैक पर आकर रेलों आवागमन बंद कर दिया। इन्हीं में सम्मिलित कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा रेलवे की संपत्ति को नुकसान भी पहुंचाया गया, जिसे किसी भी दृष्टि से सही नहीं कहा जा सकता। रेलवे ने एक विज्ञिप्त के द्वारा भविष्य में रेलवे में किसी भी प्रकार की भर्ती के लिए ऐसे छात्रों को अपात्र माना है जो आंदोलन में भाग ले रहे हैं। कार्रवाई करनी किसके विरुद्ध थी और की किसके विरुद्ध जा रही है?

ऐसा लगता है जैसे सभी सरकारें युवाओं के सब्र की परीक्षा ले रही है। सरकारों को यह समझना होगा कि जब बेरोजगारी चरम पर हो तो युवाओं के सब्र का बांध कभी न कभी टूट ही जाएगा।

सरकारों को व्यवस्था में सुधार करना होगा। एक ओर विभिन्न विभागों में लाखों पद रिक्त है वहीं दूसरी ओर लाखों-करोड़ों योग्य युवा बेरोजगार हैं। समय की मांग है कि सरकारों में नियुक्तियां समय पर निष्पक्ष रूप से एवं संदेह से परे की जायें। सरकार यह सलाह देना बंद करें कि युवा सरकारी नौकरी के स्थान पर अपना स्वरोजगार क्यों नहीं कर लेते? यह स्थिति तब बनेगी, जब शिक्षा पद्धति ऐसे युवा तैयार करेगी जो किसी न कौशल में दक्ष हों। कोई नहीं चाहता कि अपने जीवन को दांव पर लगाकर किसी प्रकार का कोई आंदोलन सरकार के विरुद्ध करे, किंतु जब सरकार संवेदनहीनता की हदें पार करेगी तो हम, वर्षों से बेरोजगार युवाओं से क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

अब भी सरकार के पास समय है कि वह युवाओं से सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करें। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को निष्पक्ष रुप से संवेदनशीलता अपनाते हुए दिखलायें। सरकारें भर्ती, केवल और केवल योग्यता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। परीक्षा संचालन का काम ऐसे लोगों को सौंपा जाए जिनकी ईमानदारी संदेह से परे हो। जो व्यक्ति परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की अनियमितता में लिप्त पाए जाएं उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए चाहे। वह किसी भी स्तर का अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि क्यों ना हो ,एक बार कठोरतम कार्रवाई का संदेश लोगों में चला जाएगा तो किसी की हिम्मत नहीं है कि वह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस करें। सरकार रिक्त पदों हेतु समयबद्ध कार्यक्रम जारी करे एवं यह सुनिश्चित करे कि विज्ञिप्त और नियुक्ति में अन्तर एक वर्ष से अधिक न हो। यदि सरकारों ने अब भी युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो युवा वर्ग का आक्रोश लावा बनकर कब फ़ूट पड़ेगा, कह नहीं सकते।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# चुनावों में मुफ्त उपहार लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं



बाल मुकुंद ओझा

चुनावों के दौरान सरकारी कोष से जनधन को लुटाने के मामले देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गए है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में मुफ्त की बारिश हो रही है। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मत हासिल करने के लिए राजकीय कोष से मुफ्त सुविधाएं देने का प्रकरण सियासी हलकों में गर्माने लगा है। देश के बुद्धिजीवि जमात का मानना है इससे हमारे लोकतंत्र की बुनियाद हिलने लगी है। अब इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। मुख्य न्यायाधीश ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा, 'यह एक गंभीर मुद्दा है और मुफ्त वितरण का बजट नियमित बजट से अलग होता है। भले ही यह भ्रष्ट काम नहीं है, लेकिन यह मैदान में असमानता तैयार करता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को भेजे नोटिस के मुताबिक केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को तय करना है कि जो राजनीतिक पार्टियां चुनाव के दौरान जनता के पैसे से यानी पब्लिक फंड से मुफ्त घोषणाएं करती हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर गाइडलाइंस तय हों। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई एक जनहित याचिका में ऐसे राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने और उनके चुनाव चिन्ह जब्त करने की मांग की गई है, जो मतदाताओं को मुफ्त में सुविधाएं देने के वादे कर रहे हैं।

इस याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए पब्लिक फंड से चुनाव से पहले वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार देने का वादा करने या मुफ्त उपहार बांटना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है। इससे चुनाव प्रक्रिया प्रदूषित होती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि इससे चुनाव मैदान में एक समान अवसर के सिद्धांत प्रभावित होते हैं। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है, कि अब वह समय दूर नहीं, जब एक राजनीतिक दल कहेगा कि 'हम आपके आवास में आपके लिए खाना बनाएंगे'। जबकि, दूसरा यह कहेगा कि 'हम न केवल खाना बनाएंगे, बल्कि आपको खिलाएंगे भी।' देखा गया है चुनावों में सभी दल लोकलुभावन वादों के जरिए दूसरे दलों से आगे निकलने की जुगत में हैं। आम आदमी पार्टी मुफ्त सुविधाएं देने के वादों में सबसे आगे है। यह पार्टी मतदाताओं को मुफ्त बिजली पानी आदि लुभावनी घोषणाएं कर दिल्ली में सत्ता हासिल कर चुकी है। आप ने पंजाब में सत्ता में आने पर 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। कुछ अन्य राज्यों के चुनावों में भी इसी तरह की घोषणाएं की गई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सत्ता में आने पर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया है। उन्होंने सभी घरों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया। कांग्रेस ने यूपी में लड़कियों के लिए स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, विधवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन में वृद्धि, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि, राज्य में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, साल में तीन मुफ्त गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। याचिका दाखिल करने वाले एक वकील अश्विनी उपाध्याय ने पंजाब के संदर्भ में कहा कि आम आदमी पार्टी के राजनीतिक वादों को पूरा करने के लिए प्रति माह 12,000 करोड़ रुपये की जरूरत है, शिरोमणि अकाली दल के सत्ता में आने पर प्रति माह 25,000 करोड़ रुपये और कांग्रेस के सत्ता में आने पर 30,000 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी। जबकि सच्चाई यह है कि राज्य में जीएसटी संग्रह केवल 1400 करोड़ है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सच्चाई यह है कि कर्ज चुकाने के बाद पंजाब सरकार कर्मचारियों- अधिकारियों के वेतन-पेंशन भी नहीं दे पा रही है तो ऐसे में वह मुफ्त उपहार देने का वादा कैसे पूरा करेगी? याचिकाकर्ता का कहना है कि कड़वा सच यह है कि पंजाब का कर्ज हर साल बढ़ता जा रहा है। राज्य का बकाया कर्ज बढ़कर 77,000 करोड़ रुपये हो गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही 30,000 करोड़ रुपये का कर्ज है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश में राजस्व प्राप्ति की तुलना में सरकार का खर्च 90,730 करोड़ रुपये ज्यादा है। पिछले साल यह घाटा 80,850 करोड़ रुपये रहा था। घाटा हर साल बढ़ रहा है। सरकार द्वारा भरे जाने वाले ब्याज का स्तर 82,400 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। अगर उत्तर प्रदेश में खर्च का आकलन करें, तो वेतन, पेंशन एवं ब्याज भुगतान पर कुल खर्च 2.56 लाख करोड़ रुपये है। यह राज्य के कुल बजट के करीब आधे के बराबर है। बताते हैं चुनावी लोकतंत्र में मुफ्त उपहार की परंपरा तमिलनाडु से शुरू हुई थी। तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक की नेत्री जय ललिता ने मुफ्त उपहार बांट कर द्रमुक से सत्ता छीनी थी। वहां पहले मोबाइल, टीवी सेट, डिनर सेट, हैदराबादी मोती के सेट बंट चुके हैं। पिछले अनेक चुनावों में मुफ्त उपहार और सुविधाएं देने की एक परंपरा सी पड़ गई। मतदाता भी ऐसी घोषणाओं का इंतज़ार करते हैं जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के हितकारी नहीं कहा जा सकता।

**–बाल मुकुंद ओझा**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

# महानता के मायाजाल का यथार्थ!



डॉ रामावतार शर्मा

लोगों में सदा से एक बात देखी गई है कि वे एक ऐसे व्यक्तित्व की तलाश में रहते हैं जिस पर वे मुग्ध हो सकें, उसको पूजनीय मान सके, देवतुल्य समझ सकें। अब यही व्यक्ति देश नायक होगा, धर्म रक्षक होगा, संस्कृति संरक्षक होगा, युग पथप्रदर्शक होगा और न जाने क्या क्या होगा! इस व्यक्ति में कोई मानवीय कमजोरियां नहीं होती हैं, उसका हर निर्णय सत्य और देशहित पर आधारित होता है इसलिए उसे सवालों के घेरे से बाहर होना चाहिए। दबी से दबी जबान में भी उठते सवालों को कुचलना ऐसे व्यक्तित्वों के प्रशंसकों को अपना एकमात्र जीवनोदेश्य लगने लगता है। मैं नाम तो नहीं लेना चाहूंगा क्योंकि यह इस लेख के बाहर का विषय है पर आज के भारत के एक बड़े मानस पटल पर छाए बीते समय के बड़े बड़े धार्मिक और राजनीतिक नायकों के भारत में दिए गए भाषणों की तुलना उनके यूरोप या अमेरिका में दिए गए भाषणों से की जाए तो एक बार तो पाठक सिर पीटने को मजबूर हो सकता है।


बात 1975 की है जब स्पेन के तानाशाह फ्रैंको की मृत्यु हुई और शासन पूर्व राजशाही के वारिस जुआनकार्लोस के हाथों आ गया जो कि यदि चाहता तो तानाशाह बन सकता था पर चालाक सम्राट समझ गया कि तानाशाही अब चलने वाली नहीं है तो उसने सांकेतिक राजशाही के साथ गणतंत्र की घोषणा कर देवतुल्य स्थान प्राप्त कर लिया। जनता उसको पूजती रही, जुआनकार्लोस सऊदी अरब तथा अन्य देशों से कमीशन में सैंकड़ों करोड़ यूरो कमा कर अय्याशियां करता रहा, प्रशंसक उन अय्याशियों पर पर्दा डालते रहे पर एक दिन वह राजपाट सब त्याग कर, बड़ी रकम की हेराफेरी कर 80 वर्ष की उम्र में 40 वर्ष की महिला मित्र के साथ आबूधाबी जा बसा। डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका के एक वर्ग में जबरदस्त पकड़ थी पर उसी वजह से वह एक थोथा चना बन कर इतिहास में गुम हो गया। जयललिता भी काफी पूजी गई पर उन्होंने ज्यादा समय तो चप्पल, साड़ी तथा अन्य व्यक्तिगत सामान खरीदने में बिताया। महज जनधन के जोर से अम्मा की रसोई चलाना युग परिवर्तन नहीं होता है। आंध्र प्रदेश में एनटीरामाराव को लेकर कितनी दीवानगी हुआ करती थी! आज कोई ढूंढे तो भी उस मनुष्य का उस प्रदेश को कोई बड़ा योगदान नहीं नजर आएगा।

जब इंदिरा गांधी ने कहा कि गरीबी हटाओ, तो गरीबी तो हटी, पर हटी बहुत धीमी रफ्तार से और जैसे जैसे तकनीकी का विकास हुआ। अभी नरेंद्र मोदी ने कहा कि जबरदस्त विकास होगा और अच्छे दिन आयेंगे तो माना कि विकास हुआ, पर हुआ उसी धीमी गति से जैसे जैसे तकनीकी का विकास हुआ। जहां तक अच्छे दिनों की बात है तो सबकी अपनी अपनी परिभाषा, अपने अपने मापदंड पर मुझे तो कवि दुष्यंत की पंक्तियां याद आ जाती हैं–

मत कहो आकाश में कोहरा घना है यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है। जो तथाकथित बड़े लोग होते हैं वे समय के साथ साथ अति विशिष्ट लोग होते जाते हैं। वे लोग वर्षों वर्ष धन, सत्ता और साधनों के मायाजाल में घिर कर सामान्य नागरिकों के जीवन की समस्याओं और कठिनाइयों को भूल जाते हैं। इसलिए वे तरह तरह के उन्मादों को प्रेरित करते रहते हैं। उनके चारों तरफ सुविधाभोगी नौकरशाही और स्वार्थ में लिप्त धनिक जमात एक घेरा बना लेती है जिसको सामान्य जन की वेदना भेदनही सकती, वरना क्या कारण है कि आज तक किसी भी सरकार ने पुलिस, प्रशासनिक और न्यायिक भ्रष्टाचार पर हाथ नहीं डाला? एक सामान्य नागरिक के जीवन में यदि इन तीन विभागों में सबकुछ समयानुसार और कानून सम्मत होता रहे तो अच्छे दिन चारों तरफ मौजूद हैं। पर ना नौ मन तेल होगा और न..........

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# जयकारों से गूंजा मेहंदीपुर बालाजी का पावन धाम



**सिद्धपीठ आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी में सोमवार को बालाजी महाराज का मंदिर आम भक्तों के दर्शनों के लिये खोल दिया गया।**

**मेहंदीपुर बालाजी,** (निसं)। सिद्धपीठ आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी में सोमवार को बालाजी महाराज का मंदिर आम भक्तों के दर्शनों के लिये खोल दिया गया। सुबह महंत नरेशपुरी महराज के सानिध्य में प्रतिदिन की तरह सोमवार को बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना व हवन किया गया। आरती के बाद सुबह 7:00 बजे से दर्शनों के लिए मंदिर के पट खोल दिये।

**■ 21 दिन बाद बालाजी महाराज के दर्शन हुए**

इस दौरान स्थानीय लोग और श्रद्धालुओं का 21 दिन बाद बालाजी महाराज के दर्शन हुए। वहीं कस्बे के बाजारों में श्रद्धालुओं की चहल-पहल नजर आने से स्थानीय व्यापार मंडल के चेहरे पर रौनक नजर आई। साथ ही सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर मास्क लगा कर बैठे नजर आए। इधर मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए गए सुरक्षा बंदोबस्त से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में सुविधा रही। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाले वाहनों को कस्बे में प्रवेश नहीं दिया गया और डबल डोज के प्रमाण पत्र साथ लाने वाले श्रद्धालुओं को ही आस्था धाम में प्रवेश दिया गया।

# सांभर में कक्षा नवीं के बाद हिन्दी माध्यम का नहीं कोई भी सरकारी स्कूल

**सांभरझील,** (निसं)। प्रदेश सरकार की ओर से हिन्दी माध्यम की सरकारी स्कूलों को भले ही इंग्लिश मीडियम में तब्दील कर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सहूलियत दी हो, लेकिन अब यहां के सैंकड़ों अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को कक्षा नौ के बाद हिन्दी माध्यम से पढ़ाने के लिये संकट खड़ा हो गया है।

इसके पीछे कारण सबसे बड़ा यह है कि यहां के राजनेताओं ने सरकार की ओर से अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाने की प्रशंसा तो खूब की लेकिन वे शायद यह भूल गये जो बच्चे हिन्दी माध्यम से ही अपनी शिक्षा अर्जित करना चाहते हैं, उनके लिये सांभर में अब कोई विकल्प ही नहीं बचा है, लिहाजा गरीब तबके से लेकर मीडियम क्लास तक के अभिभावक यहां से तीन से चार किलोमीटर दूर बरडोटी, तेजा का बास, नोरंगुपरा में जाने की मजबूरी बनी हुई है। बताया गया कि ऐसे लोग सामूहिक रूप से निजी टैम्पो अथवा अन्य साधनों से जाकर आर्थिक बोझ भी उठा रहे हैं, जो उनके लिये प्रतिदिन जोखिम भरा भी सिद्ध हो सकता है। जानकारी में आया है कि सत्ता पक्ष से जुडे लोगों का भी इस दिशा में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री तक प्रभावी व ठोस पहल करने में कोई रूचि नहीं है, जिसके चलते इस महत्वपूर्ण ज्वलन्त समस्या का आने वाले निकट भविष्य में भी कोई समाधान होता दिखायी नहीं दे रहा है।

यहां के गरीब तबके के अभिवावकों के पास न तो इतना धन है और न ही बल जिसके दम पर वे खुद इस मामले को सरकार तक पहुंचाने में सफल हो सके। एक तरफ अंग्रेजी माध्यम से सरकारी स्कूल में पढ़ाई की खुशी तो मिली लेकिन हिन्दी माध्यम से सरकारी स्कूल का नहीं होना दुखद विषय बन चुका है। बताया जा रहा है कि एक दफा औपचारिकता करने के लिये यहां के कुछ लोगों ने सत्ता पक्ष से जुड़े फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के नेता पूर्व सांसद स्वर्गीय हरिसिंह के पुत्र जो कि खुद पिछली दफा यहां से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं के माध्यम से शिक्षा मंत्री रहे गोविन्द सिंह डोटासरा के समक्ष पुरानी धानमण्डी स्थित सराय स्कूल को क्रमोन्नत करवाने व रेलवे स्टेशन रोड स्थित संस्कृत विद्यालय में जहां पर्याप्त संख्या में कक्षा-कक्षों व लम्बे-चौड़े मैदान की उपलब्धता है में हिन्दी माध्यम स्कूल खोले जाने का अभ्यावेदन पर भी कोई सुनवायी नहीं होना ऐसे अभिभावकों व बच्चों के लिये मानसिक पीड़ादायक बना हुआ है। आरएमजीबी के पूर्व प्रबन्धक आलौक जौहरी ने बताया कि जब तक सरकार स्कूल क्रमोन्नत व नया स्कूल खोलने की स्थिति में नहीं है तो फिलहाल राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक अंग्रेजी मीडियम स्कूल में दो शिफ्टों में चलाने की व्यवस्था करनी चाहिये ताकि ऐसे सैंकडों बच्चे जो आगे चलकर देश का भविष्य बन सकते हे उनको हिन्दी माध्यम से पढ़ायी करने का मौका मिल सके।

## राशिफल मंगलवार 1 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या, मंगलवार, विक्रम संवत 2078, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 7:44 तक, वारियान योग रात्रि 3:09 तक, बव करण दिन 11:16 तक, चन्द्रमा बुधवार प्रातः 6:45 पर कुमभ राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मकर, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।


कुमार योग दिन 11:16 से रात्रि 7:44 तक है। आज देवपितृकार्य अमावस्या, मौनी भौमवती अमावस्या, व्यतिपात पुण्य है। आज मेला हरिद्वार और प्रयागराज, अरोदय योग सूर्योदय से 11:16 तक है और द्वापर युगादि है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:18 से 11:19 तक, लाभ-अमृत 11:40 से 2:01 तक, शुभ 3:22 से 4:43 तक।

**राहूकालः** 8:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 6:04

### मेष


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।


### वृष

व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कर्क

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।


### कन्या

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

### तुला

परिवार में महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### वृश्चिक

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर

मनःस्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव ढूर होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कुंभ

व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### मीन

अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# 'थानवी ने नियमों व मापदंडों को दरकिनार कर मांगे शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन'

## विधायक देवनानी ने कुलपति थानवी की सफाई को निहायत बेबुनियाद बताया, थानवी के बयान पर किया जोरदार पलटवार

**जयपुर।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति ओम थानवी नैतिकता की दुहाई देकर अपनी सफाई देने में लगे हैं। यदि ऐसी ही नैतिकता थी, तो अयोग्य होकर भी महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति का दायित्व क्यों संभाला था। उनकी अयोग्यता और अकादमिक अज्ञानता की वजह से विश्वविद्यालय का शैक्षिणक वातावरण खराब हुआ है और लाखों विद्यार्थियों के शिक्षण को दांव पर लगा दिया, जिससे उनकी प्रगति अवरूद्ध हो गई है।

देवनानी ने कहा कि थानवी ने राज्यपाल को पत्र लिखकर अपनी नैतिकता का हवाला देकर उनके (देवनानी के) बयानों को लेकर सफाई पेश की है, जो कि निहायत बेबुनियाद है। देवनानी ने बताया कि नियमानुसार कोई भी पद विज्ञापित करने से पूर्व उस पर लागू होने वाले आरक्षण और रोस्टर के आलोक में परीक्षण करना आवश्यक होता है। उन पर प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाता है। विभिन्न शैक्षिणक पदों पर विज्ञापन से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाइट पर रोस्टर कैलेण्डर चस्पा कर उन पर आपत्तियां मांगी गई। इस पर अन्य लोगों के साथ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी आरक्षण प्रावधानों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। उनकी आपत्तियों को निस्तारित किए बिना ही विज्ञापन जारी कर दिया। स्वयं विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने रोस्टर के इस गड़बड़झाले की शिकायत 17 जनवरी को राज्यपाल से की है। हास्यास्पद बात यह है कि असिस्टेंट प्रोफेसर को असिस्टेंट लाइब्रेरियन के समकक्ष दर्शा दिया गया है।

देवनानी ने आरोप लगाया है कि हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय मे जारी शैक्षिणक पदों के विज्ञापन में यूजीसी की अनिवार्य योग्यता को अपनी सुविधानुसार बदल दिया गया है और आरक्षित पदों के रोस्टर के संबंध में स्वयं विवि के संकाय सदस्यों की आपत्तियों को निस्तारित किए बिना ही जल्दबाजी में विज्ञापन जारी किया गया है। सदस्यों ने राज्यपाल को भी पत्र प्रेषित कर संपूर्ण मामले से अवगत कराया है। उनका कहना है कि वर्तमान में जो पदों पर आरक्षण प्रावधान किए गए हैं, उनसे महिलाओं और आरक्षित वर्ग को नुकसान पहुंचा है। देवनानी ने सवाल उठाया है कि ऐसी क्या जल्दी थी कि ऐसे संवेदनशील मसले की जांच और निस्तारण किए बिना आनन-फानन में विज्ञापन जारी किया गया। इतना ही नहीं, विज्ञापित पदों के लिए आवश्यक जानकारी 4 दिसंबर, 2021 को वेबसाइट पर दी गई। एक माह से भी कम समय में अंतिम तिथि 2 जनवरी, 2022 निर्धारित कर दी गई। दो जनवरी को रविवार का राजकीय अवकाश होने के बावजूद भी यह अंतिम तिथि रखी गई, ताकि भ्रम की स्थिति बनी रहे। इन सब तथ्यों से स्पष्ट है कि भर्तियों जैसे गंभीर कार्य को कितने मनमाने तरीके से किया गया है। कुलपति का कार्यकाल 8 मार्च को खत्म हो रहा है और पिछले माह दिसम्बर में भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। इससे उनकी जल्दबाजी की मंशा स्पष्ट तौर पर साबित होती है। देवनानी ने कहा कि थानवी अपनी गलतियों को छिपाने के लिए शैक्षिणक पदों पर विश्वविद्यालय की ओर से जारी न्यूनतम योग्यता को लेकर अनावश्यक और अनर्गल बयानबाजी कर रहे हें। प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए यूजीसी मापदण्डों में जो आवश्यक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं, उन्हें अपनी सुविधानुसार बदल दिया गया है।

देवनानी ने आरोप लगाया है कि कुलपति थानवी ने अपने विश्वविद्यालय में प्रचलित नियमों का उल्लंघन करके एक असिस्टेंट प्रोफेसर को डीन बना रखा है।

- 'रोस्टर की आपत्ति निस्तारित नहीं और यूजीसी योग्यता बदलकर जारी किया विज्ञापन'

# प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या कम होने का क्रम तेज हुआ

## राज्य में सोमवार को 6369 नए संक्रमित मिले, इससे पहले रविवार को 10061 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या कम होने का क्रम तेज हो गया है। इस दौरान राज्य में सोमवार को 6369 नए रोगी मिले हैं। हालाकि इस दौरान प्रदेश में इस बीमारी से 23 और लोगों की मौत हुई है। इधर राज्य में जनवरी के महीने में ढाई लाख से अधिक नए संक्रमित मिलने के साथ ही 304 लोगों की मौत हुई है।

प्रदेश में सोमवार को एक ही दिन में 3692 मामले कम आने के साथ ही 6369 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में 10061 मामले सामने आए थे। हालाकि आज राज्य में केवल 19418 ही जांचे होने के कारण संक्रमण दर 32.79 फीसदी पर पहुंच गई। इधर राजधानी जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में 1578 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 616, अलवर में 347, पाली में 339, नागौर में 303, भीलवाड़ा में 232, कोटा में 219, सिरोही में 205, अजमेर में 192, उदयपुर में 186, बांसवाड़ा में 183, जैसलमेर में 180, डूंगरपुर में 173, राजसमंद में 163, झालावाड़ में 152, प्रतापगढ़ में 137, श्रीगंगानगर में 134, झुंझुनूं में 123, बीकानेर में 114, बारां में 100, सवाई माधोपुर में 97, भरतपुर व धौलपुर में 94-94, बाड़मेर में 69, सीकर में 65, दौसा में 62, टोंक में 51, करौली में 47, चित्तौड़गढ़ में 45, बूंदी में 26, चूरू में 21, हनुमानगढ़ में 12 और जालौर में 10 नए संक्रमित मिले है।

वहीं दूसरी ओर राज्य में जनवरी के महीने 2 लाख 50 हजार 194 नए संक्रमित मिले। इस दौरान 304 लोगों की मौत हुई है। इधर प्रदेश में करोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते पिछले चौबीस घंटे में राज्य में 23 और लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर में 8, पाली में 3, जोधपुर व सीकर में 2-2 तथा अजमेर, बूंदी, चूरू, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, नागौर और टोंक में 1-1 मरीज की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9268 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उधर प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में करीब दोगुना मरीज ठीक हुए है। इस दौरान 11618 रोगियों के रिकवर होने से एक्टिव केस और घटकर 67 हजार 17 रह गए है। हालाकि इनमें अभी सबसे ज्यादा 16 हजार 739 मामले जयपुर जिले में है। राजधानी जयपुर में सोमवार को 89 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 58 नए रोगी दुर्गापुरा इलाके में मिले है। इसके अलावा मालवीय नगर में 57, दूदू, में 55, जगतपुरा व सांगानेर में 54-54, प्रताप नगर में 53, गोपालपुरा व किरण पथ पर 50-50 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 79 ऐसे संक्रमित है जिन्होंने जांच कराते समय नाम व पता गलत लिखाया था। जिले में इस बीच 3663 मरीज रिकवर हुए हैं।

- राजधानी जयपुर में भी और गिरावट के बाद 1578 नए संक्रमित मिले।
- राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 23 और लोगों की मौत हुई है।
- प्रदेश में जनवरी के महीने में ढाई लाख से अधिक नए संक्रमित मिले, जबकि 304 लोगों की मौत हुई।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# अपात्र को विश्वविद्यालय का वीसी बनाने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अयोग्य व्यक्ति को हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का वी.सी. बनाने पर यू.जी.सी., पत्रकारिता विश्वविद्यालय और वी.सी. ओम थानवी सहित राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस बिरेंद्र कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज प्रताप सिंह की जनहित याचिका पर दिए।

जनहित याचिका में कहा गया की यू. जी. सी. के नियमानुसार विश्वविद्यालय में वी. सी. बनने के लिए पी. एच. डी. की डिग्री के साथ ही संबंधित व्यक्ति के पास बतौर प्रोफेसर 10 साल का अनुभव होना जरूरी है। राज्य सरकार की ओर से ओम थानवी को हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का वी.सी. बनाया गया है, लेकिन ना तो उनके पास पी.एच.डी. की डिग्री है और ना ही उनके पास प्रोफेसर पद का 10 साल का अनुभव है। याचिका में कहा गया है कि ओम थानवी के पास तय योग्यता नहीं होने के बावजूद उन्हें गलत तरीके से वीसी पद पर नियुक्ति दी गई है। ऐसे में उन्हें तत्काल पद से हटाने के निर्देश दिए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# संविदाकर्मियों को हटाने पर जवाब तलब

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना में लगे संविदाकर्मियों को हटाने पर एसीएस स्वास्थ्य और चिकित्सा निदेशक सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश शिवराज व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2013 से सीएम निशुल्क जांच योजना में रेडियोग्राफर सहित अन्य पदों पर संविदा पर नियुक्त हैं। उन्होंने कोविड महामारी में भी निरंतर काम किया है। इसके बावजूद भी चिकित्सा विभाग उन्हें नियमित नहीं कर रहा है, बल्कि विभाग ने गत दिनों आदेश जारी कर उन्हें पद से हटाने के निर्देश दे दिए। याचिका में कहा गया कि विभाग में रेडियोग्राफर सहित अन्य पद रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में विभाग उन्हें हटाकर दूसरे संविदाकर्मियों को नियुक्ति देने जा रहा रहा है।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-2/2022/डी-192 दिनांक-25.01.2022
**विज्ञप्ति** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश कृष्ण पारीक पुत्र स्व. श्री जानकी शरण पारीक द्वारा सुभाष नगर, योजना के दुकान संख्या ए-3, की लीजडीड जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन नम्बर 81791 द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त दुकान का आवंटन श्री जानकी शरण पारीक पुत्र श्री रामलक्ष्मण के पक्ष में दिनांक 25.01.1975 को जारी किया गया, मूल आवंटी की मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 17.03.2009 मूल आवंटी की पत्नी श्रीमती विद्या पारीक व पुत्री श्री विजय लक्ष्मी तिवाडी की मृत्यु प्रमाण पत्र क्रमश दिनांक 11.12.2009 व 22.12.2020 की प्रति, श्रीमती जया पारीक पुत्री स्व. श्री जानकी शरण पारीक द्वारा श्री राकेश कृष्ण पारीक पुत्र स्व. श्री जानकी शरण पारीक के पक्ष में निष्पादित रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.01.2021 की प्रति आदि प्रतिया प्रस्तुत की गई है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-205 द्वितीय तल, पार्किंग स्थल, जयपुर में आपत्ति/सुझाव मय दस्तावेज प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीज डीड जारी कर दी जावेगी। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। उपायुक्त, जोन-2

**नाम परिवर्तन**

I Have Changed My Name From Anu Vasandani To Arti Vasandani W/o Dharmendra Kumar Vasandani For All Purpose-136, Gopi Niwas, Basant Bahar Colony, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur.

मैंने अपना नाम शिवराम-शिवराम जाट से बदलकर नया नाम शिवराम चौधरी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-सी-116, संस्कार विहार, अलंकार कॉलेज के पास, सिरसी रोड, जयपुर (राज.)

मैंने मेरा नाम विवाह पश्चात अंजू वरमानी से बदलकर अंजू खन्ना रख लिया है। निवासी 5/25, केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर

**खोया पाया**

न्यू पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना सिद्धार्थ नगर-एच के भूखंड संख्या 44 की सोसायटी रसीद, आवंटन पत्र और साईट प्लान खो गए है सूचित करें। मोबाइल 9549608749

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउंसलिंग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 31299 जारी दिनांक 26.02.2010 कहीं गुम हो गया। जो इस समय किसी भी फर्म पर योग्य व्यक्ति के रूप में दर्ज नहीं है मिलने पर उक्त पते पर सूचित करें। रामदेव किशोरपुरा रोड हथोज जयपुर मो. 9784665385

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**
क्रमांकःजविप्रा/उपा./ जोन-6/22/डी-440
**सार्वजनिक सूचना** दि. 28.01.2022
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल अजीज द्वारा अपंजीकृत इकरारनामा, अपंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर झोटवाड़ा आर.ओ.बी से प्रभावित भूमि (सर्वे नम्बर 52 टीम नम्बर 02) के बदले भूखण्ड आवंटन हेतु जारी लॉटरी दिनांक 23.09.2021 में आवंटित व्यवसायिक भूखण्ड संख्या सी-9 एवं (सर्वे नम्बर 53 टीम नम्बर 02) के बदले आवंटित व्यवसायिक भूखण्ड संख्या बी-136 (कॉर्नर) योजना महात्मा ज्योतिबाफुले का आवंटन पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में अपने स्वामित्व से संबधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-06, जेडीए, जयपुर के कार्यालय में पेश कर सकते है। नियत अवधि तक कोई आपत्ति/आक्षेप मय दस्तावेज पेश नही किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी। **उपायुक्त जोन-6 जविप्रा, जयपुर।**

**उद्‌घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 12/2022
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी मिलिन्द चक्रवर्ती पुत्र स्व. श्री मलय चक्रवर्ती जाति ब्राह्मण विवाद स्थान फ्लैट नं. 107, ब्लॉक-8 आईप एन केन्द्रीय विहार विभाग-6 जयपुर विद्याधर नगर जयपुर
मृतक स्व. श्रीमती संगीता चक्रवर्ती की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 22.2.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. संगीता चक्रवर्ती पत्नी स्व. श्री मलय चक्रवर्ती जाति ब्राह्मण विवाद स्थान फ्लैट नं. 107, ब्लॉक-8 टाईप एन केन्द्रीय विहार विभाग-6 जयपुर विद्याधर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 2 सन् 2022 को न्यायालय में 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 24 माह 01 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-4, स्थान जयपुर जिला जयपुर
गोपाल लाल पूर्विया विरुद्ध महिपाल चौधरी व अन्य
वाद बावत कब्जा प्राप्ति, घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 21/19 (67/17)
बनाम महिपाल चौधरी पुत्र सुखाराम जाति जाट स्थान मालियों की ढाणी, नवलगढ जिला झुंझुनू (राज.)
वादी ने आपके विरुद्ध ...... के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 07 माह 02 सन् 2022 को दिन में सुबह 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे समयक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 23 माह 11 सन् 2021 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार, अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर, जिला जयपुर
मोहर



# इंदिरा गांधी नहर में पंजाब से जैसलमेर पहुंचा केमिकल युक्त पानी

## सबसे बड़ी बात यह है कि फिलहाल नहरों में पेयजल के लिए ही पानी छोड़ा जा रहा है

**जैसलमेर, (निसं)।** पंजाब की फैक्ट्रियों से इंदिरा गांधी नहर में छोड़ा गया केमिकल युक्त दूषित पानी हनुमानगढ़, गंगानगर व बीकानेर से होते हुए जैसलमेर पहुंच गया, लेकिन जैसलमेर के नहरी विभाग के अफसरों की लापरवाही का नतीजा है कि दूषित पानी का सैंपल लिया न जानकारी जुटाई।

इतना ही नहीं पेयजल भंडारण रोकने के लिए पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है। जिससे नहर में चल रहे रसायनयुक्त पानी को पीएचईडी ने भंडारण शुरू कर दिया है। दो दिन बाद जिलेभर व जोधपुर व बाड़मेर के लिए भी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इंदिरा गांधी नहर परियोजना में वर्तमान में पीने के लिए पानी चलाया जा रहा है। दूषित पानी से राजस्थान के 10 जिले प्रभावित हो रहे है, लेकिन नहरी विभाग के अधिकारियों को केमिकल युक्त पानी सप्लाई की जानकारी ही नहीं है। सबसे बड़ी बात यही है कि फिलहाल नहरों में पेयजल के लिए ही पानी छोड़ा जा रहा है। अब केमिकल का पानी घर घरों तक पहुंच जाएगा।

आमतौर पर हर साल नहरबंदी के बाद जब पानी की आपूर्ति शुरू होती है तो कई दिनों तक काला पानी ही प्रवाहित होता है। हर बार लोग विरोध भी करते हैं, लेकिन फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। इस बार जनवरी में ही दूषित पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसको रोकने को लेकर न तो सरकार गंभीर है और न ही जल संसाधन विभाग के अधिकारी। इसका खमियाजा राजस्थान के 10 जिलों के 2 करोड़ लोग भुगत रहे हैं। इस बार बंदी की अवधि भी लंबी है। अप्रैल तक पेयजल आपूर्ति होगी। ऐसे में राज्य सरकार को दूषित पानी की आपूर्ति रुकवाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

पंजाब की फैक्ट्रियों से निकलने

> ■ **जैसलमेर के नहरी विभाग के अफसरों की लापरवाही का नतीजा है कि न तो दूषित पानी का सैंपल लिया न ही जानकारी जुटाई**

वाला केमिकल का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक है। इस केमिकलयुक्त पानी को पीने से कई बीमारियां हो सकती है। इसके अलावा कोरोना भी चल ही रहा है जिससे नहरी अधिकारियों की इस लापरवाही का भुगतान आमजन को करना पड़ सकता है लेकिन नहरी अधिकारियों को आमजन के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ से कोई सरोकार नहीं है। पंजाब के काला सिंधिया नाले से फैक्ट्रियों का दूषित व केमिकल युक्त पानी नहर में छोड़ा जा रहा है। हरिके हैड से राज्य को मिलने वाला पानी बीकानेर फीडर और राजस्थान फीडर के जरिए यहां आता है। हरिके हैड पर पौंग बांध के अलावा थोड़ा बहुत भाखड़ा और रोपड़ वर्क्स से भी पानी आता है। इन दिनों पौंग बांध से पानी की आवक लगभग 5 सौ क्यूसेक हो रही है। अधिकांश पानी फैक्ट्रियों का ही आ रहा है। अब पौंग बांध से पानी कम छोड़ा जा रहा है।

पंजाब से केमिकल युक्त पानी हनुमानगढ़ पहुंचा। इसके बाद हनुमानगढ़ में पीएचईडी द्वारा इस पानी का भंडारण रोक दिया लेकिन नहरों में पानी नहीं रोकने से यह पानी गंगानगर, बीकानेर होते हुए जैसलमेर पहुंच गया है। केमिकल के पानी को लेकर ना तो नहरी अधिकारियों के पास कोई सूचना है और ना ही नहरी विभाग द्वारा जलदाय विभाग के अधिकारियों को इस पानी के भंडारण नहीं करने की सूचना दी गई है। हनुमानगढ़ में पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए जयपुर भेजे गए।

इस संबंध में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता दिनेश नागौरी ने बताया कि हमारे पास नहर में केमिकल युक्त पानी आने के संबंध में कोई सूचना नहीं है। इससे नहरो में चलने वाले पानी से ही स्टोरेज हो रहा है। भंडारण के बाद इसी पानी का पेयजल के रूप में सप्लाई की जाएगी।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना (इंगानप) स्टेज 3 के अधीक्षण अभियंता भगवानाराम का कहना है कि नहर में अगर खराब पानी आ रहा है तो हनुमानगढ़ में इसके सैंपल की व्यवस्था है। वहां सैंपल ले लिया गया होगा। वैसे ऐसे पानी से कोई नुकसान नहीं है। इंगानप एडिशनल चीफ राकेश कुमार गुप्ता के अनुसार मुझे केमिकल के पानी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस मामले का पता कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# एमपी सहित कई जगह दबिश के बाद भी जगन गुर्जर पुलिस पकड़ से दूर

## विधायक को धमकी देने सहित कई मामलों में है तलाश



इनामी बदमाश जगन गुर्जर की तलाश में पुलिस की टीमें दिन-रात जुटी हुई हैं।

**धौलपुर, (निसं)।** बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को वीडियो वायरल कर धमकी देने वाले इनामी बदमाश जगन गुर्जर की तलाश में दिन-रात पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं लेकिन अभी तक बदमाश जगन गुर्जर पुलिस के हाथ नहीं लगा है। इसे लेकर सोमवार को भी पुलिस ने मध्यप्रदेश के मुरैना जिले सहित डांग इलाके में पुलिस की विशेष टीमों ने सर्च अभियान चलाया। धौलपुर एसपी शिवराज मीणा ने बताया कि अपराधी जगन गुर्जर की तलाश में पुलिस की अलग-अलग विशेष टीमें मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं और जगन गुर्जर के छिपे होने के संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

सोमवार को मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के कई गांवों सहित चंबल के बीहड़ और डांग इलाके में कई स्थानों पर दबिश देकर सघन सर्च अभियान चलाया। इस दौरान धौलपुर डीएसपी प्रवेंद्र महला, मनिया डीएसपी दीपक खंडेलवाल, कोतवाली थाना प्रभारी धौलपुर अध्यात्म गौतम, मनिया थाना प्रभारी सुमन कुमार, सैंपऊ थाना प्रभारी परमजीत सिंह, डीएसटी टीम प्रभारी लाखन सिंह, बाड़ी सदर थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, बसईडांग थाने के उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह के साथ भारी पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

एसपी शिवराज मीणा ने बताया कि पुलिस टीमों ने मुरैना जिला के जनकपुर, कोक सिंह का पुरा, खांडोली, राठौर का पुरा, केमरी, बरवासिन सहित दर्जनों गांव में सर्च अभियान चलाया। वहीं धौलपुर जिले के डांग इलाके के जोगिया पुरा, भगतपुरा, चिल्ली पुरा, डोलेन का पुरा व मुरहन सहित अन्य स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। लेकिन इनामी डकैत जगन गुर्जर पुलिस के हाथ नहीं लग सका।

# जहर खाने से पहले महिला ने वायरल किया वीडियो

**लालसोट, (निसं)।** विवाहिता अनीता मीणा द्वारा पंच पटेलों एवं ससुराल पक्ष को उसके साथ हुए बुरे बर्ताव के बाद बिगड़े हालातों का जिम्मेदार बताते हुए विषाक्त पदार्थ खा लिया। जहां विवाहिता की हालत खराब होने के बाद उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

विवाहिता का ससुराल सवाई माधोपुर जिले के बामनवास उपखंड की साली ग्राम पंचायत में एक प्रतिष्ठित परिवार में है। विषाक्त खाने से पहले विवाहिता महिला द्वारा बताया गया कि उसकी शादी को 17 साल से ज्यादा का समय हो गया है। लेकिन विवाह होने के बाद उससे पैदा हुई संतानों को ससुराल पक्ष द्वारा अपनाया नहीं गया है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ देने का भी आरोप लगाया। वहीं विवाहिता द्वारा ससुराल पक्ष पर उसकी बिना सहमति के उसके पति का दूसरा विवाह गैर-कानूनी तौर पर करने काभी आरोप लगाया गया।

> ■ **पंच-पटेलों एवं ससुराल पक्ष को ठहराया जिम्मेदार**

वही विवाहिता द्वारा वहां की स्थानीय पंच पटेलों को भी इस मामले से अवगत कराने के बाद उनके द्वारा कोई राहत नहीं देने के बाद पंच पटेलों को भी इस घटना का जिम्मेदार ठहराया गया। विवाहिता अनीता द्वारा उसके साथ ससुराल पक्ष द्वारा एवं पंच पटेलों द्वारा किए गए बर्ताव को भी सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया गया। वही विषाक्त खाने से पहली विवाहिता महिला द्वारा मरने के बाद का जिक्र करते हुए उनकी संतानों को न्याय दिलाने की भी गुहार की गई। वहीं पूरे मामले को लेकर महिला थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि विषाक्त खाने वाली विवाहिता अनीता मीणा से पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है एवं जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# रीट की सीबीआई जांच से पीछे हट रही सरकार : पूनिया

**बीकानेर, (कासं)।** प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया इन दिनों बीकानेर संभाग के दौरे पर हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हनुमानगढ़ व श्रीगगानगर के बाद सोमवार को बीकानेर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी राजनीति सहित सगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। पूनिया सोमवार को देर शाम दो दिवसीय दौरे पर यहां सर्किट हाऊस पहुचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुनिया का गर्म जोशी से स्वागत किया। स्वागत के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया ने प्रेस कान्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को हर क्षेत्र में विफल करार दिया। कांग्रेस व उसके प्रमुख मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार जनता के हर तबके के साथ अन्याय कर रहे है। उन्होने रीट की परीक्षा को लेकर सरकार को कटघरे में खडा करते हुए दोहराया की इस मामले की सीबीआई जांच से सरकार पीछे क्यों हट रही है। पूनिया ने एक सवाल के जबाव में गोचर व ओरण सरक्षण को लेकर जारी देवीसिंह भाटी के धरने का नैतिक समर्थन किया।

# रीट नकल प्रकरण के चार आरोपी 4 फरवरी तक रिमांड पर



गंगापुर सिटी में आरोपियों को कोर्ट में पेश करती एसओजी की टीम।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** एसओजी के एएसपी हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में रीट नकल प्रकरण में चार आरोपियों जिनमें रामकृपाल, भजन लाल विश्नोई, उदाराम व को ओडिनेटर प्रदीप पाराशर को गंगापुर सिटी न्यायलय में पेश किया गया। जहां से न्यायलय ने चारों आरोपियों को 4 फरवरी तक एसओजी को रिमांड पर सौंपा दिया। एसओजी की टीम चारों आरोपियों को अपने साथ जयपुर ले गई।

# जयप्रदा ने अखिलेश को बताया जीरो, योगी को हीरो

**पुष्कर, (निसं)।** प्रसिद्ध अभिनेत्री जयप्रदा सोमवार को संसार प्रसिद्ध जगतपिता ब्रह्मा मंदिर पहुंची यहां पहुंचकर जयप्रदा ने ब्रह्माजी की आरती की और जो मनोकामना पूरी हुई उसके लिए ब्रह्मा जी का धन्यवाद दिया।

जयप्रदा एक शादी में भाग लेने के लिए पुष्कर के समीपस्थ गांव में बने एक रिसोर्ट में आई थी जिसके बाद अपनी मनोकामना पूरी होने पर सोमवार को दोपहर लगभग 11 बजे जगत पिता ब्रह्मा मंदिर पहुँची। इसके बाद ब्रह्मा मंदिर के पुजारी ने उनको चुनरी भेंट कर आशीर्वाद दिया। इसके बाद प्रेसवार्तामें बातचीत उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद लोगों के बीच में रहना जरूरी है। उन्होने कहा कि भाजपा में जो अच्छा कार्य होता है अखिलेश को अच्छा नहीं लगता। इसलिए समीकरण में अखिलेश से लोग दूर जा रहे है। यूपी में योगी ने खूब काम किया है योगी ओर मोदी मिलकर देश को सुधारेंगे। अखिलेश के घर की बहू ही घर छोड़कर भाजपा में आ गयी। उन्होंने कहा कि योगी हीरो आखिलेश जीरो है।

# 'कांग्रेस सरकार में नौकरी पैसा और पहुंच से मिलती है'

**अलवर, (निसं)।** रीट भर्ती मामले में पेपर लीक होने के खुलासे होने के बाद अब युवाओं को रोष बढने लगा है। सोमवार को अलवर शहर में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर विरोध जताया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार को घेरा और कहा कि इस सरकार में नौकरी पैसा और पहुंच से मिलती है यह साबित हो गया है। गहलोत सरकार तमाशा देख रही है युवा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता।

भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लादिया गेट से पैदल चल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की कलेक्ट्रेट के बाहर खूबर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष तरुण जैन, भाजपा जिला महामंत्री पवन जैन, भाजपा आईटी सेल संयोजक चारूल अग्रवाल, डॉ. रवि यादव, जितेंद्र राठौर जीतू गुर्जर सहित सैकडों आईटी सेल संयोजक चारुल अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

> ■ **भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रीट भर्ती मामले में सीबीआई जांच की मांग की**

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष तरुण जैन ने कहा कि कई करोड रुपए में रीट का पेपर आउट किया गया। फिर भी सरकार मानने को तैयार नहीं है। प्रदेश का युवा ठगा हुआ है इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। तभी बडा खुलासा होगा। चारुल अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को आगे आना चाहिए। यह उनके हक का मामला है जब पेपर ही बिक जाएगा तो कॉम्पीटिशन की तैयारी करने वाले युवाओं के भविष्य से खिलवाड होगा। अब तक की जांच में साबित हो गया है कि पेपर आउट हुआ है। पैसे में बिका है। अब सीबीआई जांच होगी तो जिम्मेदारों को जेल जाना पडेगा। सरकार इससे बचना चाह रही है।

# बीकानेर में पॉजिटिव रोगियों की संख्या में एकाएक भारी कमी

## सोमवार को सिर्फ 47 पॉजिटिव मिले

**बीकानेर, (कासं)।** जिले में कोरोना रविवार को शायद छुट्टी पर चला जाता है। यही कारण है कि सोमवार को आने वाली रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा कम होता है। लगता है कोरोना कम हो गया लेकिन हकीकत ये है कि कोविड टेस्ट नहीं होने के कारण ये संख्या कम होती है जो मंगलवार को फिर से बढ़ जाती है। सोमवार सुबह की रिपोर्ट में बीकानेर में महज 47 कोरोना पॉजिटिव मिलने की रिपोर्ट का कारण भी ये ही है।

प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर चल रही है और बीकानेर में हेल्थ डिपार्टमेंट कोविड से लड़ने के बजाय रविवार को छुट्टी मना रहा है। मजे की बात है कि रविवार के दिन डिस्पेंसरी कुछ समय के लिए खुलते हैं लेकिन इस दौरान कोविड जांच नहीं होती। हर सोमवार को आने वाली रिपोर्ट में पॉजिटिव का आंकड़ा कम होता है जबकि मंगलवार को ये फिर से बढ़ जाता है।

जो लोग शनिवार को कोरोना संक्रमित होने की आशंका में रविवार को जांच कराने पहुंचते हैं, उन्हें सोमवार को जांच के लिए बुलाया जाता है। रिपोर्ट मंगलवार सुबह तक मिलती है। ऐसे में शनिवार, रविवार व सोमवार को तीन दिन वो घर में रुकने के बजाय इधर-उधर घूमता है। संक्रमण फैलाता है। आइसोलेशन की हिदायत को अधिकांश लोग नहीं मानते। रविवार को डिस्पेंसरी में डॉक्टर व नर्सिंग स्टॉफ होता है लेकिन कोविड की जांच से इनकार कर दिया जाता है। कारण बताया जाता है कि रविवार है। हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से ऐसा कोई आदेश नहीं है कि रविवार को जांच नहीं होगी लेकिन डिस्पेंसरीज पर मौखिक आदेश है कि रविवार को जांच नहीं की जाएगी। ऐसे में सेम्पल कम होते हैं और पॉजिटिव भी कम आते हैं।

# मोहनपुरा पंचायत पूर्णतः वैक्सिनेट

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार को एसडीएम राजवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत मोहनपुरा को कोविड टीकाकरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाली प्रथम ग्राम पंचायत घोषित किया गया।

इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव, सीबीईओ महावीर प्रसाद, तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा, बीडीओ शशीबाला, सरपंच प्रतिनिधि जगमाल सिंह यादव, नारेहडा सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, प्रधानाचार्य, एएनएम रमेश यादव, सीएचए सरिता यादव, आशा सावित्री देवी, उषा शर्मा, भागेश यादव, ओमवती, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

# 20 साल से बहरोड़ परिवहन विभाग को किराए के ऑफिस से नहीं मिली निजात

**अलवर, (निसं)।** प्रदेश सरकार को 30 से 35 लाख रुपए प्रतिमाह राजस्व देने वाले परिवहन विभाग को पिछले 20 साल से स्वयं के भवन का इंतजार है। 20 साल पहले खुला उप परिवहन कार्यालय किराए के भवनों में चलता आ रहा है। इसके अधीन चार उपखंड क्षेत्र आते हैं। जिसमें बहरोड, नीमराना, मुंडावर और बानसूर लगा हुआ है।

इस कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के साथ-साथ टैक्स वसूल किया जाता है। हालांकि एसडीएम ने गांव गोकुलपुर के पास न्यायालय परिसर से लगते हुए करीब 2 बीघा जमीन 2012 में अलॉटमेंट करवाई है, लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों को जमीन की पैमाइश अभी तक नहीं की गई। इसकी फाइल तहसीलदार कार्यालय में अटकी हुई है।

परिवहन निरीक्षक सुनील सैनी ने बताया कि तहसीलदार को कई बार पत्र भेजकर जमीन की पैमाइश करवाने के बाद पत्थर गढी करवाने की मांग की गई। लेकिन अभी तक तहसीलदार ने ना पैमाइश करवाई की और ना ही पत्थर गढी करवाई गई। ऐसे में परिवहन विभाग के पास कौन सी जमीन, किस तरफ की है किस लोकेशन में है। बइसका अभी तक हमें कोई अंदाजा भी नहीं है।

क्षेत्र के लोगों की मांग के साथ-साथ जिला मुख्यालय में परिवहन कार्यालय दूर होने से यहां के ट्रांसपोर्टरों और लोगों को सुविधाएं देने के लिए वर्ष 2001 में उप परिवहन कार्यालय खोला गया था, ताकि बहरोड, नीमराना, मुंडावर और बानसूर के लोगों को परिवहन कार्यालय अलवर पर नहीं जाना पडे।

हालांकि नए वाहनों का पंजीयन करवाने अलवर, भिवाडी और जयपुर ग्रामीण के कोटपूतली में स्थित डीटीओ कार्यालय जाना पडता है। अब 4 दिन बाद वर्तमान भवन में संचालित कार्यालय को खाली करने के बाद उसके पास ही नए भवन में शिफ्ट होगा। उप परिवहन कार्यालय में 3 परिवहन निरीक्षक और 8 का स्टाफ परमानेंट है 4 का स्टाफ अनुबंध पर लगाए हुए हैं। करीब 10 लाख ऑफिस ओर 25 लाख फ्लाइंग का रेवेन्यू एकत्र होता है।

# मॉडल सुसाइड प्रयास मामले में ब्लैकमेलिंग का आरोप

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रातानाडा स्थित पीडब्ल्यूडी चौराहा के पास में आई एक होटल की आठवीं मंजिल की छत से एक मॉडल युवती ने रविवार की देर शाम कूद कर जान देने का प्रयास किया था। उसके भाई ने उदयपुर के अक्षत शर्मा और दिपाली नाम की एक महिला पर तंग व परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। इन लोगों ने किसी वीडियो को लेकर उसे तंग व परेशान किया है। जिसे लेकर वे ब्लैकमेल कर रहे थे। पीड़िता के भाई की तरफ से अब रातानाडा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। घटना में अब एयरपोर्ट थानाधिकारी दिलीप खदाव की तरफ से जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मॉडल की हालत में सुधार है।

# उदयपुर जिले में पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा गिरा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में सोमवार को पॉजीटिव का आंकड़ा एकदम गिर गया है। जिले में सोमवार को 186 पॉजीटिव ही मिले है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 1256 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 1070 नेगेटिव व 186 पॉजीटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 128 संक्रमितों में 05 कोरोना वॉरियर्स, 70 नए संक्रमित, 52 क्लॉज कान्टेक्ट व 01 माइग्रेंट है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 58 संक्रमितों में 07 कोरोना वॉरियर्स, 22 क्लॉज कांटेक्ट व 29

> ■ **जिले में सोमवार को 186 नये कोरोना संक्रमित निकले**

नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 70057 हो गया है। इनमें से 66232 रिकवर हो चुके है। एक्टिव केस की संख्या 3058 है इनमें से 2948 होम आइसोलेटेड व 110 अस्पताल में भर्ती है। आज 457 संक्रमित रिकवर भी हुए है।

# राजसमंद जिले में कोरोना के 163 नये संक्रमित मिले

**राजसमंद, (निसं)।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर जिले में अपने पैर पसारते जा रही है। रविवार को एक साथ 383 नये संक्रमित सामने आने के बाद सोमवार को फिर से संक्रमितों की संख्या में कमी आई। सोमवार को प्राप्त ताजा रिपोर्ट में जिले में 163 नये मरीज सामने आए है। इसी के साथ जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या भी बढ कर 1514 हो गई है। वहीं जिले में अब तक कुल 175 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इस वर्ष 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

सोमवार को कुल 32 बच्चे संक्रमित मिले है जिसमें 1 से 14 वर्ष की आयु के 18 बच्चे एवं 15 से 18 वर्ष की आयु के 14 बच्चे सामने आए है। सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा के अनुसार सोमवार को जिले भर से कुल 1568 लोगों के सेम्पल लिए गए जिसमें 223 लोगों की आरएटी जांच की गई एवं शेष 1345 लोगों के सेम्पल आरटीपीसीआर जांच के लिए लेब भेजे गए। जबकि पूर्व में जांच के लिए भेजे गए सेम्पल की जांच रिपोर्ट में जिले में 163 नये संक्रमित सामने आए। फिलहाल जिले में अभी तक कोई भी क्रिटिकल मामला सामने नहीं आया है।

# भीलवाड़ा जिले में 232 नये कोरोना मरीज

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले में कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। सोमवार को एक बार फिर 200 से ज्यादा पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है। डिप्टी सीमएचओ डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि सोमवार को जिले में 1679 मरीजों के सैम्पल की जांच की गई थी। इनमें से 232 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

इनमें में से किसी भी मरीज में कोई लक्षण नजर नहीं आ रहा है। सोमवार को सामने आए मरीजों में सबसे ज्यादा पुर में 28, काशीपुरी में 26 व सुवाना में 25 मरीज सामने आए है। उन्होंने बताया कि शहर में संक्रमण का आंकड़ा काफी कम हुआ है। उन्होंने बताया कि लोग सावधारी बरतेंगे तो जिले में भी आंकडा जल्द कम हो जाएगा।

# बाइपास जब-तक ठीक होगा तब तक रींगस शहर की सड़क उधड़ जायेगी

## वाहनों के दबाव से गौरव पथ में पड़े एक-एक फीट के गड्ढे

**रींगस, (निसं)।** जिला कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद एनएचएआई ने सीकर जयपुर बाईपास की मरम्मत शुरू कर दी, यह 31 जनवरी तक ठीक करनी थी लेकिन अभी तक बाईपास की पूरी मरम्मत नहीं हो पाई है। इसका खामियाजा रींगस की जनता को उठाना पड़ रहा है।

रींगस की लाइफ लाइन माने जा रहे गौरव पथ भैरोजी मोड़ से सिटी बस स्टैण्ड व नगर पालिका होते हुए मिल तिराहे की सड़क उधड़ रही है। सड़क में भारी वाहनों की वजह से एक एक फीट के गड्ढे पड़ गये हैं। इससे वाहन चालक तो परेशान हैं ही साथ ही सड़क मार्ग पर बसे शहरवासी व व्यापारी भी खासे परेशान हो उठे हैं। वाहनों के दबाव से लोग रात को अपने घरों में ही चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। मकानो में भारी वाहनों की वजह से दरारें पड़ रही हैं। वहीं शहर की सड़क के टूटने पर पालिकाध्यक्ष अशोक कुमार कुमावत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क को बनाने की मांग की है।



सीकर-जयपुर बाइपास पर धीमी गति से हो रहा मरम्मत का काम।

**भारी वाहनों के दवाब से टूट रही सड़क :-** शहर में 2 दिसम्बर से जयपुर से सीकर जाने वाले वाहनों को डाईवर्ट किया गया था। एनएचएआई सीकर जयपुर बाईपास को ठीक करने के लिए जनवरी माह तक का समय मांगा था। लेकिन अभी तक बाईपास की पूरी मरम्मत ही नहीं हो पाई है। ऐसे में शहर के लोगों को और अधिक दिनों तक भारी वाहनों का दवाब झेलना पड़ेगा। भारी वाहनों की वजह से लोग सड़क को पार करने में ही परेशान हैं।

**उधड रही सड़क बनायेगा कौनः-** रींगस में भैरोजी मोड से होकर सिटी बस स्टैण्ड, नगर पालिका होकर मिल तिराहे तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने सड़क का निर्माण दोबारा से करवाया था। इससे पहले इस सडक को बनते बनते 15 साल लग गये। हालांकी उससे पहले यह राष्ट्रीय राजमार्ग 11 था। इसके बाद शहरी विकास योजना के तहत पन्द्रह साल पहले इसका निर्माण शुरू करवाया था लेकिन फिर भी यह सड़क नहीं बन पाई।

> ■ **पिछले माह से रींगस शहर से गुजर रहे वाहन**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने पिछले कार्यकाल में जब रींगस आये थे तो उन्होंने भी सड़क को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद चुनाव आ गये। और सडक टूटी ही रह गई। बाद में मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने इसे गौरव पथ का दर्जा देकर इसका निर्माण 2017 में करवाया। लेकिन भारी वाहनो की वजह से यह टूट रही है। लेकिन जानकारों का कहना है कि अब इस सडक को बनायेगा कौन। क्योकि पीडब्ल्यूडी तथा एनएचएआई एक दूसरे से सडक बनाने की मांग करेंगे।

# महापौर शील धाबाई के खिलाफ निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे बीजेपी पार्षद

## बीजेपी जयपुर शहर महामंत्री कृष्ण मोहन शर्मा ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** कार्यवाहक महापौर शील धाबाई की कार्यशैली से नाराज भाजपा पार्षदों ने सोमवार को ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में गणेश प्रतिमा के आगे बैठकर धरना दिया। मामला जब संगठन स्तर पर पहुंचा तो वहां से दबाव आने पर महापौर शील धाबाई, भाजपा जयपुर शहर महामंत्री कृष्ण मोहन और अन्य दूसरे पार्षद समझाइश करने पहुंचे, इसके बाद मामला शांत हुआ।

दरअसल सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में जोटवाडा क्षेत्र के पार्षदों की समस्या सुनने के लिए महापौर शील धाबाई ने बैठक बुलाई थी। बैठक में पहुंचे पार्षदों ने शिकायत दी कि बीते 1 साल में उनके क्षेत्र में ना तो सडक बनीं और न सीवरेज सुविधा मिली। सफाई व्यवस्था का ढर्रा पहले से ही बिगडा हुआ है, जिसकी सुध लेने वाला कोई है नहीं।

वार्ड 44 के पार्षद सुशील बारी जब बोलने लगी तो मेयर ने उन्हें बैठा दिया, जिससे वह गुस्सा हो गई और शील धाभाई के खिलाफ धरने पर बैठ गई। पार्षद सुशीला ने कहा की वह यहां अपने क्षेत्र की समस्याएं बताने आई थी लेकिन उन्हें ही चुप रहने को कह दिया गया, फिर मीटिंग मैं बुलाया ही क्यों था।

होर्डिंग समिति के चेयरमैन प्रवीण यादव ने कहा कि दूसरे जोन की तर्ज पर झोटवाडा के सभी पार्षदों से महापौर एक साथ मिलने को तैयार नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक पार्षद से बातचीत करते हुए महापौर शील धाबाई ने झुंझलाते हुए फाइल तक पटक दी। अधिकारियों के सामने भरी मीटिंग में पार्षदों को बेइज्जत करना न्यायसंगत नहीं है। विद्युत समिति के चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने कहा कि निगम में अव्यवस्थाएं चल रही है, जिससे परेशान होकर पार्षदों को मजबूरन धरना देना पडा। सूत्रों के मुताबिक जैसे ही बीजेपी पार्षदों के धरने की सूचना पार्टी मुख्यालय तक पहुंची तो वहां से आनन-फानन में जयपुर शहर महामंत्री कृष्ण मोहन रवाना हुए। उन्होंने धरने पर बैठे पार्षदों को 1 हफ्ते में हालात सुधारने का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया। कृष्ण मोहन के साथ महापौर और अन्य कुछ पार्षद भी समझाइश करने पहुंचे।

सूत्रों के मुताबिक महापौर के विरोध में सुशीला बारी, अर्चना शर्मा, शक्ति सिंह, सुरेश रेगर, सुखप्रीत बंसल, संजू चौधरी, मदन शर्मा, पीयूष किराडू, राखी राठौड, प्रवीण यादव, निशांत सुरोलिया, राजू अग्रवाल, विजेंद्र सैनी, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, गणेश नाथावत, राम किशोर प्रजापत, अजय सिंह चौहान, विजेंद्र पाल, मीनाक्षी शर्मा, पारस जैन और अरुण वर्मा मौजूद थे।

### कार्यवाहक महापौर शील धाबाई का कार्यकाल 60 दिन आगे बढाया

**जयपुर**, (कासं)। ग्रेटर महापौर पद से सौम्या गुर्जर के निलंबन मामले में 2 फरवरी को फैसला आने की उम्मीद है। इसे लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मगर इससे पहले ही राज्य सरकार ने कार्यवाहक महापौर शील धाबाई का कार्यकाल 60 दिन के लिए बढा दिया है। उनका कार्यकाल 6 फरवरी को पूरा हो रहा था। सूत्रों की मानें तो गुर्जर के निलंबन मामले में राज्य सरकार की ओर से न्यायिक जांच में सरकारी पक्ष और बचाव पक्ष के बयान पूरे हो चुके हैं, जिसमें अधिकारी या कर्मचारी के लिखित कथन या बयान में स्पष्ट है कि सौम्या गुर्जर ने ऐसे किसी शब्द का उपयोग नहीं किया जो अपशब्द की श्रेणी में आता हो। हालांकि पार्षदों की जांच पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में दोनों मामलों की जांच पूरी होने के बाद ही न्यायिक जांच का फैसला आने की उम्मीद है। आपको बता दें के सौम्या गुर्जर के निलंबन के बाद 7 जून को शील धाभाई को कार्यवाहक महापौर बनाया गया था। इसके बाद मामला कोर्ट में विचाराधीन होने की वजह से लगातार शील धाभाई का कार्यकाल बढाया जा रहा है।



धरोहर बचाओ समिति के संरक्षक एडवोकेट भारत शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने सोमवार को बड़ी चौपड़ पहुंचकर बाई जी के मंदिर स्थित शिव मंदिर का रुद्राभिषेक किया। इस दौरान बाई जी के मंदिर में शिव मंदिर और उस पर बानी विवादित मज़ार को पुलिस ने अपनी सुरक्षा में ले रखा था।

## प्रदेश के 12 से 14 जिलों में हुआ 100 फीसदी वैक्सीनेशन

**जयपुर** (का.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि वैक्सीनेशन के मामले में प्रदेश में सराहनीय कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 12 से 14 जिलों में 100 फीसद वैक्सीनेशन किया जा चुका है। शेष बचे जिलों की समीक्षा कर वैक्सीनेशन के कार्य को गति दी जाएगी।

मीणा ने बताया कि प्रदेश में 96 फीसद से ज्यादा लोगों को प्रथम डोज लग चुकी है, जबकि दोनों डोज लगवाने वालों की तादाद 80 प्रतिशत तक जा पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापक स्तर पर वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा कार्मिकों की मेहनत के चलते ही दिसंबर माह में 1 करोड़ 32 लाख लोगों का वैक्सीनेशन किया गया था। इस दौरान 60 से अधिक आयु वर्ग के लोगों, फ्रंटलाइन वर्कर व हेल्थ वर्कर्स को बूस्टर डोज भी लगाए गए साथ ही 15 से 18 आयु वर्ग के किशोर किशोरियों का भी वैक्सीनेशन किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 96.3 प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन की प्रथम व 80.3 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लगाई

■ **शेष बचे जिलों की कार्य योजना बना कर दी जाएगी वैक्सीनेशन कार्यक्रम को गति**

जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 15 से 18 आयु वर्ग के किशोर किशोरियों को 62.9 फीसद व 33.4 प्रतिशत को प्रिकॉशन डोज भी लगाई जा चुकी हैं।

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर जिलों में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाई जा चुकी है। वैक्सीनेशन के बीच के अंतराल के चलते दूसरी डोज लगाने की गति थोडी धीमी हो सकती है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आमजन को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना जरूरी है। दोनों डोज नहीं लगवाने वालों की जल्द ही समीक्षा कर कारण जाना जाएगा और कार्य योजना बनाकर उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

## नर्सेज संघर्ष समिति ने चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**जयपुर।** नर्सेज संघर्ष समिति ने सोमवार को नर्सिंग भर्ती 2018 से संबंधित समस्याओं को लेकर परसादी लाल मीणा चिकित्सा मंत्री से निजी आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष सोमसिंह मीणा ने बताया की जारी पदस्थापन सूची अनुसार नवनियुक्त नर्सेज की ज्वाइनिंग तिथि 29 अप्रैल 2020 संबंधित विभागीय आदेश जारी कर परीविक्षा काल समय अंतराल को समाप्त किया जाए। नर्सेज के मूल पोस्टिंग के आदेश जारी कर वेतन समय पर दिया जावे। नर्सेज भर्ती की जारी सूची के लगभग 18 महीने गुजर जाने के बाद भी नियुक्त तिथि मूल पोस्टिंग वेतन का समाधान नही हो पाने से नर्सेज मानसिक और आर्थिक परेशान है।

## दुकान, कियोस्क और भूखंडों की नीलामी का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

### ग्रेटर निगम की होर्डिंग व नीलामी समिति के चेयरमैन प्रवीण यादव ने याचिका दायर की

**जयपुर** (का.स.)। ग्रेटर नगर निगम द्वारा नीलाम की जा रही वर्ल्ड ट्रेड पार्क व अन्य दुकानों का मामला हाईकोर्ट जा पहुंचा है। होर्डिंग व नीलामी समिति के चेयरमैन प्रवीण यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

चैयरमेन प्रवीण यादव ने बताया कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार जनप्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और उनकी अनदेखी की जा रही है संवैधानिक रूप से चुनी हुई समितियों के अधिकारों का हनन पहले दिन से ही किया जा रहा है अब नगर निगम प्रशासन द्वारा समिति के अधिकारों के हनन की पराकाष्ठा हो गई है और ऐसे में अब न्यायालय से इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए याचिका दायर की गई है।

अधिवक्ता अमितोष पारीक ने बताया कि आयुक्त द्वारा कमेटी के नगर पालिका अधिनियम 2009 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया है उन्होंने यह भी बताया की नीलामी की अनुशंसा का अधिकार समिति होर्डिंग एवं नीलामी समिति के अंतर्गत है उक्त नीलामी में इससे प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया, प्रथम दृष्टया समिति के अधिकारो का उल्लंघन करना विधि विरुद्ध एवं अंत संवैधानिक माना जाएगा।

## गैंगवार प्लान कर रहा अक्की किलर गैंग का मास्टमाइंड गिरफ्तार

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी में विरोधी गुट से गैंगवार की प्लानिंग कर रहे अंतर्राज्यीय अक्की किलर गैंग के मास्टमाइंड को पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल मय कारतूस जब्त की है।

डीसीपी (क्राइम) नारायण टोगस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश अकरम मिर्जा उर्फ अक्की (28) हसनपुरा का रहने वाला है। आरोपित ने खुद की अक्की किलर नाम से गैंग बनाई हुई है। इसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक संगीन वारदातों के मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

दरअसल अक्की और सोहेल गैंग के बीच आपसी रंजिश है। दोनों ही गुट के बदमाश एक दूसरे को जान से मारने पर आमादा है। पुलिस को दोनों गुटों के बीच गैंगवार की भनक लगी तो उन पर शिकंजा कस दिया। पूर्व में अक्की गैंग के बदमाश मोहसिन खान, कुन्दन उर्फ कुणाल, साहिल मंसूरी उर्फ एलन खान एवं आसिफ खान उर्फ नींबू श्यामगढ़ को गिरफ्तार कर 3 पिस्टल, 1 देशी कट्टा एवं 32 कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। वहीं सोहेल खान गैंग के सरगना सोहेल खान व दाउद को भी गिरफ्तार कर 2 पिस्टल, 1 देशी कट्टा व 19 कारतूस बरामद किए जा चुके है।

## राहुल-प्रियंका के संवेदना प्रदर्शन और घड़ियाल के आंसुओं में अंतर नहीं : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा पर कटाक्ष किया। शेखावत ने कहा कि राहुल-प्रियंका के संवेदना प्रदर्शन और घड़ियाल के आंसुओं में अंतर नहीं है।

■ **'राजस्थान को इनकी सरकार ने हर क्षेत्र में पीछे धकेला, लेकिन दुष्कर्मों में अव्वल बना दिया'**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंजाब में इनके मंत्री रोजगार का सवाल पूछती बेटी से बदतमीजी करते हैं। राजस्थान को इनकी सरकार ने हर क्षेत्र में पीछे धकेला, लेकिन दुष्कर्मों में अव्वल बना दिया है। शेखावत ने कहा कि इस समय अलवर केस को रफा-दफा करने में पूरा प्रशासन झोंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में इनकी गठबंधन सरकार है, जहां एक गर्भवती रेंजर को सरेआम पीटा जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाई-बहन देश को बदनाम करने वाले ट्वीट करने में माहिर है, लेकिन दोनों इतने हृदयहीन भी हैं कि कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार इन्हें मामूली लगते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़िताओं से मिलना तो दूर ये उनके बारे में बोलना भी पसंद नहीं करते।

## हैरिटेज निगम में संचालन समितियां जल्द बनेंगी : मुनेश गुर्जर

**जयपुर**, (कासं)। हैरिटेज नगर निगम संचालन समितियों के गठन का मामला अब तेज हो गया है। संचालन समितियों का गठन नहीं होने को लेकर निर्दलीयों के साथ अब कांग्रेसी पार्षदों के आक्रोश को देखते हुए सरकार ने जल्द ही समितियों का गठन करने की तैयारी कर ली है। जानकारों की मानें तो किशनपोल और आदर्श नगर जोन क्षेत्र के पार्षदों ने दबाव अधिक होने से अब जल्द ही संचालन समितियों का गठन होने की उम्मीद है।

हेरिटज नगर निगम में संचालन समिति गठन मामले को लेकर महापौर मुनेश गुर्जर ने का कहना है कि समितियों का गठन ना होने की वजह से पार्षद नाराज है। समितियों का गठन मंत्री और विधायक करेंगे। महापौर मुनेश गुर्जर की मानें तो संचालन समितियों का गठन भी जल्द होगा। संचालन समितियों का गठन का मामला सरकार के स्तर पर होगा। हेरिटेज नगर निगम में कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों की ओर से महापौर बदलने की उठाई आवाज ने शहर की राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस दबाव की राजनीति के बीच महापौर मुनेश गुर्जर का बेडा बयान सामने आया है। महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा, है कि उनसे पार्षदों की कोई नाराजगी नहीं है। हैरिटेज नगर निगम में एक साल बाद भी संचालन समितियों का गठन नहीं होने को लेकर पार्षदों का आक्रोश सामने आने लगा है। इसमें निर्दलीयों के बाद कांग्रेसी पार्षदों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कांग्रेसी पार्षदों ने महापौर मुनेश गुर्जर से असंतुष्ठ होकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। जबकि कांग्रेस बोर्ड को समर्थन दे रहे निर्दलीय पार्षद पिछले दो सप्ताह से संचालन समितियों के गठन की मांग कर रहे है। इसे लेकर निर्दलीय पार्षदों ने निगम मुख्यालय में धरना भी दिया था और मांग नहीं मानने पर समर्थन वापस लेने की चेतावनी भी दी थी।

## आर्मी चीफ जनरल नरवणे ने आमेर महल देखा

**जयपुर।** आर्मी चीफ एम एम नरवणे सोमवार को आमेर महल पहुंचे। उन्होंने परिवार सहित करीब एक घंटे तक आमेर महल देखा। इस दौरान उनके साथ सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं आमेर महल के चारों तरफ विशेष सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई। वहीं महल के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। आमेर महल छावनी जैसा बना रहा। महल के साथ आमेर में सड़क मार्ग पर भी पुलिस जाप्ता तैनात नजर आया।

आमेर महल प्रशासन के अनुसार आर्मी चीफ एम एम नरवणे परिवार सहित आमेर महल घूमने आए। यहाँ एक घंटे तक रुके। वे परिवार सहित पूरे महल में घूमे। उन्होंने यहां गणेश पोल, शीशमहल, सिंह पोल, दीवाने आम, 27 कचहरी पोल, मानसिंह महल, सुख निवास सहित अन्य स्थानों को देखा। इस दौरान उन्होंने राजस्थानी संस्कृति के साथ यहां के ऐतिहासिक महलों व विरासत की तारीफ की। साथ ही कहा कि पूरे महल को देखने के लिए पूरा दिन चाहिए। उन्होंने महल से ही आमेर कस्बे को भी निहारा। आमेर महल अधीक्षक पंकज धरेंद्र ने उन्हें महल के इतिहास के बारे में बताया।

इस दौरान आर्मी चीफ एम एम नरवणे ने विजिटर बुक में लिखा ये गर्व की बात है मुझे आमेर महल देखने का मौका मिला।

## कैदी ने सेंशन कोर्ट से भागने का प्रयास किया

**जयपुर**,(कासं)। राजधानी के सेंशन कोर्ट परिसर में सोमवार को पेशी के लिए लाए चैक अनादरण के एक आरोपी ने पहली मंजिल से कूदकर भागने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद युवा अधिवक्ता शंकर लाल गुर्जर पहली मंजिल से कूद कर उसे दबोच लिया।

■ **वकील ने पहली मंजिल से छलांग लगाकर पकड़ा**

जानकारी के अनुसार चैक अनादरण के मामले में आरोपी तौफीक भगोड़ा घोषित था। रामगंज थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। पेशी से वापस ले जाते समय आरोपी ने मौका देखकर झटके से पुलिसकर्मी की पकड़ से अपने आप को छुडा लिया और पहली मंजिल से नीचे कूद गया। इतने में वहां खडे वकील शंकर लाल भी उसे पकड़ने के लिए आरोपी के साथ-साथ नीचे कूद गए और वहां मौजूद दूसरे वकीलों की सहायता से उसे पकड़ लिया। गौरतलब है कि सेशन कोर्ट परिसर से पहले की कई बार आरोपी फरार होने की कोशिश कर चुके हैं।

## सौर और संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान के लिये समझौता

### समझौता ज्ञापन पर आरएसए अध्यक्ष सुनील बंसल और आईआईटी जोधपुर के प्रभारी संकाय डॉ.राम प्रकाश ने हस्ताक्षर किये

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान सोलर एसोसिएशन (आरएसए) ने सौर और संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिये आईआईटी टेक पार्क जोधपुर के साथ अक्षय ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र (सीईआरई) के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इससे उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की जगह को कम करने में भी मदद मिलेगी। सीईआरई की स्थापना एक ऐतिहासिक पहल है और आरएसए द्वारा एक मील का पत्थर उपलब्धि है और राजस्थान को सौर ऊर्जा का एक विनिर्माण केंद्र बना देगा।

समझौता ज्ञापन पर आरएसए अध्यक्ष सुनील बंसल और आईआईटी जोधपुर के प्रभारी संकाय डॉ.राम प्रकाश ने हस्ताक्षर किये। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो.शांतनु चौधरी ने उद्घाटन भाषण दिया। वहीं आरएसए के अध्यक्ष सुनील बंसल ने सीईआरई के पीछे उद्देश्य, गतिविधियों और अवधारणाओं पर प्रकाश डाला।

सत्र के बाद सीएसआर और मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर सत्र की शुरूआत नॉलेज पार्टनर जीआईजे से केवीएल नरसिंम्हन द्वारा शुरू की गई थी। इसके बाद आरएसए के कार्यकारी निकाय सदस्य अनिल साबू और आरएसए चेयरमैन सुमन कुमार ने भाषण दिया। चर्चा के बाद अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों जैसे आगामी सौर प्रौद्योगिकियों, माइक्रो ग्रिड, थर्मल स्टोरेज, सौर थर्मल, सफाई तंत्र आदि पर क्षमताओं पर प्रस्तुति दी गई।

## पहली बार किसी मुख्यमंत्री को नौ सलाहकारों की जरूरत पड़ रही है : राठौड़

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री को सरकार चलाने के लिए करीब 9 सलाहकारों की जरूरत पड़ रही है जिसमें अब पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य भी मुखियाजी को सलाह देंगे। अकबर के नवरत्न के बाद शायद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दूसरे व्यक्ति हैं जिनके पास इतने सलाहकारों का कुनबा है।

राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्रीजी ने नवंबर 2021 में मंत्रिमंडल पुनर्गठन के दौरान भी संवैधानिक प्रावधानों को ताक पर रखकर 6 असंतुष्ट विधायकों को सलाहकार का झुनझुना पकड़ाया था जिन्हें सामान्य विधायक के अतिरिक्त ना कोई पावर मिली और ना ही सरकारी सुविधाएं। अब देखना होगा नये सलाहकार आखिर क्या कमाल करेंगे।

## वकीलों के धरने को लेकर रार, बार और अधिवक्ता आमने-सामने

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से जारी डेजिग्नेट सीनियर अधिवक्ताओं की सूची में अनुभवी वकीलों को शामिल नहीं करने के खिलाफ वकीलों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से धरने में शामिल तीन अधिवक्ताओं को नोटिस जारी कर तलब करने पर धरना दे रहे एक अधिवक्ता ने भाजपा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर बार अध्यक्ष भुवनेश शर्मा को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित करने की मांग की है।

वर्ष 1964 से वकालत कर रहे अधिवक्ता पी.सी. जैन, वर्ष 1977 से वकालत कर रहे अधिवक्ता विमल चौधरी को हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से सीनियर अधिवक्ता घोषित नहीं करने के विरोध में दोनों अधिवक्ताओं सहित अधिवक्ता विजय पूनिया और पी.सी. भंडारी व अन्य रोजाना एक घंटा हाईकोर्ट परिसर में धरना दे रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता जैन, चौधरी और पूनिया को नोटिस भेजा है। जिसमें कहा गया कि एसोसिएशन उनके लिए काम कर रही है, लेकिन तीनों अधिवक्ता सीनियर लॉयर्स बार एसोसिएशन जैसी फर्जी संस्था के बैनर तले धरना देकर उसे पनपाने में सहयोग कर रहे हैं।

■ **भाजपा अध्यक्ष को लिखा पत्र**

बार एसोसिएशन की ओर से भेजे नोटिस से खफा होकर अधिवक्ता विमल चौधरी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह और प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि बार अध्यक्ष भुवनेश जैन वकीलों में भाजपा की छवि धूमिल कर रहे हैं। एक महिला न्यायाधीश से अभद्रता करने पर उन्हें अवमानना का नोटिस भी मिल चुका है। इसके अलावा एक अन्य न्यायाधीश की अदालत में ताला लगाने पर सुप्रीम कोर्ट मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान भी ले चुका है। ऐसे में उन्हें तुरंत पार्टी से निष्कासित किया जाए।

राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ का 31 जनवरी को स्थापना दिवस होता है। वकीलों ने संघर्ष कर 31 जनवरी 1977 को हाईकोर्ट की जयपुर पीठ को स्थापित कराया था। यहां वकालत करने वाले कई अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट सहित अन्य राज्यों में सीजे भी बने हैं। ऐसे में बेंच-डे के मौके पर वकीलों की तकरार के चर्चे हो रहे हैं।

## सार-समाचार

### हरदयाल जैफ को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

**जयपुर** (का.स.)। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक हरदयाल जैफ को उनकी अधिवार्षिक आयु पूर्ण करने पर सोमवार को डीपीआर परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक पुरूषोत्तम शर्मा ने जैफ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं उन्हें साफा व माला पहना कर सम्मानित किया। सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशक ने हरदयाल जैफ की 31 वर्षों तक की गई राजकीय सेवा की सराहना करते हुए उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरूण जोशी, संयुक्त निदेशक महेश शर्मा, जनसम्पर्क सेवा समन्वय समिति के अध्यक्ष गोपाल स्वरूप पाठक एवं महासचिव एल एन शर्मा सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### दुलाराम सहारण की गांधी साहित्य की राजस्थानी अनुवाद पुस्तकों का विमोचन



**जयपुर**, (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहीद दिवस पर जयपुर में महात्मा गांधी की कृतियों के चूरू निवासी जाने माने साहित्यकार दुलाराम सहारण द्वारा किए गए राजस्थानी अनुवाद सर्वोदय, मंगल प्रभात और आत्मकथा 'साच रा तजरबा' का विमोचन किया। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच अहिंसा और शांति के प्रतीक राष्ट्रिपता महात्मा गांधी आज और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। युवा शक्ति को जिस ढंग से आज राजनीतिक ताकतों द्वारा इस्तेमाल विभाजक यंत्र के रूप में किया जा रहा है वह हिंसक है और उस माहौल को सकारात्मक बनाने के लिए जरूरी है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सृजनात्मकता से जोडा जाए। राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक बीएल सैनी, अहिंसा प्रकोष्ठ चूरू प्रभारी उम्मेद सिंह गोठवाल, उद्योग मंत्री शंकुतला रावत, मुख्य मंत्री के विशेषाधिकारी देवाराम सैनी और राजस्थान बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल भी इस मौके मौजूद थे।

### जीपीएस से होगी घर-घर कचरा संग्रहण की मॉनिटरिंग

**जयपुर**, (कासं)। हैरिटेज नगर निगम ने घर-घर कचरा संठाहण का काम अपने हाथ में लेने के बाद अब ऑनलाइन मॉनिटरिंग पर काम शुरू कर दिया है। हर हूपर की जीपीएस सिस्टम से मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए वार्ड वाइज हूपर्स का रूट चार्ट मैपिंग तैयार कर लिया गया है। अब हर हूपर को जीपीएस सिस्टम से जोडना शुरू कर दिया है। जीपीएस सिस्टम से जोडने के बाद हर हूपर के निगम की नजर में रहेगा। हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अवधेश मीना ने बताया कि नियमित रूप से हर घर से कचरा संग्रहण हो, इसके लिए घर-घर कचरा संग्रहणे व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। हर वार्ड में सीएनजी बेस्ट नए हूपर लगाए है। हमारा टारगेट हर वार्ड में तीन-तीन हूपर देने का है। इनकी रूट चार्ट मैपिंग का काम पूरा कर लिया गया है। जीपीएस सिस्टम से उनकी मॉनिटरिंग की जाएगी। रूट चार्ट से उनकी मॉनिटरिंग होगी, जैसे ही कोई रूट चार्ट से इधर-उधर हूआ तो ऐसे हूपर पर पैनल्टी लगाई जाएगी। हमारा टारगेट है कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नियमित होना चाहिए और समय पर होना चाहिए।


### हॉर्डिंग हटाने का चलाया अभियान

**जयपुर**, (कासं)। नगर निगम जयपुर हेरिटेज के किशनपोल जोन द्वारा सोमवार को अवैध पोस्टर होर्डिंग हटाने का विशेष अभियान चलाया गया। इसके अलावा कोविड प्रोटोकॉल की पालना के लिए भी दुकानों पर कार्रवाई की गई। किशनपोल जोन के राजस्व अधिकारी देवेंद्र जिंदल ने बताया कि जॉन क्षेत्र में 90 स्थानों से अवैध पोस्टर में होर्डिग हटाया गया, वहीं दुकानदारों द्वारा मास्क नहीं लगाने एवं कचरा पात्र नहीं रखने पर 12 हजार 700 का कैरिंग चार्ज भी वसूला गया। इसी प्रकार सिविल लाईन जोन के राजस्व अधिकारी चेतन कुमार जैन ने बताया कि जोन क्षेत्र में सोमवार को चलाये गये अभियान के तहत 22 स्थानों से अवैध हॉर्डिंग हटाये गये है।

### प्राइवेट पार्ट में छिपाकर लाया सोना जब्त

**जयपुर**,(कासं)। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम एयर इंटेलिजेंस विंग ने कार्रवाई करते हुए दुबई से आए एक यात्री के कब्जे से 512 ग्राम सोना बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। जब्तशुदा सोने की बाजार कीमत 25 लाख 37 हजार 865 रुपए है। कमिश्नर (कस्टम) राहुल नांगरे ने बताया कि दुबई से स्पाइसजेट फ्लाइट संख्या एसजी 713 से जयपुर आए एक यात्री की चेकिंग के दौरान संदिग्ध लगने पर पूछताछ की गई। इस दौरान वह घबरा गया और संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर मेटल डिटेक्टर से यात्री की तलाशी ली गई तो दो पारदर्शी पॉलीथीन कैप्सूल में पैक पीले रंग का दानेदार पेस्ट शरीर के अंदर यानि मलाशय के अंदर छिपा हुआ पाया गया। जिसका वजन 512.700 ग्राम निकला। इसके बाद सोना पेस्ट से निकाला गया और जब्त कर आरोपी यात्री को गिरफ्तार किया है।

### तरुणा पुजारी प्रदेश सचिव बनी



**जयपुर।** नर्सेज टीचर एसोसिएशन ऑफ इंडिया राजस्थान ब्रांच में उदयपुर के नर्सिंग ट्यूटर राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय की तरूणा पुजारी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुंभज ने आदेश जारी किए। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री जावेद अख्तर नकवी, उदयपुर संभाग अध्यक्ष डॉ. योगेश उपाध्याय, उदयपुर जिला अध्यक्ष पवन कुमार जैन, उदयपुर संभाग संरक्षक डॉ. विजयम्मा अजमेरा सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है।




## Cordova Iceworm Festival Week

Deep within the glacial ice of Alaska's frozen north lives a creature so unusual that it has its own festival. Its name sounds like something out of a fantasy novel, and the conditions that it thrives in are inimical to most other forms of life. We are talking about the Iceworm. Every year the festival is held to celebrate this creature, to lift the spirits of localites, and to show that even in the depths of winter there's something to celebrate!

#POLO-2022

# Exciting Polo Season In Pink City

Over the next few weeks, the Pink City will witness exciting polo matches as the Jaipur Polo Season is all set to begin from 1st of February. In addition to the high goal tournaments, there will also be matches to promote women polo players as well as upcoming polo talents from the city.






**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*


Pink City, the leading destination for Polo in the country, will once again witness exhilarating polo matches as this year's Jaipur Polo Season is all set to begin from 1st of February, at the Rajasthan Polo Club. Usually held in January, this year due to the season's slight delay, owing to the spike in Covid-19 pandemic, travel restrictions induced by it as well as extreme cold it is to be held till 27th of February. This year too there will be several tournaments, exhibition matches, initiatives to promote polo for ladies as well as the new players. Below are the highlights of the Jaipur Polo Season 2022.

### Star Attractions of the Season

The highlight of the season will once again be a 16 goal Jaipur Open Tournament for the Brig. HH Maharaja Sawai Bhawani Singh, MVC Jaipur Cup. This Tournament will be from 21st to 27th February. This high-handicap match was played last year as well as a part of the Jaipur Open Championship.

The 14-goal Sirmour Cup, to be held from 14th to 20th February, will be another much anticipated tournament, this year too. Other tournaments include Maharaja Sawai Man Singh Gold Vase (10 goals) and The Rajmata Gayatri Devi Memorial Cup (8 goals).

### Ladies Polo Match

Looking at the success and huge enthusiasm for Ladies Polo since last three years, the Ladies' Polo Match will also be held once again as a part of the Foundation, which has already been working for the empowerment of women in the state. The idea is to encourage women to increasingly take up the game of horse polo. It will be held on 26th of February in collaboration with the Princess Diya Kumari.

### Out of the Hat Tournament

Post polo tournaments, a week has especially been chalked out to promote young and local talents and upcoming polo players. This will take place as 'Out of the Hat Tournament' from 28th of February to 6th of March.

### Exhibition Matches

During the season, on each Saturday there will be an exhibition match. These will include the Raghu Sinha Mala Mathur Memorial Cup on 5th of February; Maharaj Prithi Singh Baria Cup on 12th of February; and the HH Rajmata Padmini Devi of Jaipur International Shield on 19th of February.

### Participation of Top Polo Players

The Jaipur polo season this year will witness top polo players including Tomas F Llorente (+8); Augustin Grassi Grossi (+7); Manuel F Llorente, Chris Mackenzie, Juan Cruz Losada (+6 each); Daniel Otamendi, Lance Watson and Simran Shergill (+5 each); Padmanabh Singh, Samir Suhag and Syed Shamsheer Ali (+4 each); Gonzalo Yanzon and Lt Col Vishal Chauhan (+3 each), among others. It is worth noting the higher number of international players participating in this season of Jaipur Polo than any other center in India. Some officers from the Army will also be participating in the polo tournament.

### Jaipur: A Leading Destination for Polo

"Jaipur, as you can see, has fast emerged as a leading polo destination in the country. The Rajasthan Polo Club has also hosted three tournaments in December which were well-received by the polo lovers of the city. Owing to the love and visibility the game gets in Jaipur, the players as well as other stakeholders do not miss a chance to be here. Though the pandemic has been a setback: we do have a blueprint for taking the game of polo to greater heights." says Padmanabh Singh, a passionate polo player and a custodian of the game.

Commenting on the changing trends in the game, he added: "In past few years, some of the polo teams have become quite professional and organized. In coming times, the competition in the game is only going to increase. Earnest efforts are also being made to make the sport more accessible, eye-catchy and spectator-friendly."



He was very well read, in tune with day-to-day happenings and was always available as a steady beacon in any crisis.

#OBITUARY

# 'The Mentor of Change'

"I would like to state with pride that a person having such intellectual brilliance, upright character, delicate human touch, a large heart and kindness largely personified in his words and works can hardly be found in today's world."



Maharao Brijraj Singh Ji Sahib (1934-2022)

# 'The Idea is to Die Young as Late as Possible'

"I got to meet him as a young Captain in the mid-70s, when he was serving his third term as the Member of Lok Sabha from Jhalawar. I was then Second-in-Command with the President's Bodyguard."




**Lt. Gen Ajai Singh, PVSM, AVSM**
*Former Governor of Assam and veteran of the 1965 & 1971 Indo-Pak conflicts*


To condense a towering Personality like Maharao Brijraj Singhji of the erstwhile Kota state is almost an impossible task; because his personality dimensions range from dignified true royalty to a very humble commoner deeply concerned about the vast public he rules. Very few have known him so intimately as myself as I have been associated with him since our childhood days. Our school education at the famous Mayo College, and later my army career which he closely monitored including my performance throughout my service, and my Constitutional Appointment as Governor of Assam.

It was not just because of our intimate relationship, but more because he had placed trust in me to serve the nation with commitment and dedication. For him to monitor my performance became easier as his late Father Maharao Bhim Singhji was the Honorary Colonel of my World-Famous regiment – The Poona Horse. In the evening of his exceptional life, his fondness for my regiment never withered, and as a departure gift, the regiment presented the 'History of The Poona Horse' written by our legendary commandant late Gen Hanut Singh, MVC.

Since I am just on the subject of his close association to the Armed Forces (whom he intensely admired); I will just as a side note write few words about his personal contribution to Army Formations stationed at Kota. Since the old cantonment where the erstwhile State Army (The Kota Umed Infantry was situated) had become too small a house, the larger formations being inducting in the state, He took the initiative to voluntary donate his palace land to build and enlarge the new cantonment. Today, Kota can boost of about the best cantonment in the country, with excellent accommodation, training areas, play grounds including an excellent golf course.



(L to R ) - Princess Uttara Devi, Maharajah Brijraj Singhji, Kalpana Devi daughter-in-law of Maharani Uttara Devi, Prince Ijyaraj Singh Son of Uttara Devi.

Among his many achievements, his taking over as the Chairmen of the Old Boy Council at Mayo Collage brought about in their traditional school a sea change to match up or even surpass the best public schools in the country.

This he assured by selecting outstanding Principals, and directing them to bring about the necessary changes in the school to meet the global standards without disturbing the traditional, cultural ethos of the college. Any visitor, either an old boy of the school or an educational expert can perceive this dramatic change that adorns the Mayo Collage now.

The other remarkable changes that he brought about in his royal personality and background was to adapt himself to the political transformation that India was going through after Independence. The erstwhile states had merged as the union. Without the least change to his personal royal dignity, he merged into the political culture swarming the nation to ensure that his erstwhile state of Kota gets not only benefits from the change but still retain its original cultural and traditional values. Even after the Kota state became a district of Rajasthan, he ensured that Kota retains its original charm by preserving all the cultural artefacts and traditional heritage of the state.

I would just like to state without any fear of contradictions that having known Maharao Sahib so intimately, only few personalities can carry their royal decorum with such effortless ease, dignity, and display unmatched humbleness at the same time.

Since we were in school together and later on also during my close interactions with him, I would like to wind up by stating that a person with such intellectual brilliance, upright character, delicate human touch, a large heart and kindness largely personified in his words and works can hardly be found. In my vision, he will always remain a giant amongst men in the years to come undoubtedly.




**Lt. Gen Aditya Singh PVSM, AVSM**
*Military Historian, Former General Officer, Commander-in-Chief (Southern Command)*


Maharao Brijraj Singh Ji Sahib of Kotah's sudden demise on 29th of January, a month short of his 88th Birthday, has casted a shroud of grief over the entire Mayo Fraternity. He was serving his fourth term as the President, Mayo College General Council (MCGC), and was a larger-than-life statesman who had guided the institution for almost five decades.

My eulogy is as a former student of Mayo College, as also a member of the MCGC, to try and record his manifold contributions and his role as a mentor. This is because as a head of one of the leading princely families of Rajasthan, he was a national figure, thus there would be many who would have known him much better.

I got to meet him as a young Captain in the mid-70s, when he was serving his third term as the Member of Lok Sabha from Jhalawar. I was then Second-in-Command with the President's Bodyguard, and was privileged to receive the benefit of his friendship and guidance. As I came to know him, I could not but marvel at his sense of balance and acceptance of a new India. Despite being the heir to the throne of Kota, he exuded the common touch, as also understood and practised what he envisaged was necessary for an emerging nation. There was no sense of privilege and I distinctly remember that he ensured that his children went to college in a DTC bus. It was something to be admired.

He was a Patron of the MCGC, and carried forward the legacy of his father,





Maharao Bhim Singh Ji II Bahadur, who was its President from 1945 to 1947, and thereafter from 1966 to 1988. His accession as President in 1998 was thus, destined. He served two terms for a period of ten years and was re-elected in 2013. Keeping in view his immense contribution, he was unanimously elected for a fourth term in 2018, and was deeply involved and oversaw all activities till the very end. In fact, the Secretary of MCGC received directions on some issues just a day before his sad demise. The suddenness of his passing is thus, a tragedy, and a void of catastrophic proportions.

As a former student, he not only excelled in academics but was involved in extra-curricular activities and was a gifted artist. Some of his works continue to adorn the walls of Mayo College. He widely travelled and had witnessed the transition from the princely era to independent India. In keeping up with the sense of duty ingrained in Indian royalty, he undertook to serve his people and was elected for the Lok Sabha seat in 1962, and continued for three consecutive terms. A rare achievement. In 1983, he as the President of Old Boys Association, was instrumental in arranging for the then Prime Minister, Mrs Indira Gandhi to visit Mayo College.

His sagacity combined with his experience, provided him the ability to take objective long-term views and build institutions. This guidance was necessary and under his stewardship the Schools of MCGC have carried forward the legacy and are recognised not only as being the best in the country, but amongst the most talanted intellectuals of the world.

He was very well read, in tune with day-to-day happenings and was always available as a steady beacon in any crisis. In my over two decades of association with the MCGC, I have been a witness to some such instances, and must express my deep appreciation for the manner in which he ensured that there was no wavering from the vision of the MCGC i.e. 'To build on tradition and prepare global leaders with character'. His singular role to ensure the best for the institution, has to thus be gratefully acknowledged.

'Maharao Sahib' as he was fondly known, was always present at the major functions and in particular, enjoyed the cultural performances. He instituted the Kota Medal for Dramatics. His erudite guidance at every Prizegiving was current and inspiring for every student. MCGC has lost a father figure who will be sorely missed. As an inspiration to generations, he epitomised the adage 'the idea is to die young as late as possible'. He practised and ensured the MCGC credo, 'Let There Be Light.'

Our thoughts and deepest sympathies go out to Maharani Uttara Devi Sahiba, Maharaj Kumar Ijyaraj Singh Ji, and rest of the family for this huge loss. We pray that Almighty grants *Sadgati* to the departed dear soul and strength to his family, to overcome this trauma. Om Shanti!

writetoarbit@rashtradoot.com



Mayo College, Ajmer




Maharao Brijraj Singhji's Kota Darbar



Brij Raj Bhavan Palace Kota

#TECHNOLOGY




You'll never be able to get a clean slate -- but you can significantly downsize your digital footprint.

# Delete Yourself from the Internet

Depending on when you were born, there's a good chance you've spent either several decades online or have never known an offline world. Whatever the case, the internet and its advertising giants know a huge amount about your life.

Amazon, Facebook and Google all have reams of data about you - including your likes and dislikes, health information and social connections - but they're not the only ones. Countless murky data brokers that you've never heard of collect huge quantities of information about you and sell it on. This data is then used by other companies you've likely never heard of to nudge you into buying more stuff. On top of that, all your ancient web forum comments and ill-advised social media posts are still out there, waiting to turn you into a milkshake duck.

At this stage it's going to be very difficult to completely delete yourself from the internet, but there are some steps you can take to remove a lot of it. Removing personal information and deleting accounts is a fiddly process, so it's better to break it down into a few smaller steps and tackle them over time.




### Get Google Search Results Updated

You can't change the way that Google displays its search results, but there are some limited steps you can take to make sure that what's displayed is up to date and to remove harmful details, such as doxing attempts. If a web page has been updated by its owner but it isn't reflected in Google's search results, you can use its tool to remove outdated content. Google will update its search results for pages that no longer exist or are significantly different to the versions it has indexed previously.

Google will also consider requests to remove harmful content. If there are non-consensual explicit images; fake pornography; financial, medical, or national ID data; doxing or images of children on websites then you can ask for them to be removed. To do so, you'll have to submit a form and provide evidence of the content.

### Delete Old Online Accounts

There's no real shortcut to finding and deleting accounts that you don't use anymore. But if you really want to minimize your online presence then you need to track down those old Myspace and Tumblr accounts and remove all traces of them. For that you're going to need a web browser, preferably on a laptop or desktop and a good chunk of time.

Start by making a list of all the old accounts you remember using-email addresses and usernames you've used can be helpful - and then work through them one by one. For each you'll need to sign in or recover the account and navigate through the deletion process. As a handy starting point, Justdelete.me has a list of links that point to the deletion pages.

If your list of accounts to delete is running short, then it's worth checking saved logins in your password manager or browser to refresh your memory. Alternatively, you can search your inbox for old subscriptions and online accounts.

### Clean Up Your Digital History

Even if you're not deleting your online accounts you can still clean up what data you store online. It's likely your email account contains thousands of old messages (and attachments) dating back years; your Facebook and Twitter accounts might still have posts on them that you'd rather didn't resurface publicly.

### Go Nuclear

A lot of the ways to remove yourself from the web are time-consuming and involve a lot of paperwork. There may be some instances where you may want to try to speed things up a little or use legal muscle. It may be sensible to seek legal advice and help removing your data from the web if it involves defamatory statements, explicit photographs, and other harmful content.

While you should treat any third-party data-removal service with caution, make sure you read their privacy policies before using them there are some paid options for helping remove yourself from the web.

### Future Protections


It's pretty much impossible to keep your data off the internet entirely, but there are some steps you can take going forward. First, consider how much information you want to proactively put online. When you're signing up for new online accounts, consider whether you need to enter your personal details or whether it would be better to use a burner account to mask your identity.

Where possible avoid using Big Tech for all your online activities. Pick a web browser and search engine that don't collect your data; use end-to-end-encrypted apps and disappearing messages when appropriate and understand what data WhatsApp, Instagram, Google, Amazon, Spotify and others collect about you.

Finally, it's not just on you. If you're keen to be invisible online then you should also consider discussing your position with friends and family. Most people are likely to be considerate to request not to post your photo or location on social media.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा की सुभाष लाइब्रेरी का हैरिटेज लुक लोगों को आकर्षित करेगा

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोचिंग सिटी कोटा को पर्यटन सिटी बनाने के लिए जहां एक ओर चंबल रिवर फ्रंट, ऑक्सीजोन सिटी पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट आकार ले रहे है, कोटा को ट्रैफिक लाइट फ्री सिटी बनाने के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास के कार्य अंतिम दौर में है, वही कोटा की हैरिटेज को भी उसके प्राचीन स्वरूप में लौटाने और आकर्षक बनाने के लिए सौन्दर्यकरण के कार्य किए जा रहे है।

इसी कड़ी में कोटा के स्टेशन पर स्थित सुभाष लाइब्रेरी जो जीर्णशीर्ण हो गई थी उसको हैरिटेज लुक देकर नगर विकास न्यास कोटा आकर्षक और भव्य बनाने में जुटा है। साथ ही सुभाष लाइब्रेरी के पास आस्था के बड़े केन्द्र शीतला माता मंदिर परिसर को भी मार्बल, जोधपुर, बांसवाड़ा स्टोन की खूबसूरत छतरियां, जालियों को निर्मित कर मंदिर के परिसर को हैरिटेज लुक देकर भव्य रूप दिया गया है। सचिव राजेश जोशी ने बताया कि कोटा रेलवे स्टेशन से बाहर आने के बाद यह खूबसूरत हेरिटेज इमारत लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। करीब 3 करोड़ 75 लाख की लागत से बिल्डिंग रिनोवेशन किया जा रहा है। सौन्दर्यकरण का यह कार्य अब अंतिम दौर में है। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनने वाली इस इमारत में कलात्मक स्टोन वर्क किया जा रहा है इमारत की ऐतिहासिक छतरी का सौंदर्यीकरण का कार्य के साथ तोड़िया, कॉलम खिड़की, दरवाजें को आकर्षक, जोधपुर स्टोन से कलात्मक स्वरूप देकर निखारा जा रहा है। सचिव राजेश जोशी ने बताया कोटा में आने वाले पर्यटकों के लिए इमारत आकर्षण का केंद्र बनेगी।




कोटा के स्टेशन पर स्थित सुभाष लाइब्रेरी जो जीर्णशीर्ण हो गई थी उसको हैरिटेज लुक दिया जा रहा है।

**यह है इमारत का इतिहासः-** स्टेशन क्षेत्र में नगर परिषद कोटा द्वारा सन 1966 में रानीजी की धर्मशाला के समीप सुभाष वाचनालय संचालित किया गया था। इस वाचनालय में लगभग 1000 पाठक प्रतिदिन आते थे। उनको यहां सभी तरह के समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ने की सुविधा उपलब्ध उपलब्ध कराई जाती थी। सन 1993 में कोटा नगर निगम के प्रशासक एवं सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र

**■ शीतला माता मंदिर का स्वरूप भी हेरिटेज लुक से भव्य हुआ**

भटनागर द्वारा इस भवन की उपयोगिता कला पर्यटन सेवाओं के लिए भी प्रारंभ किया गया उन्होंने इस भवन के ऊपरी तल पर पर्यटक पूछताछ केंद्र स्थापित किया था जिसका उद्घाटन तत्कालीन कलेक्टर आरपी जैन द्वारा किया गया था। प्रशासक धर्मेंद्र भटनागर ने इस केंद्र से पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निगम के महाराव भीमसिंह पुस्तकालय में कार्यरत फिरोज अहमद जो कि कोटा के इतिहासविद् हैं उनको विशेष योग्यता के आधार पर यहां का पर्यटन प्रभारी नियुक्त किया गया था। फिरोज अहमद बताते है कि वाचनालय की इमारत पर बडी घडी भी स्थापित जो राहगीरों के लिए आकर्षण का केन्द्र है वो घड़ी आज भी इमारत पर लगी हुई है। इस केंद्र के माध्यम से सन 2006 तक पर्यटकों को अपनी सेवाएं दी उनकी सेवानिवृत्त होने के पश्चात यह पर्यटक केंद्र निगम द्वारा बंद कर दिया गया अब केवल वाचनालय संचालित है।

# निजी बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक फरार



मांडलगढ़ -बरुनंदनी मार्ग पर बाइक सवार को टक्कर मार कर निजी यात्री बस खाई में उतर गई।

मांडलगढ़ , (निस)। मांडलगढ़ - बरुनंदनी मार्ग पर सोमवार को तेज रफ्तार से चल रही एक निजी यात्री बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। बस अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद चालक बस से उतर कर फरार हो गया। बरुनंदनी चौकी प्रभारी प्यार चन्द ने बताया कि सोमवार साँय भीलवाड़ा से मांडलगढ़ की ओर जा रही एक निजी यात्री बस ने धाबाई की झोंपडियाँ के पास बाईक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक सवार बरुनदनी निवासी नरेश कुमार पुत्र जेठमल आमेटा 43 साल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँच बस के नीचे फँसे नरेश आमेटा के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए मांडलगढ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया हैं। मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीलवाडा-मांडलगढ वाया बरुनंदनी मार्ग पर संचालित बस करीब 20 साल पुरानी हैं। फिर भी यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर बस का संचालन नियम विरुद्ध धडल्ले से किया जा रहा हैं। बीगोद थाना पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।

# छात्र की हत्या का आरोप, जाम लगाकर प्रदर्शन किया

बयाना, (निसं)। बयाना के स्टेट हाइवे पर सोमवार को हॉस्पिटल व उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने एक सैंकड़ों लोगों ने रोड पर मृतक छात्र के शव के साथ धरना-प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया।

मृतक छात्र के पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों व अन्य लोगों ने छात्र अभय राजौरा की हत्या होने का आरोप लगाते हुए उसके हत्यारों का जल्द सुराग लगाने व गिरफ्तार करने की मांग करते हुए जाम लगा दिया था। जिसके कारण इस रोड पर दोनों ओर मोटर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों व समाज के लोगों की घंटों चली समझाइश के बाद यह जाम खुल सका। जाम के चलते करीब ढाई घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस को घंटों तक कवायद करनी पड़ी। गौरतलब रहे कस्बे के शिव कॉलोनी निवासी 12 वीं कक्षा के छात्र अभय पुत्र विष्णु कबाडी का शव रविवार देर शाम को कस्बे की पहाड़ियों के बीच क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था। जिसका आज पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया था।



बयाना के स्टेट हाइवे पर लगा लोगों ने जाम लगा प्रदर्शन किया।

# नेशनल हाईवे पर डीजल का टैंकर पलटा

कोटा, (निसं)। नेशनल हाईवे 52 पर कोटा से झालावाड़ की तरफ जा रहा एक टैंकर मंडाना टोल प्लाजा से टकरा गया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें टैंकर चालक और खलासी दोनों फंस गए।

आनन-फानन में मंडाना टोल प्लाजा का स्टाफ मौके पर पहुंचा और दोनों को बाहर निकाला। इस दौरान टैंकर क्षतिग्रस्त होकर फूट गया। जिससे सड़क पर ही डीजल बहने लगा है। गनीमत रही कि टैंकर में आग नहीं लगी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। एहतियातन तौर पर कोटा से दमकल मौके के लिए भेजी गई है। सूचना मिलने पर मंडाना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

टैंकर के पलटने के बाद पुलिस ने आवागमन को रोक दिया है। मंडाना टोल प्लाजा के मैनेजर ने बताया कि टैंकर भारत पेट्रोलियम का है। उसमें सवार खलासी और ट्रक ड्राइवर को तुरंत एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेज दिया गया है। एहतियातन पूरे रास्ते को बंद कर दिया गया। क्योंकि टैंकर से लगातार डीजल का

**■ गनीमत रही कि टैंकर में आग नहीं लगी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था**

**■ टैंकर पलटने के बाद पुलिस ने आवागमन को रोक दिया**

रिसाव हो रहा है और वह सड़क पर फैल रहा है। इसके चलते हाइवे पर आवागमन को थोड़ी देर के लिए रोक दिया है। जिसके बाद लंबी कतारें हाइवे के दोनों तरफ वाहनों की लग गई। टैंकर के पलटने की घटना टोल प्लाजा पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि 6.10 पर एक तेज गति से आता हुआ डीजल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर टोल प्लाजा की बाउंड्री से टकरा जाता है। इस टैंकर से चंद फिट दूरी पर ही एक कार गुजरती है। टैंकर और कार के बीच में कुछ सेकंड का ही फासला था। टैंकर को क्रेन से हटाने का क्रम जारी है।

# भाखड़ा नहर के रेगुलेशन में बदलाव का विरोध

हनुमानगढ़,(निसं)। जिले में किसानों ने भाखड़ा की नहरों में 2 फरवरी से पानी चलाने की मांग की है। किसान रायसिंह जाखड़ बनवाला ने बताया कि करीब एक माह पहले बारिश होने के कारण रेगुलेशन कमेटी ने 21 दिनों की बंदी ले ली थी।

मोबाइल फोन पर ही अब मीटिंग कर बंदी को 7 दिन और आगे बढ़ा दिया गया है। 2 फरवरी को रेगुलेशन बनना था वह अब 9 फरवरी तक खिसका दिया गया है। 9 फरवरी को रेगुलेशन बनता है तो भाखड़ा की आधी से ज्यादा नहरों में 17 फरवरी को पानी छोड़ा जाएगा। 17 फरवरी को पानी छोड़े जाने की स्थिति में आधे से ज्यादा किसानों के खेतों में 24 फरवरी तक पानी पहुंचेगा।

इस हालत में तब तक किसानों की फसलें जल जाएंगी। किसान सौ प्रतिशत बर्बाद हो जाएंगे। अब बारिश भी नहीं है। मौसम में भी परिवर्तन हो रहा है। कोहरा भी नहीं छा रहा। गेहूं, जौ, चना की फसल में पानी की सख्त आवश्यकता है। अत्यधिक धूप के कारण फसलें मुरझाने लगी हैं। पानी नहीं मिला तो भाखड़ा क्षेत्र के आधे से ज्यादा किसान फसलें खराब

**■ रेग्यूलेशन कमेटी सदस्यों पर लगाया मनमानी करने का आरोप सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी**

**■ किसानों ने भाखड़ा की नहरों में 2 फरवरी से पानी चलाने की मांग की**

**■ पानी नहीं मिला तो भाखड़ा क्षेत्र के आधे से ज्यादा किसान फसलें खराब होने से बर्बाद हो जाएंगे**

होने से बर्बाद हो जाएंगे। दूसरी बार खाद यूरिया भी बिना पानी नहीं दे सकते हैं। रेग्युलेशन कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर है। अध्यक्ष होने के नाते वे चंडीगढ़ में हो रही बीवीएमबी भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक में शामिल होने गए सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए पानी उपलब्ध करवाने के निर्देश दे ताकि जल्दी पानी मिल सके और 2 फरवरी को रेग्यूलेशन बन सके। इसे लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया है। किसानों का है कि रेग्यूलेशन कमेटी के सदस्य अधिकारियों को जमीनी हकीकत से अवगत नहीं करवाते हैं।

रेग्यूलेशन कमेटी के सदस्य अपनी मनमानी करते हैं। इस कारण सही बात अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती है। इसलिए पिछले 50 सालों से भाखड़ा का किसान बर्बाद हो रहा है। परिवार चलाने के लिए बैंकों व आढ़ तियों से कर्ज लेकर डूबा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 2 फरवरी तक भाखड़ा की नहरों का पानी नहीं छोड़ा जाता है तो किसान आंदोलन के लिए सड़कों पर आ जाएंगे और इसकी जिम्मेदार रेग्यूलेशन कमेटी होगी। उन्होंने भाखड़ा नहरों में समय रहते पानी छोड़ने की मांग की ताकि किसानों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

# कांग्रेसी पार्षदों का धरना चौथे दिन भी जारी

छबड़ा, (निसं)। छबड़ा नगर पालिकाध्यक्ष की कार्यशैली से आक्रोशित कांग्रेसी पार्षदों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने धरने में पहुंच कर समर्थन किया।

कांग्रेस पार्षद संघर्ष समिति के प्रवक्ता हेमंत पारीक एडवोकेट ने बताया कि कांग्रेस पार्षदों द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना नगरपालिका परिसर में चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन पार्षदों के धरने में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य एडवोकेट दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रधान व वर्मतान पंचायत समिति सदस्य मानसिंह धनोरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरिष माहेश्वरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद प्रताप सिंह व जिला सचिव प्रवीण शर्मा ने धरने में पहुंचकर समर्थन दिया।

# ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स की रस्में दो या तीन फरवरी से शुरू होंगी

अजमेर, (कासं)। अजमेर वाले ख्वाजा गरीब नवाज यानी मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 810 वां सालाना उर्स रजब का चांद दिखाई देने पर दो अथवा तीन फरवरी से धार्मिक रस्मों के साथ शुरू हो जाएगा। दौराने उर्स छह दिनों के लिए हिजरी की 29 तारीख यानी जन्नती दरवाजा भी 2 फरवरी को खोल दिया जाएगा। इस दौरान छोटे कुल व बड़े कुल की रस्म होगी। ग्यारह फरवरी को उर्स विधिवत संपन्न हो जाएगा। इस दौरान हजारों हजारों अकीदतमंद जमा होंगे। पाकिस्तान से 500 सदस्यों के जायरीन जत्थे के अजमेर पहुंचने की सूचना है।

पाकिस्तान से 500 जायरीन जत्थे के आने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन हरकत में आया है। अजमेर जिला प्रशासन को पाकिस्तान से 500 सदस्यीय जायरीन जत्था फरवरी में पहुंचने की प्रारंभिक सूचना के अनुसार चार या पांच फरवरी को विशेष रेलगाड़ी के जरिए 500 पाकिस्तानी जायरीन अजमेर आ सकते हैं। करतारपुर साहब कॉरीडोर खुलने के बाद पाकिस्तानी जायरीन के अजमेर दरगाह शरीफ आने का रास्ता भी साफ हुआ है। हालांकि गत वर्ष कोरोना के चलते उर्स नहीं भरा जा सका था। ऐसे में पाकिस्तानी भी अजमेर नहीं आ पाए थे। पाक जायरीन जत्थे के ठहराने की व्यवस्थाएं भी अब तय की जा रही है।

महान सूफी संत हजरत ख्वाजा ग़रीब नवाज़ रह. के 810वें उर्स का आगाज बुलन्द दरवाजे पर परचम नस्ब होने के साथ अनौपचारिक रूप से शुरू हो चुका है। इस मौके पर बडे पीर की पहाड़ी से 21 तोपों की सलामी दी गई और सीआरपीएफ के ब्रास बैण्ड से ख्वाजा साहब की शान में धुनों को बजाया गया था। गरीब नवाज़ गेस्ट हाउस से असर की नमाज के बाद झंडे का जुलूस प्रारंभ हुआ जो लंगर खाना गली से निज़ाम गेट से बुलंद दरवाज़ा पहुंचा। दरगाह कमेटी के सदर अमीन पठान, नायब सदर मुनव्वर खान, सदस्य सपात खान सहित नाज़िम शादां जैब खान उपस्थित रहे। ख्वाजा साहब के उर्स में भीलवाड़ा का गौरी खानदान 1928 से यह परचम पेश करता हुआ आ रहा है। झंडे की रस्म के बाद से जिला पुलिस जाब्ता मुस्तैद दिखा, मार्गो की सफाई व्यवस्था के साथ ही रस्सों को बांध कर वाहनों को दूसरे मार्गों पर भेजने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। क्षेत्र में मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए। उर्स में जायरीन की आवक को देखते हुए व्यवस्थाए मुकम्मल की जाने लगी है। विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा साहब के 810 वें सालाना उर्स के लिए दरगाह में स्थित दोनों देगों का ठेका 1 करोड़ 85 लाख में छोड़ा गया है। दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन यादगार व अंजुमन सैयद जादगान के द्वारा संयुक्त रूप से कराए जाने वाले इस ठेके में दरगाह के खादिमों ने भाग लिया।

# खेत में पत्थरों के नीचे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

राजसमंद,(निसं)। जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र के अमरतिया में रविवार को शाम को अमरतियां के गुडलिया की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से करीब 500 मीटर अंदर स्थित एक खेत में ग्रामीणों को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेत पर काम करने पहुंचे ग्रामीणों को एक युवक का शव पत्थरों के नीचे दबा हुआ मिला। इस पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर मौके पर चारभुजा थानाधिकारी भवानी शंकर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर चारभुजा सीएचसी में रखवाया गया है। रात अधिक होने के कारण शव का सोमवार को पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त लक्ष्मणलाल (30) पुत्र भैरूलाल प्रजापत निवासी मादडी देव स्थान केलवा के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला बताया जा रहा है। थानाधिकारी भवानीशंकर ने बताया कि 30 जनवरी प्राप्त अमरतिया से गुडलिया जाने वाले कच्चे रास्ते से करीब 500 मीटर अंदर एक खेत में एक युवक का पत्थरों के नीचे शव पडा होने की सूचना मिली। इस पर मय जप्ता मौके पर पहुंच घटना स्थल का मौका मुआयना करते हुए रात हो जाने के कारण शव को चारभुजा सीएचसी में रखवाया गया। मौके पर मृतक के शरीर व सिर पर चोट के निशान मिले है तथा पास में एक खुन से सने पत्थर व एक लकड़ी की बल्ली पड़ी हुई मिली है। शव की शिनख्त के लिए पुलिस ने मौके जमा ग्रामीणों से पूछताछ कर जानकारी प्राप्त की तो मादडी देवस्थान केलवा निवासी लक्ष्मणलाल पुत्र भैरूलाल प्रजापत की होना सामने आया। इस पर पुलिस ने मृतक के परिजनों का इसकी जानकारी देते हुए शव की शिनाख्त के लिए बुलाया गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे युवक के काका प्रकाशचन्द्र पुत्र भंवरलाल प्रजापत ने शव की शिनाख्त अपने भतीजे लक्ष्मणलाल के रूप में की। पुलिस द्वारा इसे प्रथम दृष्टया हत्या का मामला बताया गया है। सोमवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की छानबीन करते हुए हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है।

ईधर घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर एएसपी शिवलाल बैरवा, कुंभलगढ डीएसपी नरेश कुमार शर्मा भी मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का मौका मुआयाना किया। वहीं घटना पर आवश्यक साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वॉयड टीम को भी बुलाया गया। बताया गया कि युवक माइंस पर मजदूरी का कार्य करता था।

# वाहनों की भिड़ंत में एक की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के समीप पुर थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह एक ट्रैक्टर व बोलेरो की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बोलेरो सडक पर दो से तीन पलटी खा गई। बोलेरो में सवार एक जने की मौत हो गई।

वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। पुलिस थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजमेर के लोहागल निवासी सोहनलाल पुत्र देवीलाल मेघवंशी व उदयपुर के भुवाणा निवासी गिरधारी पुत्र रघुवीरप्रसाद वर्मा सोमवार सुबह बोलेरो में गंगापुर से भीलवाडा की तरफ जा रहे थे। इस दौरान देवली चौराहा पुलिया के पास बोलेरो के आगे चल रहे एक ट्रैक्टर ने अचानक मोड लिया। इसके चलते बोलेरो पीछे से जाकर ट्रैक्टर से भीड गई। इसमें सोहनलाल व गिरधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सोहनलाल को मृत घोषित कर दिया।

# एटीएम उखाड़ने की कोशिश, पुरानी स्कार्पियो लेकर पहुंचे लुटेरे

जोधपुर, (कासं)। शहर में अब लुटेरे एटीएम तोड़कर रूपए चुराने के बजाए उसे उखाड़कर ही ले जाने का प्रयास करने लगे है। गुजरी रात ढाई से चार बजे के बीच पुलिस सकते में पड़ गई। कुड़ी थाना क्षेत्र के झालामंड- गुढ़ा रोड और सेक्टर 7 में एक साथ दो एटीएमों को बदमाशों ने उखाड़ने का प्रयास किया।

दोनों वारदातें एक ही कंडिशन में हुई और दोनों ही में स्कार्पियो के जरिए प्लास्टिक बैल्ट से बांधे जाने से वे टूट गए। दोनों में ही लूट में बदमाश कामयाब नहीं हो सके। एक एटीएम पर चौकीदार की सूझबूझ काम आई और उसने पुलिस तक सूचना पहुंचा दी। पुलिस की गाड़ियां भी दनदनाती पहुंच गई। आज दोपहर तक पुलिस मौका स्थल, एफएसएल टीमों के साथ ही कार्रवाई में जुटी रही। सूत्रों की माने तो स्कार्पियो का पकड़ा गया है और उसमें किसी पुलिस कर्मी का हाथ होने का भी संदेह जताया जाता है। फिलहाल उच्चाधिकारियों ने इस बारे में जानकारी होने से इंकार किया है। अतिरिक्त पुलिस

**■ किसी पुलिस कर्मी का हाथ होने का भी अंदेशा**

उपायुक्त हरफूल सिंह ने बताया कि रात ढाई से चार बजे के बीच कुड़ी थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर एटीएम लूट का प्रयास किया गया। एक स्कार्पियो में चार पांच लोग पहले झालामंड स्थित मोती मार्केट के गुढ़ा रोड पर आए एचडीएफसी एटीएम पहुंचे। यहां पर एटीएम में तोड़फोड़ करने के साथ उसे स्कार्पियो जरिए एक ग्रीन प्लास्टिक बैल्ट से बांधा जाता है। फिर उससे एटीएम को उखाड़ने का प्रयास किया जाता है। मगर लुटेरे इसमें कामयाब नहीं हो पाते। इसके बाद स्कार्पियो सवार लुटेरे कुड़ी में ही सेक्टर 7 पोकर स्वीट होम के नजदीक एसबीआई के एटीएम पर पहुंचते है। यहां पर भी एटीएम को उसी अंदाज में तोड़ने का प्रयास किया जाता है। मगर वे कामयाब नहीं हो पाते है और चले जाते है।

कुड़ी थाने के सबइंस्पेक्टर चनणाराम ने बताया कि एसबीआई एटीएम पर एक चौकीदार तैनात है। मगर रात को वह पास में ही सोया हुआ था। उसने स्कार्पियो आती देखी और बदमाशों द्वारा की जा रही कारस्तानी को देखता रहा। मगर वह साइड में होने के साथ पुलिस को गुपचुप तरीके से फोन कर सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस की गाड़ियां पहुंचनी शुरू हो गई।

आधी रात को घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक शिवहरे, एडीसीपी पश्चिम हरफूलसिंह, एसीपी बोरानाडा जेपी अटल, एसीपी पश्चिम चक्रवर्ती सिंह राग्रैड सहित लूणी थानाधिकारी देवीचंद ढाका, कुड़ी कार्यवाहक थानाप्रभारी एसआई चणनाराम आदि वहां पहुंचे।

पुलिस के आलाधिकारी आज दोपहर तक एटीएम में सेंध प्रयास के सीसीटीवी फुटेज देख रहे थे। स्कार्पियो की नंबर प्लेट भी नहीं है और वो पुरानी है। गाड़ी में चार लोग साफतौर पर नजर आए है और इनकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है। इस घटना में एक बार फिर किसी खाकी पर दाग लगने के आसार दिख रहे है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने कारखानों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को अजमेर पहुंचे। शर्मा ने अजमेर मंडल के कारखाना समूह का निरीक्षण के साथ लोको और कैरिज कारखानों में वर्कशॉप में चल रहे नवचारों की जानकारी भी ली। शर्मा ने मेमू के तीसरे रेक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने सोमवार को अजमेर मंडल के कारखाना समूह का निरीक्षण करने अजमेर पहुंचे। महाप्रबंधक शर्मा ने पहले कैरिज वर्कशॉप में वर्कशॉप लेआउट आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली तथा 40वां एनएमजी कोच (आरएसपी कार्य), एयर ब्रेक और सीबीसी सेक्शन, स्प्रिंग सेक्शन, बोगी शॉप, आरएमपीयू शेड और नव निर्मित पावर कार लोड टेस्टिंग बेडए वर्ष के 601 वें आईसीएफ कोचए 1075 वें एलएचबी कोच का, कैरिज स्टोर डिपो, हेरिटेज सैलून, केंद्रीय प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक शर्मा इसके बाद लोको वर्कशॉप पहुंचे और कार्यशाला के लेआउट आदि के बारे में अधीनस्थ अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बोगी शेड और रोलर बेयरिंग अनुभाग का निरीक्षण, हाल ही में कार्यशाला द्वारा निर्मित बीआरएन स्टैंचियन को देखा तथा डीजल शॉप का निरीक्षण भी किया। महाप्रबंधक शर्मा ने मेमू के तीसरे रेक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद 251वें बीटीपीजीएलएन वैगन का निरीक्षण किया। कारखाना समूह के निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में महाप्रबंधक शर्मा ने कहा कि रेलवे कार्यों में नवचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे में इलेक्ट्रिक कार्य के साथ ही डबलिंग ट्रैक का कार्य भी प्रगति पर है। कोरोना संक्रमण काल के चलते कार्य में कई समस्याएं आई थी, लेकिन अब एक बार फिर रेलवे की सभी गाडियां पटरी पर



उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने लोको कारखाने का निरीक्षण किया।

**■ मेमू के तीसरे रेक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

लौटने लगी है और पुरानी व्यवस्था फिर से लगातार लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा लोडिंग में भी दिए गए टारगेट पूरे करने के साथ ही लक्ष्य के अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया जा रहा है जो कि रेलवे के लिए अच्छे संकेत है। अपने एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे महाप्रबंधक शर्मा ने कार्यशाला भाग लिया और अधिकारियों की बैठक ली चर्चा की। महाप्रबंधक ने मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनके सुझाव व समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर उत्तर पश्चिम रेलवे वीके सक्सेना, मंडल रेल प्रबंधक अजमेर नवीन कुमार परसुरामका, मुख्य कारखाना इंजीनियर उत्तर पश्चिम रेलवे आरके मूंदड़ा, मुख्य कारखाना प्रबंधक एके अबरोल सहित अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### आयुवैदिक काढा पिलाया

**निवाई।** कोरोना महामारी से बचाव के लिए सोमवार को आयुर्वेद विभाग द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय भैरुबूल्या में आयुर्वेदिक काढा पिलाया गया। प्रधानाध्यापक मोलेश मीणा ने बताया कि विद्यालय में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. महेंद्रकुमार गुप्ता एवं लक्ष्मीनारायण मीणा के सानिध्य में विभिन्न प्रकार की आयुर्वेद औषधियों के मिश्रण से काढा तैयार करके विद्यालय के बच्चों और ग्रामीणों को सरपंच बृजमोहन राजवंशी तथा ग्राम विकास अधिकारी द्वारा आयुर्वेदिक काढा पिलाया गया।

### अभिषेक चायल उप प्राचार्य बने

**बस्सी।** राजस्थान विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव अरविंद कुमार शर्मा ने आदेश जारी करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय में लॉ कॉलेज प्रात: के सहायक आचार्य डॉक्टर अभिषेक चायल व राजीव सोनी का प्रमोशन करते हुये उन्हें एक वर्ष तक या अग्रिम आदेशों तक के लिए उप प्राचार्य नियुक्त किया है। कुलपति के आदेशानुसार डॉक्टर अभिषेक चायल व राजीव सोनी को सहायक आचार्य से उप प्राचार्य बनाये जाने पर विश्वविद्यालय के स्टूडेट व कॉलेज के स्टॉफ में खुशी की लहर हैं।

### बेंच व कुर्सियां की भेंट

**निवाई।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय व राजकीय अस्पताल में सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. हनुमान मीणा हनोतिया की स्मृति में दो बेंच व कुर्सियां भेंट की है। छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा एवं डॉ. रामलाल मीणा ने बताया कि सरपंच स्व. हनुमान मीणा की स्मृति में राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय अस्पताल में बेंच व कुर्सियां भेंट की। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्व. हनुमान मीणा को दो मिनट मौन कर भावभिनी श्रद्धांजली दी।

### ग्रामीण क्षेत्र में 3 घंटे विद्युत बंद रहेगी

**निवाई।** ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता धर्मसिंह मीणा ने बताया कि 11 केवी करेडा बुजुर्ग फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते हैं सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते गांव हरभांवता, करेडा बुजुर्ग, दतवास व मित्रपुरा के आसपास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी ।

### शिविर में अनेकों लोग लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर में 28 मरीजों ने अपना शुगर ,बीपी एवं वजन के साथ-साथ लायन डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी से निशुल्क परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया गया।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**राजगढ़।** राजगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में रखरखाव मरम्मत के चलते विद्युत आपूर्ति 1 फरवरी प्रात: 9 से सायंकाल 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता संजीव मीणा ने बताया कि 33 केवी विद्युत केंद्र से निकलने वाले फीडर की आपूर्ति बंद रहेगी।

# अवैध रूप से सड़क किनारे पेड़ काटते समय बाइक सवार पर गिरा पेड़

- बाइक सवार की मौके पर हुई मौत, पेड़ काटने वाले फरार, पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर किया जप्त



घटना की सूचना देने के बावजूद देर से पहुंची पुलिस को लोगों ने खरी-खोटी सुनाई।

**थानागाजी।** कस्बे स्थित सैनी धर्म कांटा के सामने सड़क किनारे लगे पेड़ों को दिनदहाड़े अवैध रूप से काटा जा रहा था। जिसके कारण सड़क से गुजर रहे दो बाइक सवारों पर पेड़ गिर गया जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पीछे बैठा युवक उछल कर साइड में गिर गया जिसे मामूली चोट आई।

प्रत्यक्षदर्शी वार्ड पार्षद मोहनलाल शर्मा ने बताया कि दो बाइक सवार युवक प्रतापगढ़ से विराटनगर जा रहे थे थानागाजी कस्बे के जयपुर रोड स्थित सैनी धर्म कांटा के सामने अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के दौरान अचानक बाइक पर पेड़ के गिरने से एक बाइक सवार की मौके पर ही हुई मौत तथा दूसरे युवक के उछलकर गिरने से सकुशल बच गया। सूचना देने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची मौके पर इस पर लोगों में भारी आक्रोश जताया तथा स्थानीय लोगों ने मृतक को पिकअप गाड़ी में डालकर सीएचसी थानागाजी पहुंचाया। जिसके बाद वार्ड पार्षद रोहिताश घांघल के साथ पहुंचे कस्बे वासीयों ने उपखंड अधिकारी से मृतक को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। पुलिस को सूचना देने के बावजूद देर से पहुंची पुलिस को लोगों ने खरी-खोटी सुनाई। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम महेश योगी पुत्र जगदीश योगी निवासी काबराला प्रतापगढ़,उम्र 28 साल तथा बाइक पर पीछे बैठे गोलू पुत्र सुवालाल योगी निवासी प्रतापगढ़ को हल्की चोटें आई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई । वही मृतक के परिजनों के आने के इंतजार में पुलिस मौके पर खड़ी रही जिससे अस्पताल परिसर में काफी भीड़ एकत्रित हो गई।

मृतक युवक ने हेलमेट लगाया हुआ था लेकिन भारी वजन के पेड़ के गिरने से हेलमेट सहित बाइक का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**परिवार में था खुशी का माहौल:** बड़े भाई के विराट नगर के सरकारी चिकित्सालय में बेटी ने जन्म हुआ था। जिनके कपड़े लेकर विराटनगर जा रहे थे रास्ते में ही हादसा हो गया। थानागाजी पुलिस वृता अधिकारी आदित्य पूनिया ने बताया कि परिजनों को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कहा गया है जो अभी तक पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अवैध रूप से पेड़ों का कटान करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत

**बस्सी।** उपखंड बस्सी के बस्सी फाटक पर स्थित निजी अस्पताल में सोमवार को प्रसव के बाद महिला की मौत हो जाने के बाद गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे को जाम कर दिया।

जानकारी मुताबिक बस्सी के बांसखो निवासी मृतक कविता मीणा को उसके परिजन बस्सी के आरडी सिटी अस्पताल में प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती करवाया था। महिला को प्रसव के बाद उसे ब्लड भी चढ़ाया गया था। लेकिन हालत खराब होने पर उसे जयपुर भर्ती कराया गया। इसके बाद सोमवार को महिला की मौत हो गई। महिला की मौत हो जाने के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कई घंटों तक जयपुर-गंगापुर स्टेट हाइवे जाम कर दिया। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा एवं बस्सी थानाधिकारी भूपेन्द्र समेत अन्य अधिकारियों ने परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाईश कर मामला शांत कराया।

# पुलिस की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बनाने में सोशल मीडिया की अहम भूमिका: डीएसपी

**खैरथल,** (निसं)। किशनगढ़बास पुलिस वृत्त के डीएसपी अतुल अग्रे ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावशाली बनाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम प्रमाणित हो रही है।

डीएसपी अतुल अग्रे ने भिवाड़ी पुलिस जिला के खैरथल थाना परिसर में सोमवार को आयोजित सीएलजी की बैठक में मौजूद सदस्यों से भिवाड़ी पुलिस के सोशल मीडिया के विभिन्न हैंडल्स से जोड़ने व प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न हैंडल्स के माध्यम से अल्प समय में रिकार्ड शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। अब इसमें सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों व ग्राम रक्षकों को जोड़ने व प्रोत्साहित करना है। बैठक में थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा द्वारा दो दिनों से शुरू की गई सुरक्षित, सुगम व निर्बाध यातायात व्यवस्था को स्थापित करने की मुहिम को



खैरथल पुलिस थाना परिसर में सीएलजी की बैठक को डीएसपी अतुल अग्रे व थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने संबोधित किया।

कारगर रूप से सफल बनाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा को बैठक में आमंत्रित कर संयुक्त कार्यवाही करने पर सहमति बनाई। इसके लिए सबसे बड़ी बाधा बाजारों में दुकानदारों की ओर से सामान को बाहर डिस्प्ले करने को बन्द कराने की जरूरत बताई। साथ ही साथ विभिन्न मांगों पर किये गये अस्थाई अतिक्रमणों को भी हटाया जाएगा। डीएसपी अतुल अग्रे ने कहा कि यातायात व्यवस्था को निर्बाध रूप से संचालित करने में व्यापारियों का सहयोग पाने के लिए मंगलवार को संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्षओमप्रकाश रोघा व सभी ट्रेड यूनियन के अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है और नगरपालिका प्रशासन द्वारा भी दो दिनों तक ध्वनि प्रसारण यंत्र से मुनादी करवा कर सामान आदि दुकानों के बाहर डिस्प्ले नहीं करने की अपील की जाएगी। इसके बाद भी कानून का उलंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उन्होंने पालिका के ईओ पवन कुमार शर्मा से पूर्व में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों पर बातचीत कर कस्बे के प्रमुख स्थानों पर वाई-फाई सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अभिशंसा व्यक्त की।जिस पर ईओ द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव रखने व पारित कराने का भरोसा दिलाया।इसके साथ ही खोमचे, रिक्शा,आटो, आदि वाहनों को बेतरतीबी से एक खड़ा करने और ग़लत पार्किंग करने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालान काटे जाएंगे। बैठक में अवैध शराब बिक्री, नशाखोरी और जुआं खेलने की शिकायतों पर डीएसपी ने कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए।

## मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का स्नेह मिलन समारोह

- कार्यकारिणी का किया विस्तार

**मंडावरी,** (निसं)। मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का स्नेह मिलन समारोह मंडावरी कस्बे में स्वर्णकार समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सामाजिक सेवा संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार कर विभिन्न पदों पर सामाजिक लोगों को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्याम भटालिया व महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा मायच प्रदेश महामंत्री राजकुमार सहदेवड़ा मौजूद रही।

इस दौरान सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी में राजमल सोनी व ओमप्रकाश कजोतिया और रमेश कजोतिया को मनोनीत किया गया। इसी तरह जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश ढिल्लीवाल व उपाध्यक्ष पद पर दीनदयाल सोनी को जिम्मेदारी दी गई। गोवर्धन सोनी सूरजमल सोनी मोहन सोनी श्रवण सोनी मुरारी सोनी गिरधारी सोनी नवल चोडवा विनोद सोनी लालसोट को सदस्य मनोनीत किया गया। रमेश ढिल्लीवाल अनिल सोनी प्रवीण सोनी तहसील उपाध्यक्ष गोविंद सोनी तहसील महामंत्री शिवचरण सोनी कोषाध्यक्ष मंगल सोनी संगठन मंत्री महेश सोनी आदि कई स्वर्णकार समाज के लोग मौजूद रहे। स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्याम भटालिया ने कहा की स्वर्णकार समाज को एकजुट होकर प्रशासनिक राजनीतिक सहित विभिन्न वाछित जगहो पर खुद का प्रतिनिधित्व तय करना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर भी जोर दिया। महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा मायच ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ महिला सशक्तिकरण पर भी कार्य करने की मुझसे भी ज्यादा जरूरत है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल नसीर वादिया, उपाध्यक्ष कैलाश थोणगर प्रदेश संगठन मंत्री शंकर सोनी, प्रदेश प्रभारी गिर्राज खवाल, प्रदेश प्रचार मंत्री गिरिराज जोड़ा, नांगल दोसा व जयपुर महामंत्री उर्मिला जोडा, ममता कुकरा, कमलेश मांडण सहित कई मौजूद रहे।

## प्रतिष्ठानों के बाहर वैक्सीनेशन की डिटेल चस्पा करना अनिवार्य

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे से सहित अन्य क्षेत्रों के व्यापारियों को राज्य सरकार की गाईडलाईन के सम्बंध में स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार आज 1 फरवरी से सभी व्यापारीयों को अपने प्रतिष्ठान के बाहर वैक्सीनेशन की जानकारी चस्पा करना अनिवार्य हो गया है।

इसके लिए उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक प्रकाशचन्द, फुलेरा नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नगेन्द्र चौधरी, फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड के साथ व्यापार महासंघ अशोक सोनी व व्यापारीयों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान स्थानीय प्रशासन ने सभी व्यापारीयों व प्रतिष्ठान पर कार्य करने वाले कार्मिकों की संख्या और उनके वैक्सीनेशन की पूरी जानकारी प्रतिष्ठान के बाहर चस्पा करना अनिवार्य किया गया है और साथ ही बताया कि जो व्यापारी व उनके सभी कार्मिक वैक्सीनेटेड होना आवश्यक है।

## निम्न गुणवत्ता के प्याज बीज बेचने वालों के विरूद्ध कृषि विभाग ने की कार्रवाई

**अलवर,** (निसं)। कृषि विभाग की टीम द्वारा निम्न गुणवत्ता के प्याज बीज रखने एवं अवैध रूप से बेचान करने की सूचना पर तीन व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की गई।

कृषि विभाग के उप निदेशक पूरण चन्द मीना ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आज कृषि अधिकारी पौध संरक्षण कार्यालय के खाद बीज एवं कीटनाशक निरीक्षक बबलेश कुमार एवं सहायक निदेशक कृषि विस्तार अलवर श्री बालमुकुंद शर्मा के द्वारा महाराष्ट्र के गांव दैलगांव बाजार तालूका सिलोड निवासी सैयद फारूक एवं कयूम पटेल रसीद को बोरियों में भरे खुले प्याज बीज का अवैध रूप से बेचान करने तथा इनके साथ अलवर जिले की तहसील लक्ष्मणगढ के गोठडा निवासी लुकमान खान के द्वारा गाडी नम्बर एम एच 28 एएन 1717 की डिग्गी में बोरियों में भरे खुले प्याज बीज को बौगस ग्राहक को तोलते समय कृषि विभाग की टीम एवं पुलिस जाब्ते ने पकडा गया। पुलिस की सहायता से गाडी सहित तीनों को एनईबी थाना अलवर लाया गया। पुलिस थाने में इनके खिलाफ बीज नियंत्राण आदेश 1983, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं आईपीसी की धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई गई।

उन्होंने जिले के सभी किसानों को सूचित किया है कि जिले में वर्तमान में प्याज की बुवाई का समय चल रहा है। उन्होंने जिले के सभी किसान भाइयों से अनुरोध है किया है कि प्याज का बीज जिले के अधिकृत आदान विक्रेताओं से ही क्रय किया जावे तथा उसका पक्का बिल अवश्य ले, किसी भी प्रकार के व्यक्ति से बीज क्रय नहीं करें। इस प्रकार के बीज गुणवत्तापूर्ण नहीं होते है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। यदि आपके क्षेत्रा एवं आसपास कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से इस प्रकार का खुला हुआ प्याज का बीज का बेचान करता है तो तुरन्त उसकी शिकायत कृषि विभाग के काखमकों एवं कार्यालय में देवे।

## सार-समाचार

### गुराई के चारागाह से 6 महीने की अवधि में अतिक्रमण हटाने के आदेश

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने टोंक जिले की गुराई ग्राम पंचायत के चारागाह भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही 6 माह में पूरी करने के टोंक कलेक्टर को आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी व न्यायाधीश समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश गुराई पँचायत के निवासी गोविंद सिंह चौधरी द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिये। जनहित याचिका में बताया गया था गांव के प्रभावशाली लोगों ने पंचायत क्षेत्र की सैकडों बीघा चारागाह भूमि पर अवैध रूप से कच्चे व पक्के निर्माण कर रखे हैं साथ कई लोग इस भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है । जिससे ग्रामीण क्षेत्र के पशु धन को चराने में असुविधा हो रही है, इस बारे में ग्रामीणों ने कई मर्तबा स्थानीय प्रशासन को भी लिखकर अवगत करवाया लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई । मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए 6 माह में पूरी ग्राम पँचायत के चारागाह भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के टोंक कलेक्टर को आदेश देते हुए ग्रमीणों के अभ्यावेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए है ।

### 9 औषधि फर्मों के विरूद्ध निलम्बन की कार्रवाई की गई

**अलवर,** (निसं)। औषधि अनुज्ञापत्रा अधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्राक वचन सिंह मीणा ने बताया कि औषधि नियंत्रक अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण के दौरान अनियमितता जाए जाने पर 9 औषधि फर्मों के विरूद्ध निलम्बन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण टीम द्वारा मैसर्स श्री बजरंग मेडीकोज सामोला चौक (सामोला) को 11 फरवरी तक, मैसर्स माधव फार्मेसी एण्ड जनरल स्टोर इटाराणा रोड इटाराणा के पास सामोला, मैसर्स होपवेल फार्मेसी मेडिकल कटोरीवाला तिबारा, मैसर्स तिवाडी मेडिकल बस स्टैण्ड जमालपुर मालाखेडा, मैसर्स भूपेन्द्र मेडिकल्स एण्ड जनरल स्टोर मेला चौराहा न्यू बस स्टैण्ड राजगढ को 7 फरवरी तक, मैसर्स मनीष मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर गोविन्दगढ मोड रामगढ को 15 फरवरी 2022 तक, मैसर्स हर्ष मेडिकल्स कटोरीवाला तिबारा और मैसर्स शिफा मेडिकल स्टोर सरकारी हॉस्पिटल के सामने रामगढ को 10 फरवरी तक तथा मैसर्स आरोग्य फार्मेसी अपनाघर शालीमार गेट नम्बर 3 कटोरीवाला तिबारा को 21 फरवरी तक के लिए निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाई जाने पर निलम्बन की कार्रवाई की गई है।

### भामाशाह ने टेबल, कुर्सियां भेंट की

**पावटा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसोडी दांतिल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्ड पंच मोहर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता व सुरेश फौजी रामपुरा के विशिष्ट आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक पूरणमल गोठवाल ने बताया कि लगातार भामाशाह को प्रेरित कर छात्र छात्राओं के लिए सुविधाएं जुटाने एवं स्कूल के विकास के लिए संसाधन जुटाने की मुहिम में विशिष्ट अतिथि सुरेश फौजी रामपुरा ने अपनी सहभागिता निभाते हुए संस्था प्रधान को पांच कुर्सियां व पांच टैबिल भेट कीं। विद्यालय संस्था प्रधान ने बताया कि विद्यालय को सुविधा संपन्न एवं आदर्श बनाने के लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर रामकुमार यादव, जितेंद्र कुमार बाकोलिया, इंद्राज गुर्जर, रमेशचंद सैनी, ग्यारसीलाल गुर्जर रामपुरा, शिवपाल गुर्जर, हरदान गुर्जर, पूर्व वार्ड पंच दाताराम, एसएमसी अध्यक्ष कैलाश चंद गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बसंत पंचमी महोत्सव का शुभारंभ

**निवाई।** गांव डांगरथल में श्री च्यवन गौड ब्राह्मण समाज द्वारा बसंत पंचमी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें विधि विधान के साथ महर्षि च्यवन वंशजों ने पूजा-अर्चना की। समाज के मीडिया प्रभारी सूरजकरण शर्मा ने बताया कि महोत्सव को लेकर रामधुनी के साथ झांकी सजाकर गांव में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें समाज की सैकडों महिला-पुरूषों ने भी बढ चढकर भाग लिया। कलश यात्रा में तरह- तरह के राजस्थानी गीत व भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल महर्षि च्यवन मंदिर डांगरथल पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने कलशों की आरती करके कथा मंडप में कलशो को मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई सम्मानित जनप्रतिनिधि व समस्त च्यवन गौड ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**फागी।** राजकीय महाविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रशासन के तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ वंदना बरमेंचा ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम में संजय कुमार नामा, बंशीलाल बाजिया, महेंद्र चौधरी उपस्थित थे। मुरारी लाल दायमा में कार्यक्रम में आए हुए अतिथि एवं अन्य सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।श्री पुष्कर सिंह बगड़िया सहायक आचार्य एवं गणेश नारायण शर्मा सहायक आचार्य ने अनुशासन व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा।

### जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री दी

**श्रीमाधोपुर।** डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर विंग के सेवादारों ने संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा पर चल रहे ब्लॉक श्रीमाधोपुर के सेवादारों ने ढाणी जयराम का वाली में नारायण लाल इंसा के घर पर गरीब व अनाथ बच्चों को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए एवं कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरित किए एवं लोगों मास्क लगाने एवं वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित किया ।

### बलाई टोंक जिलाध्यक्ष नियुक्त

**निवाई।** अखिल भारतीय बलाई महासभा ने पार्षद रामबिलास बलाई को टोंक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गोपाललाल सरावता व प्रदेश महासचिव चुन्नीलाल मंडारवाल ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को समाज व संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# वार्ड की समस्याओं को लेकर पार्षद ने पालिका में दिया धरना

- पालिका प्रशासन पर पैसे लेकर काम करने का गंभीर आरोप लगाया



वार्ड 19 की पार्षद सलमा खान अपने पति सफीक और वार्ड के लोगों के साथ वार्ड की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगरपालिका प्रांगण में दरी बिछाकर धरने पर बैठ गई।

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में सोमवार को वार्ड 19 की पार्षद सलमा खान अपने पति सफीक और वार्ड के लोगों के साथ वार्ड की विभिन्न समस्याओं सहित विकास कार्य न होने को लेकर एवं पट्टे जारी करने में हो रही अनियमितताओं को लेकर नगरपालिका प्रांगण में दरी बिछाकर धरने पर बैठ गई और इस दौरान पालिका प्रशासन पर पैसे लेकर काम होने को लेकर गंभीर आरोप लगाए।

पार्षद सलमा खान का कहना है कि मेरे वार्ड में बिजली के पोल तक मैंने स्वयं के पैसे लगाकर खड़े करवाए हैं लेकिन प्रशासन इन पर बिजली लाइन नहीं डलवा पा रहा है जिम्मेदार बार-बार चक्कर कटवा रहे हैं। सफाई को लेकर भी घोर अनियमितताएं वार्ड में बरती जा रही हैं एवं बहुत बार तो मैंने स्वयं वार्ड में सफाई की है। इसके साथ ही वर्तमान में चल रहे प्रशासन शहरों के अभियान के अंतर्गत अभी तक मेरे वार्ड में किसी का भी पट्टा जारी नहीं किया गया है पालिका में केवल पहुंच वालों और पैसे देकर काम कराने वालों के काम बंद कमरों में हो रहे हैं। यहां तक कि कर्मचारी अधिकारी खुद चेयरमैन समय पर नगरपालिका कार्यालय नहीं आते हैं कार्यालय समय में भी कमरों के ताले लटके पड़े रहते हैं जोकि घोर अनियमितता है जनप्रतिनिधि समस्याओं को लेकर आते हैं या तो मिलते ही नहीं फोन भी नहीं उठाते हैं और अगर मिल जाए तो भी किसी प्रकार की जनहित की समस्याओं को लेकर सुनवाई नहीं की जा रही है।

धरने के दौरान पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा और अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा नदारद रहे। दोनों के ही कमरों पर ताले लटके मिले। मौजूद वार्ड वासियों ने बताया कि अभी तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने सुध नहीं ली है छोटे-मोटे कामों के लिए भी पालिका में लगातार चक्कर लगाने पर भी काम नहीं हो रहे हैं इसलिए सुबह कार्यालय खुलने के साथ ही वार्ड 19 पार्षद सलमा बानो धरने पर बैठी हुई है एवं पार्षद पति सफीक खान ने बताया कि जब तक वार्ड की समस्याओं को लेकर हमारी सुनवाई नहीं होती है तब तक अनिश्चित काल के लिए 11 बजे से 4 बजे तक धरना दिया जाएगा।

## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**निवाई,** (निसं)। कृषि मंडी के पीछे एक मकान में एक महिला ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतका के भाई रणजीत बैरवा ने बताया कि सोमवार की दोपहर सवा 2 बजे उसकी बहिन आरती को उसके पति एवं सास ससुर जयपुर से निवाई लेकर आए थे। तीनों ने आरती को घर पर छोड़कर बिना किसी से बात किए वापस चले गए। इसके बाद उसकी बहिन आरती एक कमरे में चली गई और कमरे अंदर से कुंदी लगा ली। परिवार के लोगों ने उसे बाहर से दरवाजा खोलने के लिए कहते रहे लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इस पर दरवाजा को तोडकर अंदर गए तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उपखण्ड अधिकारी त्रिलोकचन्द मीणा, पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा और थानाधिकारी अजय कुमार अस्पताल पर पहुंचे। और एफएसएल टीम को बुलवाकर टीम से मौके पर साक्ष्य जुटाए।

# भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू



अभियान के तहत 9 लाख 47 हजार की राशि एकत्रित की गई।

**पावटा,** (निसं)। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की प्रेरणा से भारतीय जनता पार्टी जयपुर जिला देहात उत्तर के विराटनगर विधानसभा की ओर से आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरुआत की गई।

प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा की मौजूदगी में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के राशि समर्पण से अभियान शुरू हुआ। सहयोग निधि अभियान के तहत जयपुर जिला देहात उत्तर के विराटनगर विधानसभा में 9 लाख 47 हजार की राशि एकत्रित की गई। प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि किसी भी संगठन में समर्पण व सहयोग की भावना होती है, तभी संगठन आगे बढ़ता है। भाजपा ऐसा संगठन है, इसमें कार्यकर्ताओं में समर्पण, सहयोग निष्ठा आदि भावनाओं का समावेश होता है। जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि समर्पण निधि जैसे कार्यक्रम से हम आम जनता से संपर्क बना सकते हैं। विराटनगर विधानसभा की जनता प्रत्येक काम मे हमेशा आगे रही है और इसी के तहत सहयोग निधि अभियान के दौरान विराटनगर ने एक दिन के संपर्क में 9 लाख 47 हजार की निधि समर्पित की । अभियान में अपना समर्पण भाव दिखाते हुए विराटनगर से पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद जी भिण्डा ने 51 हजार ,पावटा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने 2 लाख 51 हजार, सामाजिक कार्य कर्ता कन्हैयालाल मीणा ने 2 लाख 21 हजार, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने 1 लाख, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर ने 1 लाख, महेश हलसर ने 1 लाख, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी ने 51 हजार, पूर्व कृषि उपज चेयर मेन कोटपुतली सुरेश गठाला ने 51 हजार, रामेश्वर प्रसाद बाज्या ने 11 हजार, मक्खनलाल सैनी ने 11 हजार की सहयोग निधि का समर्पण किया।

इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि अभियान के सह संयोजक देवनारायण लटाला, जिला महामंत्री हेमन्त निर्मल, गिरिराज शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, कन्हैया लाल मीणा, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश राठी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्रीप्रसाद चौहान साथ रहे।

# पैमाइश के बाद नालों पर बनी दुकानों के मालिकों की उड़ी नींद

**किशनगढ बास,** (निसं)। विधायक दीपचंद खेरिया, चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल व एसडीएम ओम प्रकाश सहारण के निर्देशन में नगर पालिका ने गंज रोड पर अवरुद्ध हो रहे गंदे पानी निकासी नालों पर बने दुकानों- मकानों की पैमाइश कर अतिक्रमण को ध्वस्त किए जाने की तैयारी पूरी कर ली है। नोटिस के बाद सोमवार को की गई अतिकर्मियों के विरुद्ध पैमाइश की कार्रवाई से अतिकर्मियों को अब पीले पंजे का डर सताने लगा है। हालांकि दो दिन पहले ही नालों पर दुकानें बनाकर रह रहे दुकानदार विधायक से मिले थे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान गंज रोड पर अवरुद्ध नालों के चलते सड़कों पर बह रहे गंदे पानी से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत पर नगर पालिका अधिकारी ने अवरुद्ध नालों की समस्या को देखते हुए गंदे पानी निकासी के नालों पर बनी दुकान मकान मालिकों को नोटिस जारी कर दस्तावेज मांग लिए थे। लेकिन नोटिस की कार्रवाई के बाद नगर पालिका अधिकारी छुट्टी पर चले गए और मामला ठंडे बस्ते में बंद हो गया और गंदे नाले का पानी सड़कों पर लगातार बहता रहने से लोगों की दिक्कतें दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी तो



किशनगढ़बास के गंज रोड पर नालों पर बनी दुकानों की पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पैमाइश की।

पिछले दिनों लोग फिर से विधायक व एसडीएम से मिले और मुख्य सड़क गंज रोड पर बहते गंदे नाले के पानी से आमजन को हो रही परेशानी से निजात दिलाने की मांग की। समस्या को विधायक एसडीएम ने गंभीरता लिया और नगर पालिका को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

ऐसा नहीं है कि नगर पालिका की ओर से गंज रोड पर अवरुद्ध हो रही पानी निकासी को हल कराने के लिए प्रयास नहीं किए गए हो करीब 2 महीने से गंज रोड पर अवरुद्ध नालों की सफाई को लेकर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारीयों के साथ सफाई कर्मियों की टीम ने सभी प्रयास किए परंतु कामयाबी नहीं मिली और दुकानों मकानों के नीचे बने नालों की सफाई कराने में विफल रही। लोगों का कहना है कि गंज रोड पर अवरुद्ध पानी निकासी की समस्या सालों से है और पूर्व में भी दुकानों मकानों के नीचे बने नालों की सफाई को लेकर नोटिस और पैमाइश कर चिन्हित किए जाने की कार्रवाई प्रशासन की ओर से की गई है लेकिन नतीजा कोई नहीं निकल पाया है। इस बार लोगों को विधायक दीपचंद खेरिया चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल एसडीएम ओमप्रकाश सहारण से उम्मीद है सालों से अवरुद्ध हो रहें गंदे पानी निकासी की समस्या से इस बार निजात मिलेगी। एसडीएम ओमप्रकाश सहारण का कहना है नगर पालिका को निर्देशित कर पैमाइश की जा रही है पैमाइश के बाद अति कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- प्रशासन शहरों के संग शिविर में शिकायत मिलने पर नगर पालिका ने नोटिस जारी किए थे
- 2 दर्जन से अधिक दुकान-मकान हैं नालों पर
- नगर पालिका ने गंज रोड पर अवरुद्ध हो रहे गंदे पानी निकासी नालों पर बने दुकान-मकानों की पैमाइश कर अतिक्रमण को ध्वस्त करने की तैयारी की

## संक्षिप्त

### 11 जनों को बांटे योजना के चैक

**रींगस।** नगर पालिका के सभा कक्ष में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना में पालिकाध्यक्ष के आव्हान पर 11 लाभार्थियों को ऋण वितरित किये गये। नगर पालिकाध्यक्ष अशोक कुमावत ने बताया की राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यवाहक अधिषाशी शिवपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक मनीष गौर सामुदायिक संगठक पंकज शर्मा, पार्षद महेश अग्रवाल, अमित कुमावत, राकेश शर्मा, सीताराम कुलदीप भागीरथ मल द्वारा 50 हजार रूपये राशि के चैक वितरित किये गये।

### अरशद चिश्ती को-कॉर्डिनेटर बने

**टोंक,** (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वरा चलाये जा रहे डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत अरशद चिश्ती को अजमेर संभाग का को कॉर्डिनेटर बनाया गया। चिश्ती की इस नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौरसिया ने जिला महासचिव सुनील बंसल जी युवा नेता हँसराज गाता, जिला प्रवक्ता जर्रार खान, शिवजी राम मीना, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष यूसुफ इंजीनियर ने बधाई दी।

### गाय को बचाते समस टेंपो पलटा

**बहरोड़।** बहरोड़ से नीमराणा जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम दहमी के पास सड़क के बीच गाय आ जाने से तिपहिया वाहन टेंपो पलट गया। जिससे घटना के दौरान दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी कार से अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के दौरान टेंपो पलटने से टेंपो में आग लग गई। घायल व्यक्तियों को बचाने के लिए लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी। राजमार्ग पर कुछ समय के लिए हल्का जाम लग गया।

### अवैध शराब के साथ एक जना गिरफ्तार

**मालपुरा।** लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने सोमवार को दौराने गश्त के जरिए मुखबीर की सूचना पर अवैध शराब तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक पेटी देशी शराब के साथ एक जने को गिरफ्तार किया। कार्यवाही में अंराई रोड पर शैतान पुत्र कालूराम बागरिया निवासी बागरिया ढाणी आंटोली को रोक की गई पूछताछ व तलाशी में एक पेटी देशी शराब की बरामद हुई।

### दिलीप कुमार का सम्मान किया

**कोटपुतली।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें राजस्थान जयपुर के विभागीय समिति द्वारा नारेहडा सीएचसी में वरिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत दिलीप कुमार शर्मा को क्षेत्रिय मंत्री बनाने पर नारेहडा सीएचसी पर प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा के द्वारा सोमवार की साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### कोटपूतली में 10 पॉजिटिव मिले

**कोटपूतली।** बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि सोमवार को कोटपूतली ब्लॉक में 10 नये कोविड पॉजिटिव मरीज सामने आये हैं। क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 829 पहुंच गया है। जबकि 165 मरीज अभी भी एक्टिव हैं।

## 'आंदोलन में जो किसान शहीद हुए उनका मकसद पूरा हो'

**अलवर।** संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में सोमवार को बडी संख्या में किसान व पदाधिकारी अलवर कलेक्ट्रेट पहुंचे। सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पहले केंद्र सरकार ने किसानों से समझौता कर आंदोलन खत्म कराया। अब उनको पूरा नहीं कर रही है। जिन किसानों ने बलिदान दिया उनको हम भुला नहीं सकते। सरकार एमएसपी पर कानून बनाए। जिन किसानों पर केस लगाए वापस लिए जाएं। शहीद किसानों के परिवार के सदस्यों को नौकरी मिले। ऐसी अनेक मांगों पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इनको लेकर फिर से किसान सरकार को चेताने आए हैं।

किसानों ने कहा कि सरकार और किसान संगठनों के बीच सहमति बनी थी। जिस पर कृषि एवं कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल ने लिखित में आश्वासन दिया गया था कि किसानों को एमएसपी मिलनी सुनिश्चित की जाएगी। आंदोलन के समय किसानों पर दर्ज मुकदमो को तुरंत वापस लिया जाएगा। शहीद हुए किसानों के परिवारों को पंजाब की तर्ज पर लाभ दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों में किसानों पर लगे मुकदमो को वापस नहीं लिया गया है। इस कारण किसानों में रोष है।

लखीमपुर घटना में घायल किसानों को भी मुआवजा दिया जाए। इस कारण अब संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विश्वासघात दिवस मनाया गया। संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष नंद राम ओला, सिफात खां मैनेजर, सूरजमल कर्दम, राजेश सिद्ध, अनूप दायमा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

सिफात खां मैनेजर ने कहा कि 13 महीने के किसान आंदोलन के बाद केंद्र सरकार से समझौता हुआ था कि मुकदमे वापस होंगे, लेकिन अब तक नहीं हुए हैं। जिससे किसानों में रोष है। जिलाध्यक्ष नंद राम ओला ने कहा कि पूरे देश में जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ताकि सरकार को किए वादे याद आ सकें।

## 'विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तैयार करें'

**मालपुरा,** (निसं)। राज्य सरकार के आदेशानुसार मार्च माह में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर सोमवार को राउमावि मालपुरा में प्रधानाचार्य गिरधर सिंह ने शाला स्टाफ की आवश्यक बैठक ले आवश्यक निर्देश दिये। प्रधानाचार्य ने अवगत करवाया कि शिक्षक संशोधित पाठयक्रम एवं नवीन प्रश्न पत्र पैटर्न के आधार पर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवा विद्यार्थियों को पाठयक्रम की जानकारी दे। साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जिससे की विधार्थी बिना किसी दबाव के सकारात्मक मेहनत कर बोर्ड परीक्षा दे सके। परीक्षा प्रभारी शशिकान्त प्रजापत व डॉ. राजकुमार ने बताया कि राउमावि मालपुरा टोंक जिले का सबसे बडा बोर्ड परीक्षा केन्द्र है। जहां इस बार कक्षा 10 में 220,कक्षा 12 में 652 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## विद्यालय के आगे अतिक्रमण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**अलवर।** उमरैण ब्लॉक में राजकीय उत्कृष्ट उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला चारण के ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर के गेट पर गंदा पानी और अतिक्रमण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

बलवीर सिंह राजपूत ने बताया कि ग्राम पंचायत सालपुर में नंगला चारण में सरकारी विद्यालय के आगे कुछ गांव के ही दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है जिसे आए दिन कोई न कोई झगड़े होते रहते हैं और विद्यालय परिसर में जाने के लिए बच्चों को बडी मुश्किल से निकल कर जाना पडता है। एक तरफ तो गंदा पानी का तालाब भरा है दूसरी तरफ और आगे पशुओं का गोबर व लकडियां डाल रखी है जिसे विद्यालय में जाने के लिए वाहन वह मोटरसाइकिल एवं पैदल जाने में बडी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। साथ ही सुनीता देवी ने भी कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों की शिक्षा बहुत अच्छी होती है लेकिन बच्चों को जाने और आने के लिए रास्ते में बडी समस्या होती है जैसे विद्यालय के आगे गंदा पानी का भराव एवं लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उससे बच्चों को पशुओं के गोबर के रेवाडा में होकर गुजरना पडता है से बच्चों के पैर खराब हो जाते हैं और कई बार तो कपडे भी खराब हो जाते हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित में शिकायत देने के बाद भी और ग्राम पंचायत सरपंच को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इसको लेकर गांव के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और हमारी समस्या का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए वरना हम जिला कलेक्ट्री पर धरना दिया जाएगा। इस मौके पर मौजूद लोग बलवीर सिंह राजपूत ,सुनीता देवी, उषा देवी, रेणु देवी, आदित्य, मोनू, मदनलाल ,हेमंत ,मनीष कुमार ,गुड्डू, आदि लोग मौजूद रहे।

## गौ तस्करी के लिये रैकी करते दो जने गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना पुलिस ने रविवार की देर रात्री को दौराने गश्त मुखबीर की सूचना पर गौवंश की तस्करी के लिए रैकी करते दो जनों को गिरफ्तार कर एक कार जप्ती की कार्यवाही की।

थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात्री को मुखबीर के जरिए मिली सूचना पर बालापुरा मोड पर नांकाबंदी के दौरान तेज रफ्तार शिफ्ट वीडिआई कार सवार दो जने पुलिस जीप को देख भागने का प्रयास किया जो कि कार भगाने के दौरान सड़क किनारे खाई में गिर जाने पर तत्काल कार सवार दो जनों से की गई पूछताछ में गौवंश तस्करी के लिए रैकी करना सामने आने पर हबीब पुत्र वजीर खान व हुसैन पुत्र अजमेरी निवासी इस्लामनगर को गिरफ्तार कर कार को जप्त किया गया तथा दोनों के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

## बनास नदी में बजरी खनन की लीज जारी होने के बाद विरोध के स्वर उठे

**देवली,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की बनास नदी में बजरी का खनन की लीज जारी होने के बाद खनन कार्य शुरू होने के साथ खनन को लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं।

इधर बजरी व्यापारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि लीज धारक रॉयल्टी पर विभाग से जारी निर्धारित दर से कई गुना अधिक की वसूली वसूल रहे हैं। लीज धारक की इस मनमानी को लेकर लेकर सरपंच संघ ने भी बजरी खनन कर रहे ठेकेदारों पर रॉयल्टी की निर्धारित दर से अधिक वसूली किए जाने पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। सरपंच संघ ने उपखंड कार्यालय पहुंच कर उपखंड अधिकारी भारत भूषण गोयल को बताया कि बजरी की दरें आसमान छू रही हैं। जिसके कारण आमजन व विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसको लेकर सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में कई सरपंचों ने स्थानीय एसडीओ भारत भूषण गोयल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में बजरी खनन शुरू होने के साथ ठेकेदारों द्वारा नियमों को ताक में रखकर मनमानी की जा रही है। बजरी की दरें मनमाने ढंग से बढ़ाकर मुनाफाखोरी की जा रही है। सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि पूर्व में बजरी की ट्रॉली करीब 2 हजार 5 सौ रुपए के आती थी। लेकिन ठेकेदारों की मनमानी के चलते अब वही बजरी की ट्रॉली 8 हजार रुपए तक आ रही है। जिसके चलते आमजन परेशान है। वहीं ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में सरपंच संघ ने बजरी की दरों को निर्धारित किए जाने की मांग की है। इस दौरान बन्थली सरपंच श्याम सिंह ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो, सरपंच संघ की ओर से आंदोलन किया जाएगा। वही सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चौथमल मीणा, पोल्याडा सरपंच सरिता मीणा, निवारिया सरपंच मुकेश मीणा, मालेड़ा सरपंच विमला, पनवाड़ सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

- बजरी व्यापारियों ने आरोप लगाया कि लीज धारक रॉयल्टी पर विभाग से जारी निर्धारित दर से कई गुना अधिक की वसूली कर रहे हैं

## छात्रा से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**बौंली।** क्षेत्र के मलारना डूंगर थाने में एक नाबालिग छात्रा ने अपने पिता के साथ थाने में पहुंचकर दो युवकों के खिलाफ स्कूल जाते समय छेड़छाड़ व अश्लील भाषा का प्रयोग कर परेशान करने का मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि 25 जनवरी को नाबालिग स्कूली छात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूखा के स्कूल में साइकिल से पढ़ने जा रही थी छात्रा का पीछा करते हुए आरोपी आसिफ सालिम ने सुनसान जगह पर साइकिल को लात मारकर छात्रा को नीचे गिरा दिया और अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। छात्रा के चिल्लाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों बदमाश छात्रा को रोज परेशान करते थे इस बाबत पीड़िता के पिता ने भी उन्हें समझाया लेकिन बदमाशों ने छात्रा का पीछा करते हुए उसे छेड़छाड़ करना नहीं छोड़ा।

## सार-समाचार

### बंदरों को पकड़ने से मिली राहत



**राजगढ़।** अलवर नगर पालिका क्षेत्र राजगढ़ में बंदरों के पकड़े जाने से लोगों ने राहत महसूस की है। जागरूक लोगों ने पार्षद अलका सैनी सहित नगर पालिका एवं उपखंड प्रशासन के प्रति आभार जताया है। विदित रहे कि नगर पालिका क्षेत्र राजगढ़ के वार्डों में बंदरों से काफी ज्यादा आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा था जिसकी शिकायत वार्ड पार्षद एडवोकेट अलका सैनी ने उपखंड अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आदि को पत्र व्यवहार के माध्यम से अवगत कराया। कुछ जगह पर नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन ने पिंजरा लगा कर के और बंदरों को पकड़ कर के निजात दिलवाई है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 फरवरी को

**फुलेरा।** कस्बे के निकट धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर स्थित प्रजापति समाज की धर्मशाला में श्री प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति के तत्वावधान में 5 फरवरी बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले समाज के आठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की विशेष तैयारियों को लेकर समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल मारवाल आसलपुर की अध्यक्षता में किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष धन्नालाल प्रजापति ने बताया कि समिति के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 14 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। साथ ही आगे बताया कि विवाह सम्मेलन के दौरान राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन की पालना करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। वहीं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारीयां भी सौंपी गई। इस अवसर पर हुक्माराम दम्बीवाल, कैलाश चन्द, गोविंद राम, कालूराम मारवाल, गोपाल लाल होदकास्या, गज्जूराम, रामवतार, बाबूलाल, सोहनलाल मारवाल, छीतरमल कुण्डलवाल, गोपाल लाल, कालूराम, ओमप्रकाश, विनोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अध्यापक को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

**कोटपूतली ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पेजुका स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक 'शंकर लाल यादव' के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष पूरणमल भरगढ़ के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ है शिक्षा ही देश व समाज के उत्थान की प्रथम सीढ़ी है । अध्यक्षता पंचायत समिति कोटपूतली के उप प्रधान राजेंद्र रहीसा ने की । उन्होंने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे । विशिष्ट अतिथि के रुप में युवा रेवोल्यूशन के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक का समाज में विशिष्ट योगदान होता है । उन्होंने विद्यालय के माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत करने, खेल मैदान बनवाने, व विद्यालय के रंग रोगन की आवश्यकता होने की बात कही । इसके लिए सहयोग करने का बीड़ा भी उठाया । समारोह में पंचायत समिति सदस्य अशोक आर्य, पंचायत समिति सदस्य विक्रम यादव ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य दाता राम जाट, विक्रम सिंह लीडर, व्याख्याता मुकेश गुप्ता, मिथुन कसाना, हेमराज रावत आदि अतिथि उपस्थित रहे ।

### नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में सोमवार को वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अन्तर्गत एकल नृत्य एवं सामुहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने से सर्वांगीण विकास के अवसर प्राप्त होते है। मंच पर प्रस्तुती देने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है जो जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। एकल नृत्य प्रतियोगिता में करिश्मा शर्मा प्रथम, निकिता बंसल द्वितीय, विजयलक्ष्मी चारण तृतीय स्थान पर रही। सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता में पारूल शर्मा व काजल तंवर प्रथम एवं पूजा शुक्ला तथा मोनिका सैनी द्वितीय स्थान पर रही। इस मौके पर महाविधालय के संकाय सदस्य डॉ. कमलेश यादव, सहायक आचार्य मनोज कुमार सैनी, रमेश कुमार गुर्जर, राकेश सुण्डा समेत अन्य मौजूद रहे।

### कल्पवृक्ष की पूजा कर कन्या जिमाई

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह कस्बे के हरि सागर कुण्ड स्थित रामेश्वर वाटिका में वाटिका विकास समिति द्वारा सोमवार को कल्पवृक्ष पूजन कर कन्याओं को सहभोज कराया गया। पंडित अशोक कुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कल्पवृक्ष व भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रामधुनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व संघ के सदस्य मोजूद रहे। तत्पश्चात छोटी बालिकाओं को भोजन करा उपहार बांटे गये। वहीं मालपुरा सीबीईओ रमाशंकर स्वामी की सेवानिवृति पर एसडीएम आरके वर्मा सहित शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षाविदों द्वारा सीबीईओ को पगडी पहना सेवानिवृत्ति की बधाई व विदाई दी तो एसडीएम ने सीबीईओ द्वारा शिक्षा के नवाचार में किये गये कार्यों की सराहना की। वहीं महावीर दिगम्बर जैन मंदिर नवीन मंडी मालपुरा मे आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया।

### विष्णु मित्तल को डॉक्टरेट की उपाधि

**कोटपूतली।** फ्रांस की यूनिवर्सिटी इकोले सुपरियर रॉबर्ट डी सॉर्बन द्वारा दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष एवं आओ साथ चलें के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी अध्यक्ष डॉ. जॉन थॉमस ने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुये 9 वें दीक्षांत समारोह में मित्तल को सेवा-ग्रामीण विकास एवं स्थिरता में शोध पर मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। गौरतलब है कि विष्णु मित्तल स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें के राष्ट्रीय संयोजक है। उक्त संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से दिल्ली, राजस्थान सहित देश के अनेक हिस्सों में गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंदों के लिए प्रसाद्म अभियान, वस्त्रम, पर्यावरण, जल, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसानों हितार्थ, रोजगार के क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किए जा रहे हैं।

# आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया, ग्यारह किलो का लड्डू चढ़ाया

**टोंक,** (निसं)। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नया मंदिर माणक चौक पुरानी टोंक में दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस सोमवार को मनाया गया।

समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि आदिनाथ मंदिर में प्रातः क्षीर सागर से जल लाकर भगवान आदिनाथ एवं शांतिनाथ का अभिषेक एवं 141 नामों के उच्चारण के साथ रिद्धि मंत्रों के बीच वृहद शांति धारा की गई तपश्चात नित्य नियम पूजा, आदिनाथ भगवान की पूजा चंद्रप्रभु भगवान की पूजा, णमोकार पूजा, नव देवता पूजा ,24 तीर्थंकर की पूजा की गई निर्वाण कांड का वाचन करते हुए जयकारों के बीच भगवान आदिनाथ को सामूहिक रूप से अनिल अशोक पारस नरेश दिनेश मनोज आदि ने 11 किलो का लड्डू चढाया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी भगवान को लड्डू, श्रीफल,चावल



मोक्ष कल्याणक के अवसर पर आदिनाथ मंदिर पुरानी टोंक में श्रद्धालुओं ने 11 किलो का लड्डू चढ़ाया।

,बादाम ,लोंग सहित अष्ट द्रव्य चढाए गए श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाए एवं विनतीयां गाई इस अवसर पर संजू मधु सीमा अनीता इंदिरा बिना सुनीता रिंकू आशा पायल मंजू सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित थे।

महिला मंडल की मधु लुहाडिया ने बताया कि सायंकाल मंदिर में णमोकार महामंत्र के जाप का आयोजन एवं भक्तामर स्तोत्र का पाठ व भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भगवान की भक्ति में झूमते हुए श्रद्धालुओं ने नृत्य किए एवं भजनों का आनंद लिया 48 रिद्धि मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन कर स्वस्तिक की रचना की गई आदिनाथ भगवान से संबंधित प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें भगवान आदिनाथ से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

मोक्ष कल्याणक दिवस के उपलक्ष में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौधरीयान में भी भक्ति भाव के साथ निर्वाण लड्डू चढाए गए शहर के सभी जिनालयों में आज के दिन विशेष पूजा अर्चना की गई।

- 48 रिद्धि मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन कर स्वस्तिक की रचना की गई

# चिकित्सा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

**शुद्ध के लिए युद्ध अभियान: 31 मार्च तक चलेगा**

**टोंक,** (निसं)। मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत 1 जनवरी से 31 मार्च 2022 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर अभियान प्रारंभ किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 के प्रावधानों के अनुसार मिलावटी खाद्य पदार्थ आपूर्तिकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी है।

सीएमएचओ डॉ. यादव ने बताया कि 24 जनवरी को मैसर्स आसन दास गेही मल आदर्श नगर टोंक से आचार निंबू खट्टा व ड्राईड ग्लुकोस प्लस-सी का सैंपल लिया गया। 25 जनवरी को मेसर्स विष्णु ट्रेडर्स रामकृष्ण मंदिर के सामने नोशे मियां का पुल टोंक से नमकीन का सैंपल, मैसर्स आर. के. सेल्स एजेंसी काफला बाजार टोंक से चाय का सैंपल लिया गया। 27 जनवरी को मैसर्स महेश कुमार यतीश कुमार कटला बाजार टोडारायसिंह से सूजी का सैंपल, मैसर्स मनोज कुमार एंड कंपनी टोडारायसिंह से बूरा खुला का सैम्पल, कैनाई ट्रेडर्स कॉपरेटिव बैंक के सामने टोडरायसिंह से मैदा का सैंपल लिया गया। 28 जनवरी को मैसर्स श्री शांतिनाथ एंटरप्राइजेज नगर फोर्ट से प्रोपरायटरी फूड पापड का सैंपल, मैसर्स साहू किराना स्टोर नगर फोर्ट से हल्दी पाउडर का सैंपल लिया गया। 29 जनवरी को टी.के. एंटरप्राइजेज निवाई से संयुक्त बंधानी हींग का सैंपल, मैसर्स राजेश कुमार एंड कंपनी पुरानी सब्जी मंडी निवाई से सोन पपडी का सैंपल लिया गया। 31 जनवरी को मैसर्स मुरलीधर एंड संस निवाई से धनिया पाउडर व ड्राई फ्रुट पिस्ता का सैम्पल, मैसर्स श्याम एंड कंपनी निवाई से धनिया साबुत का सैंपल, मैसर्स सुमित किराना स्टोर छोटी बाजार निवाई से गुड का सैंपल लिया गया।



मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत दुकानों से सैम्पल लिये।



मुझे यह भी नहीं पता कि उनका किस तरह का भविष्य है। वह गति खो चुके है। शुरूआत में उनके पास सटीकता थी जहां वह गेंद को स्विंग करके विकेट ले रहे थे। लेकिन शायद उन्होंने उस सटीकता को खो दिया है। और यह समय है उनके लिये मूल बातों पर जाने और कड़ी मेहनत करने के लिये। - सुनील गावस्कर

भुवनेश्वर कुमार के बारे में।




**आज का खिलाड़ी** टिम ब्रेसनन



इंग्लैंड के अनुभवी एवं सीनियर ऑलराउंडर और 2010 टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे टिम ब्रेसनन ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनके काउंटी क्लब वारविकशायर क्रिकेट ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। ब्रेसनन ने क्लब को लिखे पत्र में कहा, यह एक अविश्वसनीय रूप से कठिन फैसला रहा, लेकिन शीतकालीन प्रशिक्षण में लौटने के बाद मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने अपने 21वें पेशेवर वर्ष की तैयारी के लिए पूरे ऑफ-सीजन में कड़ी मेहनत करना जारी रखा, लेकिन असल में मुझे लगता है कि मैं उन उच्च मानकों तक नहीं पहुंच पा रहा हूं।

क्या आप जानते हैं ?... मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबॉल के आयोजन के लिए रियो डी जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

# ग्रुप का लीडर बनने के लिए कप्तान होने की जरूरत नहीं : विराट कोहली

**हर चीज का एक कार्यकाल और समय अवधि होती है। आपको स्पष्ट रूप से इसके बारे में पता होना चाहिए। लोग कह सकते है कि इस शख्स ने क्या किया है, लेकिन आप जानते है कि जब आप आगे बढ़ने और कुछ ज्यादा हासिल करने के बारे में सोचते है**

मुंबई, 31 जनवरी। हाल ही में तीनों क्रिकेट प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी-20) से भारत की कप्तानी से हटे विराट कोहली ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए हुए कहा है कि ग्रुप का लीडर बनने के लिए किसी टीम का कप्तान होने की जरूरत नहीं है। अब जब वह भारत के कप्तान नहीं हैं तो वह टीम को एक बल्लेबाज के तौर पर अधिक योगदान दे सकते हैं।

विराट ने सोमवार को एक साक्षात्कार में एक खिलाड़ी टीम का लीडर न होने पर भी किस तरह अपना योगदान दे सकता है, के बारे में कहा, हर चीज का एक कार्यकाल और समय अवधि होती है। आपको स्पष्ट रूप से इसके बारे में पता होना चाहिए। लोग कह सकते हैं कि इस शख्स ने क्या किया है, लेकिन आप जानते हैं कि जब आप आगे बढ़ने और कुछ ज्यादा हासिल करने के बारे में सोचते हैं तो आपको लगता है कि आपने अपना काम किया है। एक बल्लेबाज के रूप में, हो सकता है कि आपके पास टीम में योगदान करने के लिए और चीजें हों। आप टीम को और अधिक जीत दिला सकें, इसलिए उस पर गर्व करें। आपको लीडर बनने के लिए कप्तान होने की जरूरत नहीं है। यह बहुत सरल सी बात है।



उल्लेखनीय है कि कोहली ने इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट बिरादरी को चौंका दिया था, जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में 1-2 से सीरीज हार के बाद टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया। इससे पहले उन्होंने टी-20 कप्तानी छोड़ी थी, जिसके बाद उन्हें वनडे कप्तानी से भी हटा दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि कोहली ने महेंद्र सिंह धोनी से तीनों प्रारूपों की कप्तानी संभाली थी। उन्होंने इस बारे में कहा, जब एमएस धोनी टीम में थे तो ऐसा नहीं था कि वह एक लीडर नहीं थे। वह अभी भी ऐसे व्यक्ति हैं, जिनसे हम लगातार सलाह ले रहे हैं, लेकिन उनके लिए यह स्वाभाविक प्रक्रिया थी और मेरे लिए इस जिम्मेदारी को संभालने और भारतीय क्रिकेट को उच्च स्तर तक ले जाने का स्वाभाविक समय था, जो मैं चाहता था और मुझे लगता है कि मैंने काफी लंबे समय तक अपने काम किया।

## पोंटिंग ने कोहली के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम की उपलब्धि की प्रशंसा की

दुबई, 31 जनवरी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल के बाद अब रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय टीम उनकी कप्तानी के वक्त ऑस्ट्रेलियाई टीम की तुलना में कहीं अधिक अच्छी थी। पोंटिंग ने सोमवार को आईसीसी के साथ बातचीत में कहा, अगर आप विराट के नेतृत्व में भारतीय टीम की उपलब्धियों की बात करें तो इस टीम ने घर पर काफी मैच जीते, हालांकि टीम विदेश में उतने मैच नहीं जीत पाई। जो चीज सबसे अच्छी रही, वह पिछले कुछ समय में विदेशी जमीन पर मिली शानदार जीत थीं और इस पर विराट और भारतीय क्रिकेट को गर्व होना चाहिए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, दूसरी बात यह है कि जब विराट ने टेस्ट की कमान संभाली तो बीसीसीआई ने टेस्ट क्रिकेट पर काफी ध्यान दिया मैं समझता हूं कि इससे काफी अच्छे निष्कर्ष निकले। टेस्ट क्रिकेट पर फोकस रखने से टीम ने घर पर और घर के बाहर काफी मैच जीते।

# युकी भांबरी टाटा ओपन के दूसरे दौर में

पुणे, 31 जनवरी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ियों में शुमार युकी भांबरी ने सोमवार को पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम में जारी 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र के पुरुष एकल मुकाबलों के शुरुआती दौर में स्लोवाकिया के जोज़ेफ़ कोवालिक पर सनसनीखेज जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली।

दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 में सीधे मुख्य ड्रॉ में शुरुआत करने वाले इस 29 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 6-7 (10), 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा यह टूर्नामेंट छह फरवरी तक खेला जाएगा।

चोट के कारण दो साल के ब्रेक के बाद हाल ही में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने वाले पूर्व जूनियर विश्व नंबर-1 ने कड़े मुकाबले के बाद पहला सेट हारने के बाद 2-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की और अच्छी लय में दिखे। उन्होंने सेट को आसानी से हासिल करने और स्कोर बराबर करने से पहले मोमेंटम को खत्म नहीं होने दिया।

दिल्ली में जन्मे इस खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-3 की बराबरी हासिल करने के लिए एक ब्रेक पॉइंट को परिवर्तित किया और फिर मैच में खुद को बनाए रखने के लिए एक और सेट पॉइंट जोड़ा। हालांकि 29 वर्षीय स्लोवाक खिलाड़ी ने मैच में वापसी करने के लिए अपनी पूरी कोशिश झोंक दी, लेकिन भांबरी ने अपना उत्साह बनाए रखा और निर्णायक जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। इससे पहले, फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस ने विश्व के 82वें नंबर के लिथुआनियाई खिलाड़ी रिकार्डस बेरानकिस पर 6-1, 6-2 से शानदार जीत दिलाई। विश्व के 141वें नंबर के फ्रांस के हेलिस अपने से उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ काफी आत्मविश्वास से भरे दिख रहे थे। राउंड आफ 32 मैच में, पूर्व विश्व नंबर-39 मोल्दोवा के राडू अल्बोट को दूसरे सेट में इटली के फेडेरिको गियो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह अंत में 6-2, 7-6 (7-3) के साथ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस बीच, लाइक सैविल और जॉन-पैट्रिक स्मिथ की शीर्ष वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी उम्मीदों पर खरी उतरी और स्टेफानो ट्रैवाग्लिया और बर्नबे ज़ापाटा मिरालेस को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया।

## श्रीलंकाई तेज गेंदबाज नुवान तुषारा कोरोना संक्रमित

कोलंबो, 31 जनवरी। श्रीलंका के अनकैप्ड तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अगले हफ्ते से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। 27 वर्षीय नुवान 11 से 20 फरवरी के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली 20 सदस्यीय श्रीलंकाई टीम का हिस्सा थे।


**राजस्थान विश्वविद्यालय**
**कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता**


**ई-निविदा सूचना संख्या- 29/(2021-22)**

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाइन निविदा उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, जो राजस्थान सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, केन्द्र सरकार के लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूरसंचार विभाग, रेलवे एवम् अन्य राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो से, ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में कुल कार्यों की संख्या **02 है** जिनकी कुल अनुमानित लागत **12.97 लाख** है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in**, एवम् **http://sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है जिसका यू.बी.एन. नम्बर **URAWSOB00135 & 136, URA2122A0036** है।

**विश्वविद्यालय अभियन्ता**


# ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीत मेरे करियर की सबसे बड़ी वापसी : नडाल

मेलबोर्न, 31 जनवरी। दुनिया के नंबर पांच टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने रविवार को यहां दूसरी वरीयता प्राप्त रूस के डेनिल मेदवेदेव को हरा कर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष एकल का खिताब जीतने के बाद कहा कि यह मैच उनके करियर की सबसे बड़ी वापसी थी।



नडाल ने कहा, अगर आप हर संभव प्रयास करें और अपना सब कुछ दांव पर लगा दें तो आपकी जीत की संभावना ज्यादा होती है। मैं कह सकता हूं कि यह मेरे टेनिस करियर की सबसे बड़ी वापसी है। बेशक अंत में जीत ही इतिहास के पन्नों में दर्ज होती है, लेकिन जिस तरह से आप मैच जीतते हैं, खासतौर पर व्यक्तिगत भावनाओं के लिहाज से, वह अलग है। जिस तरह से मैंने आज रात इस ट्रॉफी को हासिल किया वह अविस्मरणीय था। निसंदेह यह मेरे टेनिस करियर के सबसे भावनात्मक मैचों में से एक था। यह जीत मेरे लिए बहुत मायने रखती है।

उल्लेखनीय है कि नडाल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष एकल के फाइनल में जबरदस्त वापसी करते हुए खिताब जीता था। वह पहले दो सेटों में रूसी प्रतिद्वंद्वी मेदवेदेव से 2-6, 6-7(5) से पिछड़ गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 7-5 से जीत कर 21वां ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल खिताब जीतने वाले दुनिया के इकलौते टेनिस खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में फ्रेंच ओपन खिताब जीत कर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

नडाल ने 21वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर कहा, मेरे करियर के इस क्षण में एक और ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करना शानदार है। बेशक मुझे पता है कि 21 एक विशेष संख्या है। मुझे पता है कि इसके क्या मायने हैं, लेकिन मेरी लिए आज का दिन अविस्मरणीय है। मैं अपने टेनिस करियर में एक और खास चीज हासिल करके भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। स्पैनिश खिलाड़ी ने प्रतिद्वंद्वी मेदवेदेव की प्रशंसा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि डेनियल एक महान चैंपियन हैं। उन्होंने हार को परिपक्व तरीके से स्वीकार किया और मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं, क्योंकि यह उनके लिए बहुत कठिन दिन है। मुझे पता है कि उस स्थिति में होना कितना कठिन है।

## नडाल पांचवें स्थान पर बरकरार

रिकॉर्ड 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले स्पेन के राफेल नडाल सोमवार को जारी ताजा एटीपी रैंकिंग में अपने पांचवें स्थान पर बरकरार हैं। नडाल ने रविवार को मेलबोर्न में रूस के दानिल मेदवेदेव को पांच सेटों के संघर्ष में पराजित कर रिकॉर्ड 21वीं बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इसके साथ ही वह सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं, जिनके 20-20 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। जोकोविच वीजा समस्या के कारण इस बार मेलबोर्न से बाहर रहे थे, लेकिन वह 11,015 अंकों के साथ नंबर एक स्थान पर कायम हैं। मेदवेदेव 10,125 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेब 7,780 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले यूनान के स्टेफानोस सितसिपास 7,170 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं। नडाल के खाते में 6,875 अंक हैं।

## फेडरर, जोकोविच ने नडाल को दी बधाई

रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ने राफेल नडाल को रिकॉर्ड 21 वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए बधाई दी। 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले दिग्गज तिकड़ी फेडरर, जोकोविच और नडाल ने 20-20 खिताब जीते थे। फेडरर के घुटने की कई सर्जरी के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने और ऑस्ट्रेलिया से जोकोविच के कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं होने के कारण निर्वासन के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसके साथ ही नडाल को 21 मेजर सिंगल खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का अवसर मिल गया। ऑस्ट्रेलियन ओपन का फ़ाइनल स्पैनियार्ड के लिए आसान नहीं था। नडाल ने दूसरे सेट से वापसी की जो उन्होंने अपने करियर में 15 साल में किसी ग्रैंड स्लैम में पहले कभी नहीं किया था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपली,**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-SPL1 दिनांक-24.01.2022

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2021-22 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी. एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगल फेस बोरिंग कंजर बस्ती, पीपली | 2.2.2022 11 AM तक | 1.00 बजे तक | 2.2.2022 3.00बजे | 1.50 लाख | 3000 | 200/- |
| 2 | सिंगल फेस बोरिंग बनेसिंह के घर के पास पीपली। | | | | 1.50 लाख | 3000 | 200/- |
| 3 | सिंगल फेस बोरिंग बाबूलाल के घर के पास, कालूका | | | | 1.50 लाख | 3000 | 200/- |
| 4 | सिंगल फेस बोरिंग हरिजन बस्ती, कालूका। | | | | 1.50 लाख | 3000 | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 200/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

मुकेश यादव, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पीपली, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)
NIB-ZAL2122A0840
UBN-ZAL2122GSLB01770
सरपंच, ग्राम पंचायत पीपली, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)


# मैत्री क्लब को हरा अरावली एकेडमी सेमीफाइनल

जयपुर 31 जनवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 24 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये नॉक आउट दौर के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में अशोक सिंह 33 रन पर 4 विकेट की घातक गेंदबाजी तथा कार्तिक शर्मा 51 रन की महत्वपूर्ण अर्द्धशतकीय पारी की बदोलत अरावली क्रिकेट एकेडमी ने मैत्री क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराकर सेमी फाईलन में प्रवेश किया।



टॉस जीतकर अरावली ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया और उनके पहले 4 विकेट 40 रन बनते-बनते ही खो दिये जिसमें अशोक सिंह ने अकेले ने ही 4 विकेट लेकर मैत्री की पारी को संकट में ड़ाल दिया लेकिन ओपनर जयंत तांबी 54 रन, मनीष शर्मा 27 रन, पूनम पूनीया 18 रन, निशांत शर्मा 11 रन के साथ मिलकर स्कोर 33.2 ऑवर में ऑल आउट होने से पूर्व स्कोर 145 रन पहुचा दिया। अरावली की ओर से अशोक सिंह 33 रन पर 4 विकेट विशाल हर्ष 19 रन पर 2 विकेट कन्हैया स्वामी 34 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें।

जवाबी पारी में अरावली ने भी अपने 4 विकेट 64 रन पर गवा दिये लेकिन मध्य क्रम में अजय गिगना 40 रन विकेट किपर बल्लेबाल कार्तिक शर्मा 51 रन नाबाद, दिनेश 30 रन नाबाद ने 5 वें विकेट पर 85 रनों की नाबाद साझेदारी निभा कर अपनी टीम का स्कोर 28.1 ऑवर में 4 विकेट पर 149 रन पहुच कर अपनी टीम को 5 विकेट से जीत दिलाकर सेमीफाईल में पहुचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अशोक सिंह अरावली एकेडमी तथा जयंत तांबी मैत्री क्रिकेट क्लब रहे। **संक्षिप्त स्कोर :** मैत्री क्रिकेट क्लब 145 रन आल आउट 33.2 ओवर में, अरावली क्रिकेट एकेडमी 149 रन 4 विकेट खोकर 28.1 ओवर में।

## मणिका-सत्यन अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

लुसाने, 31 जनवरी। भारत की मिश्रित टेबल टेनिस जोड़ी मणिका बत्रा और जी सत्यन ने सोमवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल कर ली है। भारतीय जोड़ी मौजूदा रैंकिंग में 11वें स्थान पर है। एकल वर्ग में सत्यन पांच स्थान की छलांग के साथ 33वें नंबर पर पहुंच गए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रूंध,**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्रा.प./36 दिनांक-27/1/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सूचना सं. 2020-21**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई कार्य सम्पूर्ण ग्राम पंचायत रूंध | 4.2.2022 10बजे | 4.2.2022 12बजे | 4.2.2022 2.00 PM तक | 1.0 | 2000 | |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत रूंध, पं.स. मुण्डावर (अलवर)
NIB-ZAL2122A0839
UBN-ZAL2122GSLB01766
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रूंध, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रसगन**
**पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्रा.पं./35 दिनांक-27.2.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2020-21**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई कार्य सम्पूर्ण ग्राम पंचायत रसगन | 3.2.2022 10.00 बजे से | 3.2.2022 12 बजे तक | 3.2.2022 2.00 बजे PM | 100000 | 2000 | |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच, ग्राम पंचायत रसगन, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) राज.
NIB N. ZAL2122A0835
UBN N. ZAL2122GSLR01765
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रसगन, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) राज.

**कार्यालय ग्राम पंचायत माजरी खोला, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-ग्रा.पं.मा.खो./2021-22/20 **निविदा सूचना** दिनांक-18.01.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कार्यालय हेतु फर्नीचर क्रय, सजावट व चेंबर निर्माण कार्य | 10.2.2022 12बजे तक | 10.2.2022 2बजे तक | 10.2.2022 3.0 बजे तक | 0.98 लाख | 1960/- | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 500/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत माजरी खोला, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) राज.
NIB-ZAL2122A0831
UBN-ZAL2122GSLB0755
सरपंच, ग्राम पंचायत माजरी खोला, पं.सं. मुण्डावर (अलवर) राज.


# जयपुर में इस सीजन फिर होगा 16 गोल का पोलो टूर्नामेंट




जयपुर, 31 जनवरी। इस वर्ष भी जयपुर पोलो सीजन कोविड-19 महामारी और जयपुर में जनवरी माह में अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण एक माह देरी से शुरू हो रहा है। राजस्थान पोलो क्लब में 1 फरवरी से शुरू होने जा रहा सीजन 27 फरवरी तक आयोजित होगा।। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस सीजन का मुख्य आकर्षण एक बार फिर से 16 गोल का ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह जयपुर ओपन टूर्नामेंट होगा। यह टूर्नामेंट 21 से 27 फरवरी तक होगा। यह टूर्नामेंट केरिसिल द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। यह हाई-हैंडीकैप मैच पिछले वर्ष भी जयपुर ओपन चैंपियनशिप के तहत खेला गया था। 14-गोल का सिरमौर कप टूर्नामेंट 14 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

महाराजा पद्मनाभ सिंह ने आगे बताया कि पिछले सीजन में मैच की सफलता और भारी उत्साह को देखते हुए, जयपुर पोलो सीजन में इस वर्ष पुन: लेडीज पोलो मैच आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं को हॉर्स पोलो के खेल में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका आयोजन 26 फरवरी को प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन लेडीज पोलो के नाम से किया जाएगा।

राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (8 गोल) 1 फरवरी से 6 फरवरी तक खेला जाएगा। सीजन का दूसरा टूर्नामेंट महाराजा सवाई मान सिंह गोल्ड वास (10 गोल) का आयोजन 7 फरवरी से 13 फरवरी तक होगा। इसी तरह 14 फरवरी से 27 फरवरी तक आरपीसी कप (6 गोल) का आयोजन किया जाएगा। युवा प्रतिभाओं और नए पोलो खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए 28 फरवरी से 6 मार्च तक आउट ऑफ द हैट टूर्नामेंट भी होगा। खेले जाने वाले अन्य एग्जीबिशन मैच में एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर इंटरनेशनल शील्ड 19 फरवरी को होगा। महाराज पृथ्वी सिंह बारिया कप 12 फरवरी को, रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप 5 फरवरी को होगा।

इस अवसर पर राजस्थान पोलो क्लब के ऑनररी सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह और महाराज नरेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। पद्मनाभ ने कहा कि "जैसा कि आपको ज्ञात है, जयपुर तेजी से देश में एक अठाणी पोलो डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। राजस्थान पोलो क्लब ने दिसंबर में भी 3 टूर्नामेंट्स आयोजित किए थे, जिन्हें शहर के पोलो प्रेमियों ने खूब सराहा था।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24139329 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. हेमेन्द्र कुमार राणा 2. गायत्री देवी 3. प्रेरणा राणा | 22.01.2022 | 28,62,450.08/- | सम्पत्ति ग्राउन्ड फ्लोर दुकान क्षेत्रफल 155.56 वर्ग फिट, मकान नं. 983, राना हाउस, गोपाल जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर (राजस्थान) का पूरा व प्रत्येक भाग तथा सीमायें है- पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-मकान का हिस्सा, उत्तर-गोपाल जी का रास्ता, दक्षिण-मकान का हिस्सा |
| 2 | 34029370 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. कविता देवी 2. विनोद राणा | 22.01.2022 | 4,15,302.14/- | फ्लैट नं. एम-1/जीएफ/01, क्षेत्रफल 34.60 वर्ग मीटर, स्कीम बीएसयूपी, ग्राम जयसिंहपुरा वास, भांखरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग |
| 3 | 16310157 | गृह ऋण | 1. लक्ष्मण कुमार शर्मा 2. गोपाल देवी | 20.01.2022 | 8,03,672.35/- | यूनिट नं. जी-2, ग्राउन्ड फ्लोर, सुपर बिल्ट अप एरिया 621 वर्गफिट, कुल क्षेत्रफल 921 वर्गफिट, एम.आर. रेजीडेन्सी, प्लाट नं. सी-104, रॉयल सिटी, ब्लॉक-सी, ग्राम माचवा, कलवाड रोड़, तहसील एवं जिला जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. सी-93, पश्चिम-रोड 40 फिट चौड़ी, उत्तर-प्लाट नं. सी-105, दक्षिण-प्लाट नं. सी-103 |
| 4 | 24725739 और 35388934 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. नवरतन शर्मा 2. मंजू देवी 3. श्री श्याम रेस्टोरेन्ट एण्ड ज्यूस सेन्टर प्रो. नवरतन शर्मा | 22.01.2022 | 21,33,278.04/- | दुकान नं. 04, चौकड़ी तोपखाना की उत्तरी लाइन पर स्थित, गलता रोड़, सूरजपोल बाजार, जयपुर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार से पश्चिम की ओर, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 14.64 वर्गगज, और सीमायें है- पूर्व-दुकान नं. 05, पश्चिम-दुकान नं. 03, उत्तर-राजकीय माध्यमिक विद्यालय, दक्षिण-फुटपाथ |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 01.02.2022
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



*राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को उत्तराखण्ड में घर-घर जाकर चुनावी प्रचार किया। प्रचार के दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुये महंगाई के मुद्दे पर केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की और कहा कि, कांग्रेस ने तय किया है कि यदि हमारी सरकार बनी तो रसोई गैस के दाम 500 रु. से ऊपर नहीं होने दिए जाएंगे।*

# 'बजट सत्र के प्रथम भाग में पैगसस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं होगी'

## सरकार और विपक्ष के बीच सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी

नई दिल्ली, 31 जनवरी। केंद्र की मोदी सरकार संसद में पैगसस मुद्दे पर चर्चा कराने को फिलहाल तैयार नहीं है। सोमवार को सभी पार्टियों के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने ये जानकारी दी।

इसी के साथ एक बात स्पष्ट हो गई है कि मानसून सत्र की तरह ही संसद का बजट सत्र भी हंगामेदार हो सकता है। बता दें कि बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने के साथ हो गई। सत्र 8 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिसके बीच में एक महीने का ब्रेक भी होगा।

संसद के बजट सत्र में विपक्ष द्वारा पैगसस स्पाइवेयर का मुद्दा उठाए जाने के संबंध में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को कहा कि इस मुद्दे पर अलग से चर्चा की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि यह मामला

**■ सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, बजट सत्र के पहले भाग में केवल बजट चर्चा और राष्ट्रपति का अभिभाषण कराने की ही परम्परा है।**

विचाराधीन है। उन्होंने कहा, "हमने विपक्ष से कहा है कि बजट सत्र के पहले भाग के दौरान हम केवल बजट और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कर सकते हैं। इसलिए, एक अलग चर्चा करना संभव नहीं होगा। मामला अदालत के अधिकार क्षेत्र में है।"

सोमवार को ऑल-पार्टी मीट के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, "कई पार्टियों ने पैगसस का मुद्दा उठाया है।

हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति मामले की जांच कर रही है। इसलिए (बजट सत्र के पहले भाग में) बजट से संबंधित मुद्दों को ही उठाया जाना चाहिए।" प्रहलाद जोशी ने कहा कि आज की सर्वदलीय बैठक में 25 दलों ने भाग लिया। उन्होंने कहा, "सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बजट सत्र के पहले भाग में केवल राष्ट्रपति का अभिभाषण और बजट पेश किया जाता है।"

### 'मैंने गांधी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किसी अंश के, किसी भी तरह से ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म या अन्य किसी ऑनलाइन सोशल मीडिया पर प्रदर्शन को निषिद्ध घोषित करने की माँग की गई थी। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी तथा जे.के. महेश्वरी की बैंच ने कहा कि, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि इस फिल्म में किसी नागरिक के मौलिक अधिकार का हनन हुआ है।

बैंच ने याचिकाकर्ता को यह छूट दी कि, वे अपनी शिकायत एवं परिवेदन को लेकर उच्च न्यायालय जा सकते हैं क्योंकि लगता है कि उनको इस बात को लेकर भारी चिंता है।

बहल ने प्रतिवादी को ये निर्देश दिये जाने की भी माँग की थी कि, फिल्म की पूरी विषयवस्तु सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से हटा दी जाये। बहल ने कहा कि, फिल्म के निर्माता राष्ट्रपिता पर निशाना साध रहे हैं तथा महात्मा गांधी को बदनाम कर रहे हैं। वे सर्वोच्च न्यायालय उस समय गये, जब फिल्म निर्माताओं ने 22 जनवरी को इस फिल्म का ट्रेलर सभी लोगों के देखने के लिये जारी कर दिया था।

उन्होंने यह भी माँग की थी कि, फिल्म सैंसर बोर्ड या ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्मों पर रिलीज़ हो रही फिल्मों तथा मीडिया को नियंत्रित करने के लिये खास तौर से बने प्राधिकरण को भी इस संबंध में समुचित निर्देश दिये जायें। याचिका के अनुसार, यह फिल्म कल्याणी सिंह ने राइट्स मीडिया इन्टरनैशनल के बैनर तले बनाई है। यह नाथूराम गोडसे द्वारा की गई महात्मा गांधी की हत्या तथा उससे संबंधित अदालती कार्यवाही पर आधारित है।

याचिका में जोर देकर कहा गया है कि, यह फिल्म महात्मा गांधी की छवि को खराब करने तथा साथ ही नाथूराम गोडसे को महिमामंडित करने के उद्देश्य से बनाई गई है।

### कांग्रेस....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अभियान को व्यक्तित्व आधारित पहल के रूप में देखा जा रहा है, वो भी ऐसे समय में जबकि पार्टी इन्फ्रास्ट्रक्चर कमजोर है तथा इसे परम्परागत रूप से मिलने वाला जातीय समर्थन बहुत पहले ही छिन्न-भिन्न हो चुका है। यह भी संभावित है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले, पार्टी को बिहार में भी "शून्य" से शुरूआत करने की चुनौती का सामना करना पड़े।

### बघेल को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

होकर भाजपा के पीछे खड़ा हो गया था, जिससे भाजपा को बहुत लाभ हुआ तथा उसकी विधायक संख्या 47 से उछलकर 327 तक पहुँच गई थी। लेकिन इस बार भाजपा के खिलाफ बहुत नाखुशी एवं आक्रोश है। भाजपा चुनाव को हिन्दू बनाम मुस्लिम तक सीमित नहीं कर पाई है। जातियाँ इस चुनाव का महत्वपूर्ण कारक बनी हुई हैं, जो भाजपा के लिये अच्छी खबर नहीं है। बेरोजगारी, कोविड-कुप्रबन्धन, पेट्रोल-डीजल तथा आवश्यक वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि, ब्राह्मण-बनियों की नाराजगी, पिछड़े लोगों द्वारा पार्टी छोड़ना और इन सबसे ऊपर, केन्द्रीय नेतृत्व से आरएसएस की अप्रन्नता- ये सब कारण मिलकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिये भारी संकट खड़ा कर सकते हैं।

# मंत्री मजीठिया की गिरफ्तारी पर 23 फरवरी तक रोक

नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में आरोपी पंजाब के पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को अंतरिम राहत देते हुए 23 फरवरी तक याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर सोमवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की

**■ मजीठिया ने कोर्ट में एफिडेविट पेश कर कहा है कि वे, चुनाव होते ही खुद अपनी पेशी कोर्ट के समक्ष दे देंगे।**

अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने मजीठिया की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें 24 फरवरी को निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण और नियमित जमानत के लिए गुहार का मौका दिया।

पंजाब सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील पी. चिदंबरम ने दलीलें पेश करते हुए कहा मादक पदार्थों की तस्करी के इस धंधे के तार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं। इस मामले में भारी मात्रा में रुपयों के लेन-देन हुए हैं, जिसमें मजीठिया ने बिचौलिए का काम किया। आरोपी इस मामले की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए उसकी हिरासत में पूछताछ की आवश्यक है। चिदंबरम ने पीठ से कहा कि इतना ही नहीं, यह मामला पंजाब में नशे की गिरफ्त में आ रहे युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है, लिहाजा आरोपी मजीठिया की अंतरिम जमानत स्वीकार नहीं की जाए। पीठ ने उनके (पंजाब सरकार) इस अनुरोध को अस्वीकार करते हुए चिदंबरम से कहा कि वह राज्य सरकार को बताएं कि वह कोई ऐसी कार्रवाई न करें जिससे किसी प्रकार से चुनाव पूर्व विरोधियों पर प्रतिशोध कार्रवाई लगे। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोप है कि तस्करी से जुड़े होने के आरोप राजनीति से प्रेरित है।

# देहरादून में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क किया पायलट ने

## उनके साथ देहरादून में पर्यवेक्षक इंद्राज गुर्जर सहित कई स्थानीय नेता मौजूद थे

देहरादून, 31 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को देहरादून के चुनावी दौरे पर कहा कि साथियों उत्तराखण्ड में चुनाव प्रचार गति पकड़ रहा है। हम सभी कांग्रेस जन उत्तराखण्ड वासियों के बीच जाकर सिर्फ इतना कह सकते हैं कि मुद्दों को उजागर करना हमारा दायित्व है। जो मुद्दे उत्तराखण्ड के लोगों को छूते हैं, उनको रेखांकित कर सच्चाई बयां करना हमारा काम है। जनता निर्णय करेगी 14 तारीख को और मुझे पूरा भरोसा है सत्ता परिवर्तन का मन उत्तराखण्ड की जनता बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल से उत्तराखण्ड के अंदर एक ऐसी सरकार थी, इसका प्रभाव केंद्र में भी था उत्तराखण्ड में भी। सरकार बनाने के बाद भाजपा के नेतृत्व ने लगातार उत्तराखण्ड में बदलाव किया तो जनता के मन में सवाल उठता है कि आपने दो दो मुख्यमंत्री बदले तीसरे को मौका

**■ पायलट ने कहा, चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने तीन बार मु.मंत्री बदले। सरकार स्थिर नहीं रही, बल्कि जोड़-तोड़ व खींचतान में ही समय निकाला।**

दिया। हर बार जो मुख्यमंत्री बदले, उसके क्या कारण थे। नाकामिया थी, करप्शन था, गर्वनेंस था, क्या मुद्दों को लेकर आपने एक के बाद एक मुख्यमंत्री बदले।

यानी ना तो सरकार स्थिर रही और जोड़-तोड़ और खींचतान में समय निकला। जबकि जनता को मतलब अपने विकास और प्रगति से है। इन 5 सालों में जैसे कि कई मुख्यमंत्री बोलते हैं भाजपा के डबल इंजन की सरकार सरकार है देहरादून और दिल्ली में।

इसी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि कांग्रेस सरकार बनेगी तो गैस के सिलेंडर के दाम 500 से ज्यादा नहीं होने देंगे। बहुत बड़ी घोषणा है। आप कल्पना कीजिए जो गैस का सिलेंडर आज 1000,1100 रुपए का मिल रहा , वह क्यों मिल रहा है।

केंद्र में जब भाजपा की सरकार है हमें याद है जब मनमोहन सिंह जी की सरकार थी तो विपक्ष के भाजपा के नेता जब पैट्रोल डिजल के दाम में 25 पैसे बढ़ते थे, तो यह लोग हाहाकार मचाते थे। आज पैट्रोल- डीजल देसी घी से महंगा हो गया। 105-110 पहुंच गया। अब थोड़ी बहुत कटौती की है, जब चुनाव आए हैं। सवाल ये उठता है पैट्रोल-डीजल रसोई गैस सब्जी हर चीज महंगी होने के बावजूद राहत देने का काम सरकार ने नहीं किया।

इससे पहले सचिन पायलट ने देहरादून जाकर पलटन बाजार में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में डोर टू डोर जनसंपर्क किया और कांग्रेस को जीत दिलाने की अपील की। उनके साथ में देहरादून में पर्यवेक्षक राजस्थान के कांग्रेस विधायक इंद्राज गुर्जर सहित स्थानीय कांग्रेस नेता भी थे।

# ऊषा शर्मा बनीं राज्य की दूसरी महिला मुख्य सचिव

## जून 2023 में पूरा होगा कार्यकाल

जयपुर, 31 जनवरी (का.प्र.)। प्रदेश की नई प्रसाशनिक मुखिया 1985 बैच की आई.ए.एस. ऊषा शर्मा होंगी। मुख्य सचिव पद से निरंजन आर्य के रिटायर होने के बाद कार्मिक विभाग ने आदेश जारी करते हुए ऊषा शर्मा को प्रदेश के नए मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ ही ऊषा शर्मा को राजस्थान खान एवं खनिज निगम लिमिटेड उदयपुर के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। ऊषा शर्मा प्रदेश की दूसरी ऐसी महिला

**■ मुख्य सचिव पद से रिटायर होते ही निरंजन आर्य बने मुख्यमंत्री के सलाहकार।**

आई.ए.एस. हैं जो मुख्य सचिव बनी है। इससे पहले 2009 में कुशल सिंह राजस्थान की पहली महिला मुख्य सचिव बनी थी। इसी के साथ कार्मिक विभाग ने एक अन्य आदेश जारी करते हुए मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए निरंजन आर्य को मुख्यमंत्री सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। कार्मिक विभाग ने एक साथ दो आदेश जारी करते हुए पहलेप्रदेश के नए मुख्य सचिव के लिए वरिष्ठ आईएएस ऊषा शर्मा के नाम का आदेश जारी किया, वहीं दूसरे आदेश में सेवानिवृत्त हुए मुख्य सचिव निरंजन आर्य का है, जिसमें उन्हें सेवानिवृत्ति के साथ ही मुख्यमंत्री सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है।



*ऊषा शर्मा राजस्थान की दूसरी ऐसी महिला आई.ए.एस. हैं जो मुख्य सचिव बनी हैं। मुख्य सचिव ऊषा शर्मा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी की करीबी रिश्तेदार हैं, वे लम्बे समय से केन्द्र में प्रतिनियुक्ति पर थीं।*

नवनियुक्त मुख्य सचिव ऊषा शर्मा के पति बीएन शर्मा भी आईएएस अधिकारी हैं और उन्हें रिटायर होने के बाद राज्य विनियामक आयोग में सदस्य बनाया गया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी ऊषा शर्मा के बहुत करीबी रिश्तेदार हैं। ऊषा शर्मा लंबे समय से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर थी,जिन्हें राज्य सरकार के आग्रह पर रविवार को ही केंद्र सरकार ने उनके मूल कैडर में भेजने के रिलीव ऑर्डर जारी किए थे। केंद्र से रिलीव होने से पहले 1985 बैच की आईएएस ऊषा शर्मा केंद्र में युवा मामलात मंत्रालय में सचिव पद पर कार्यरत थी। इससे पहले वे आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में महानिदेशक, केंद्रीय एआरडी में अतिरिक्त सचिव और पर्यटन मंत्रालय में अतिरिक्त महानिदेशक पर्यटन पद पर रह चुकी हैं। पिछली गहलोत सरकार में उषा पर्यटन विभाग में प्रमुख सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा वे यूडीएच सचिव, नागरिक उड्डयन सचिव, पर्यटन सचिव, उद्योग सचिव, जेडीसी और बूंदी और अजमेर कलेक्टर के रूप में राजस्थान सरकार में अपनी भूमिका निभा चुकी हैं। इनका सेवा कार्यकाल जून 2023 में पूरा होगा। मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए आईएएस निरंजन आर्य को मुख्यमंत्री सलाहकार नियुक्त किया गया है। आर्य ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन करूंगा। किस विभाग का जिम्मा मुख्यमंत्री देंगे वो उनका अधिकार है, जो भी जिम्मा देंगे उसे पूरा करेंगे। आर्य ने कहा कि, सलाहकार बनने के बाद विभागवार जिम्मेदारी दी जाती है तो उसके अनुसार योजना क्रियान्विति करेंगे। सीएम के मैंडेट पर गुड गवर्नेस को आगे बढाएंगे।

### 'एयर इण्डिया को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में है। भारत की प्रतिक्रिया की एक अन्य विशिष्ट खासियत यह है कि यह प्रतिक्रिया माँग-प्रबन्धन पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, आपूर्ति-पक्ष के सुधारों पर ज्यादा जोर देती है।

# स्मृति ईरानी ने छुये मुलायम सिंह के पैर

नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच संसद से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तस्वीर सुर्खियां बटोर रही है। बजट सत्र के दौरान सोमवार को मुलायम सिंह यादव संसद की सीढ़ियां उतर रहे थे, तभी वहां केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आ गईं। सिंह को देखते ही वह उनकी ओर हाथ जोड़कर बढ़ीं और झुककर उन्हें प्रणाम किया। मुलायम ने भी उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद ईरानी खड़े होकर मुलायम के सीढ़ी उतरने का इंतजार करती नजर आईं।

### 'हम जहां ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

-लाखों रोजगार खत्म हो गये।

-84 प्रतिशत परिवारों की आय बहुत कम हो गई है।

-4.6 करोड़ लोग गरीबी की स्थिति में पहुँच गये हैं।

-वैश्विक भूख सूचकांक (ग्लोबल हंगर इन्डैक्स) में भारत 116 देशों में 104 वें स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि, उनकी समझ के अनुसार, "यह समय पश्चाताप तथा (सोच एवं तरीके के) बदलाव के लिये है, डींग हाँकने तथा अपरिवर्तित रहने का नहीं।"

# यूनियन बैंक को चौमूं महल टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड से 157.83 करोड़ रूपये वसूलने के आदेश

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 31 जनवरी। यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया (यू.बी.आई.) को "डेट रिकवरी ट्राइब्यूलन" (डी.आर.टी.) ने "चौमूं महला टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड" और उसके संबंधित

**■ डैट रिकवरी ट्रिब्युनल (डी.आर.टी.) ने यह आदेश देते हुए व्यवस्था भी दी कि, 157.83 करोड़ की बकाया राशि वसूलने के बाद अन्य बैंक, जिनको कम्पनी से बकाया राशि लेनी है, अपना-अपना धन बराबर हिस्सों में वसूल सकते हैं।**

व्यवसाय में 157.83 करोड़ रूपये वसूलने के आदेश दिये हैं। जयपुर स्थित डी.आर.टी. ने यू.बी.आई. बैंक के मैनेजर द्वारा दायर आवेदन पत्र पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये।

इस मामले में आई.एल. एण्ड एफ.एस. ट्रस्ट कम्पनी लिमिटेड, पंजाब नैशनल बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को भी "चौमूं महला टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड" से लोन का बकाया नहीं दिये जाने की एवज में बड़ी राशि वसूलनी है। केवल स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को ही इस कम्पनी से 105 करोड़ रूपये वसूलने हैं। डी.आर.टी. के आदेश अनुसार "यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया" द्वारा 157.85 करोड़ की राशि वसूलने के बाद सभी अन्य बैंक भी अपना धन बराबर हिस्सों में वसूल सकते हैं।

आदेश में बताया गया गया है कि यूनियन बैंक ने इस कम्पनी को बैंक की किश्त व ब्याज नहीं चुकाये जाने की स्थिति में 28 फरवरी 2018 में "नोन परफोरमिग एसिट" (एन.पी.ए.) घोषित कर दिया था। बैंक ने कई बार इस कम्पनी और इसके मालिकों को ब्याज चुकाने के लिए बोला था, परन्तु 30 अप्रैल 2021 तक कुल बकाया की रकम 157 करोड़ से भी अधिक हो गई थी। डी.आर.टी. ने आदेश दिया है कि इस कम्पनी की "गारंटी" देने वाले दो व्यवसायियों से भी बैंक के कर्ज की राशि वसूली जायेगी। इस मामले में यू.बी.आई. की तरफ से अधिवक्ता शशांक कासलीवाल पेश हुए थे।

### आम सभाओं पर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

से 20 कर दी है। सुरक्षा से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी इनमें नहीं गिने जायेंगे। जहाँ तक हॉल में होने वाली मीटिंगों का प्रश्न है, अब इस तरह की इनडोर मीटिंगों में वर्तमान सीमा 300 को बढ़ाकर 500 या हॉल की क्षमता का 50 प्रतिशत या एस.डी.एम.ए. द्वारा निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग के अनुसार रोड शो, पद-यात्रा, जुलूस, साईकिल/ बाइक/ वाहन रैलियाँ 11 फरवरी तक आयोजित की जा सकेंगी। आयोग ने कहा कि 8 जनवरी को व्यापक गाइडलाइन के अन्तर्गत लगाये गये शेष प्रतिबंध यथावत् जारी रहेंगे।

### भण्डारी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा उच्च न्यायालयों में जज के रुप में नियुक्त किये जाने की सिफारिश की है। कोलिजियम ने न्यायमूर्ति भण्डारी के सम्बंध में अपना निर्णय 14 दिसम्बर को ही ले लिया था जिसे 29 जनवरी दोहराया गया है।

# भाजपा और अन्नाद्रमुक का गठबंधन बिखर गया

चेन्नई 31 जनवरी (वार्ता)। भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से नाता तोड़ लिया और राज्य में 19 फरवरी को होने वाले शहरी स्थनीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया।

तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आगामी शहरी निकाय चुनाव अकेले लड़ने की बात कहते हुए कहा कि अन्नाद्रमुक के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन जारी रहेगा और अन्नाद्रमुक केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सहयोगी रहेगी।

# इकोनॉमिक सर्वे इस बार रहस्यमय उलझन है ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वित्त में 8.2 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है। कृषि और उसके सहयोगी सैक्टर्स वैश्विक महामारी से सबसे कम प्रभावित रहे हैं और इनमें पिछले वर्ष रही 3.6 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 में 3.9 प्रतिशत की तेजी आना अनुमानित है, तथापि यह सैक्टर टैक्स फ्री है। लेकिन, वर्ष 2021-22 में सरकार की राजस्व प्राप्तियों में भारी इज़ाफे की वापसी हुई है।

वर्ष 2021-22 के बजट अनुमानों में केन्द्र सरकार की राजस्व प्राप्तियों में 9.6 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि मानी गई थी, लेकिन वर्ष 2021 के अप्रैल-नवम्बर माह के दौरान ही इनमें 67.2 प्रतिशत का इजाफा हो गया।

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का कलैक्शन भी उत्साहजनक रहा है और जुलाई 2021 से ही जी.एस.टी. का सकल मासिक कलैक्शन 1 लाख करोड़ के पार होता रहा है।

अत: इस प्रश्न का उत्तर जरूरी है कि, राजस्व की रिकवरी कैसे हुई। सर्विस सैक्टर में रिकवरी के लक्षण प्रकट हुए बिना ही जी.एस.टी. कलैक्शन में इजाफा हो रहा है। इसी तरह से उद्योग एवं निर्माण सैक्टर के महामारी पूर्व के स्तर तक भी ना आने के बावजूद, सरकार की राजस्व प्राप्तियां बढ़ रही हैं।

लेकिन सर्वे के समग्र स्वरूप एवं मूड को देखते हुए, कल आने वाला आम बजट आगामी चुनावों के मद्देनज़र कोई सुखद आश्चर्य और सौगात दे सकता है।

सर्वे अगले वर्ष, यानि की 2022-23 के लिए 8.5 प्रतिशत की वास्तविक आर्थिक वृद्धि की भविष्यवाणी करता है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान भारत की जी.डी.पी. में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होना अनुमानित था, तथापि यह स्मरणीय है कि, यह प्रदर्शन जी.डी.पी. में गत वर्ष रहे संकुचन के बाद का है। अत: यह कुछ हद तक एक "बेस इफैक्ट" है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि के आशावाद का कारण वैक्सिनेशन की व्यापक कवरेज, सप्लाई साइड के सुधारों, नियमनों की सुगमता व निर्यातों की जबर्दस्त वृद्धि से मिले लाभ और परिसम्पत्तियों की खरीद में तेजी लाने के लिए सरकार की वित्तीय नीतियों का लचीलापन है।

सरकार के पास इस सहयोग को बनाए रखने और परिसम्पत्तियों पर किए जाने वाले व्यय को जरूरत पड़ने पर बढ़ाने के लिए वित्तीय क्षमता है। राजस्व में फिर से आयी मजबूत तेजी अतिरिक्त सहयोग प्रदान करने के लिए सरकार को आर्थिक साधन भी उपलब्ध करवाती है।

प्रमुख आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल इसको लेकर आश्वस्त थे कि, वैश्विक महामारी से उपजे आर्थिक संकट और इसके प्रति सरकार की बेहद महत्वपूर्ण और चुस्त प्रतिक्रिया से ही भारतीय अर्थव्यवस्था में आश्चर्यजनक रिकवरी हो सकीं।

सान्याल ने रेखांकित किया कि, वर्ममान संकटों के प्रति घिसी पिटी प्रतिक्रिया देने के बजाए सरकार ने वो उपाय किए जो इस प्रचंड महामारी से उत्पन्न विशेष समस्याओं का मुकाबला करने के लिए थे।

लेकिन, एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि, ऐसे किन्हीं विशेष उपायों की बनिस्पत भारतीय अर्थव्यवस्था की अन्तर्निहित गतिशीलता और इसके अहम खिलाड़ियों ने उसे संकट से उबारा है।

भारत के स्टार्ट अप्स की शानदार आर्थिक वृद्धि के उदाहरण का हवाला दिया जा सकता है, जबकि अधिकांश देश इस मामले में निस्तेज बने हुए हैं।

अमेरिका और चीन के अलावा भारत में सर्वाधिक संख्या में नए स्टार्ट अप हैं और इनके कारोबार में वृद्धि हुई है।

भारत में स्टार्ट अप्स की संख्या पिछले छह वर्षों में प्रमुख रूप से बढ़ी है। वर्ष 2021-22 में नव मान्य स्टार्ट अप्स की संख्या में 14 हजार से अधिक का इजाफा हुआ, जबकि वर्ष 2016-17 में सिर्फ 733 स्टार्ट अप्स ही थे। अमेरिका और चीन के बाद, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप ईकोसिस्टम बन गया है। इसके अलावा वर्ष 2021 में 44 स्टार्टअप्स ने रिकॉर्ड संख्या में यूनिकॉर्न दर्जा हासिल किया, जिसके बाद भारत के यूनिकॉर्न की संख्या 83 हो गई है। इनमें से अधिकांश स्टार्ट अप्स सर्विस सैक्टर के हैं।

भारतीय उद्यमिता का यह मूल ज़ज्बा है, जो कि एक वृहद अर्थव्यवस्था में अपना काम कर रहा है।

कल पेश होने वाले आम बजट का मूल कर्त्तव्य और उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के मनोभाव को समाप्त करना नहीं, बल्कि एक माहौल निर्मित करने में ऐसी सहायता प्रदान करना होना चाहिए, जो अर्थव्यवस्था की अन्तर्निहित गतिशीलता में और मजबूती ला सके।

# यूक्रेन ने रूस से अपनी सेना वापस बुलाने का आग्रह किया

मॉस्को, 31 जनवरी (वार्ता)। यूक्रेन ने रूस से अनुरोध किया है कि यदि वह युद्ध की स्थिति को बढ़ावा नहीं देने के लिए 'गंभीर' है, तो वह अपनी सीमाओं से अपने सैनिकों को वापस बुलाये और पश्चिमी देशों के साथ अपनी बातचीत जारी रखे।

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने रविवार को कहा, यदि रूसी अधिकारी वास्तव में चाहते हैं कि एक नया युद्ध नहीं हो, तो रूस को राजनयिक संबंध जारी रखना चाहिए और यूक्रेन की सीमाओं और यूक्रेन के अस्थायी कब्जे वाले क्षेत्रों से सैन्य बलों को वापस बुला लेना चाहिए। कूटनीति ही मसले को हल करने का एकमात्र जिम्मेदार तरीका है। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रूस कहता रहा है कि उसका यूक्रेन पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908